हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 24.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 239 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### पीएम ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लोहिया को एक दूरदर्शी नेता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक के रूप में याद किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, डॉ. राम मनोहर लोहिया जी को उनकी जयंती पर नमन। वे एक दूरदर्शी दूनेता, प्रखर स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे। उन्होंने वंचितों को सशक्त बनाने और एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

### भारतीय मूल की महिला ने की अमेरिका में बेटे की हत्या

**कैलीफोर्निया :** भारतीय मूल की महिला ने बेटे के खून से ही अपने हाथों को रंग लिया।मां ने अमेरिका में बेटे की गला काटकर हत्या कर दी। महिला का पति से तलाक हो गया था। कैलीफोर्निया में आरेंज काउंटी के जिला अटार्नी आफिस की ओर से बताया गया कि यदि महिला बेटे की हत्या में दोषी पाई जाती है तो उसे अधिकतम 26 साल की सजा हो सकती है। कैलीफोर्निया में रहने वाली भारतीय मूल की महिला सरिता रामराजू (48) का उसके पति प्रकाश राजू से वर्ष 2018 में तलाक हो गया। कानूनी लड़ाई के दौरान 11 साल के बेटे का संरक्षण पिता को सौंप दिया गया, लेकिन मां सरिता को बेटे से मिलने की अनुमति थी। बीते दिनों सरिता बेटे के लेकर डिजनीलैंड गई। एनबीसी लास एंजिलिस चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक सरिता ने 19 मार्च को बेटे की गला काटकर हत्या कर दी। साथ ही खुद भी नींद की गोली खालीं। घटना का पता चला तो पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को अस्पताल में दाखिल कराया। स्वस्थ होने पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरेंज काउंटी के जिला अटार्नी टाड स्पिटजर ने कहा कि किसी बच्चे के लिए सबसे सुरक्षित जगह मां-पिता की गोद होती है। लेकिन महिला ने उसे गले लगाने के बजाय गला काट कर हत्या कर दी।

### अमेरिका ने तालिबान लड़ाके हक्कानी के सिर से वापस लिया 86 करोड़ का इनाम

**वाशिंगटन :** अमेरिका ने अफगान तालिबान को लेकर एक सकारात्मक कदम उठाया है। तालिबान के प्रमुख लड़ाकों में शुमार सिराजुद्दीन हक्कानी के सिर पर घोषित भारी भरकम दस मिलियन डालर के इनाम के आदेश को वापस ले लिया है। यह इनाम भारत की करेंसी में करीब 86 करोड़ है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने जानकारी दी कि उनके देश के जार्ज ग्लीजमैन को ढाई साल से अफगानिस्तान में गलत तरीके से गिरफ्तार करके रखा गया था। अब उन्हें रिहा कर दिया गया है। गौरतलब है कि 65 साल के ग्लीजमैन को ढाई साल पहले उस समय तालिबान ने गिरफ्तार कर लिया था, जब वह अफगानिस्तान यात्रा पर गए थे। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के विशेष दूत एडम बोहलर और कतर के अधिकारियों की बातचीत के बाद ग्लीजमैन को रिहा किया गया।

# अभियान तेज होने से नक्सली हताश : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रविवार को रांची के धुर्वा स्थित सेक्टर-2 में 133वीं सीआरपीएफ बटालियन के कैंप पहुंचे। उन्होंने पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में आईईडी विस्फोट में घायल होने के बाद शहीद हुए सीआरपीएफ एसआई सुनील कुमार मंडल के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि शहीद सुनील कुमार मंडल का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान हमेशा स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने शहीद के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान को और अधिक मजबूती देने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता, सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर के आईजी साकेत कुमार सिंह, आईजी अभियान एवी होमकर, आईजी प्रभात कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की और पुष्पचक्र अर्पित किया। मौके पर आईजी अभियान ने कहा कि अभियान के दौरान घात लगाकर आईईडी विस्फोट किया गया था। इसमें 193 सीआरपीएफ के दो जवान घायल हुए थे। दोनों को हेलीकॉप्टर से चाईबासा से रांची लाया गया। राज अस्पताल में इलाज के क्रम में एसआई सुनील कुमार मंडल शहीद हो गए। घायल हेड कांस्टेबल पार्थ प्रतिम डे आउट ऑफ डेंजर है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आखिरी निर्णायक लड़ाई चल रही है। सभी जवानों का मनोबल एकदम ऊंचा है। आने वाले दिनों में डीजीपी के नेतृत्व में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में हम लोग सफल होंगे और इस क्षेत्र में ही नहीं पूरे झारखंड को नक्सल मुक्त बनाने में सफल होंगे। श्रद्धांजलि देने के बाद एसआई के पार्थिव शरीर को पैतृक गांव पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 22 मार्च को छोटानागरा थाना के वनग्राम मरांगपोगा के आस-पास जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के एसआई और हेड कांस्टेबल घायल हो गए थे। इलाज के क्रम में एसआई शहीद हो गए थे।



आईईडी विस्फोट में शहीद सीआरपीएफ के एसआई सुनील कुमार मंडल के पार्थिव शरीर को सलामी देते राज्यपाल व मुख्यमंत्री

## छत्तीसगढ़ में 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



एजेंसी

**बीजापुर/रायपुर :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में रविवार 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव ने बताया कि ये सभी नक्सली फायरिंग, आईईडी ब्लास्ट और आगजनी जैसे अन्य अपराधों में शामिल रहे हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली तेलंगाना स्टेट कमेटी, प्लाटून नंबर 9 और 10, गंगालूर एरिया कमेटी के हिरमागुंडा आरपीसी ,पामेड़ एरिया कमेटी और कोंडापल्ली से जुड़े हुए थे। इनमें दो महिला नक्सली भी शामिल हैं। इनमें से 6 नक्सलियों पर कुल 11 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन नक्सलियों ने सीआरपीएफ के डीआईजी देवेंद्र सिंह नेगी, बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूलेण्डन यार्क, डीएसपी शरद जायसवाल और उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू सहित अन्य अधिकारियों के समक्ष आज आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को 25-25 हजार रुपये की नगद राशि प्रदान की गई है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में वर्ष 2025 में अब तक कुल 107 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है जबकि 143 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा 82 माओवादियों को सुरक्षाबलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया गया है।

## जामताड़ा में जल्द बनेगा मेडिकल कॉलेज : इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**जामताड़ा :** जामताड़ा शहर के मातृ आश्रम में दुर्गा मंदिर के समीप रविवार को जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान मंत्री ने घोषणा की कि राज्य के पांच जिलों में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाएगा, जिनमें से एक जामताड़ा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी और इसके लिए आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। इस अवसर पर मंत्री ने सहिया कार्यकताओं के लिए भी एक नई सौगात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही राज्य की सभी सहियाओं को टैबलेट दिए जाएंगे, जिससे उनके कार्यों में सुविधा होगी। मंत्री ने यह भी कहा कि कुछ सहिया कार्यकर्ता पैसे के लालच में गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल के बजाय निजी अस्पतालों में भर्ती करवा देती हैं, जहाँ वही सुविधा महंगे दरों पर मिलती है। उन्होंने लोगों से सरकारी अस्पतालों की सुविधाओं का सही उपयोग करने की अपील की। विपक्ष पर हमला बोलते हुए मंत्री ने कहा कि झारखंड में बाहरी बीजेपी नेता बड़े-बड़े महल बनाकर रह रहे हैं, जबकि यहां के आदिवासी अभी भी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि ऐसी स्थितियों को बदलने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।



## बारात से लौट रही स्कार्पियो डिवाइडर से टकराई, चार की दर्दनाक मौत

एजेंसी

**पटना :** बिहार में बेगूसराय में बड़ा रविवार की सुबह दुखद हादसा हो गया। बारात से लौटते समय स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार दो भाइयों समेत चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती कराया है। हादसा बेगूसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत खतोपुर चौक के पास नेशनल हाई-वे-31 पर हुआ। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान मनोज कुमार सिन्हा के 19 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार और उसके भाई अभिषेक कुमार, रुदल पासवान के 19 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार और जगदीश पंडित का 18 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी चंदन महतो के पुत्र अभिषेक कुमार की शादी की बारात साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के न्यू जाफर नगर गई थी। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाइडर को तोड़ते हुए वह हाई-वे पर पलटी गई। इससे गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।



## आदिवासी परंपरा और संस्कृति को गांव की महिलाओं ने बचा रखा है : शिल्पी नेहा तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**खूंटी :** झारखंड सरकार में कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति एवं परम्परा 65 हजार साल पुरानी है। आज जिस संस्कृति और परम्परा को बचाने की बात करते है। इसको आज गांव की दीदियों ने बचाकर रखा है। मंत्री रविवार को आदिवासी महिला मंच के तत्वावधान में महिला विकास केंद्र तोरपा में आयोजित वार्षिक महिला उत्सव का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रही थी। इसके पूर्व बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत के साथ समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की ने कहा कि शहरों में यह परम्परा देखने को नहीं मिलती। हमारे पुरखों के पास जो ज्ञान था, उस पर आज के लोग शोध कर है। हमारे पुरखों को लिखना-पढ़ना नहीं आता था। इसलिए उनके ज्ञान का डॉक्यूमेंटेशन नहीं हो पाया है। हमारा समाज गरीब नहीं, हमेशा से संतुष्ट समाज रहा है। हमारे आसपास जो चीजे है उसी से अपनी जरूरत पूरा कर लेते है। उन्होंने कहा कि महिला और दीदियों का बहुत बड़ा योगदान समाज के विकास में है। हम महिलाओं को यह संकल्प लेना चाहिये कि एक दूसरे को नीचा नहीं दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संगठित कर एफपीओ बनाकर काम करें। अच्छा एफपीओ को 15 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन में रुचि रखने वाली दीदियों कि सूची दें, उन्हें योजना का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में मोती उत्पादन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## विकसित भारत के लिए मजबूत कूटनीति और व्यापारिक साझेदारी जरूरी : एस. जयशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को बिजनेस टुडे वुकानॉमिक्स 2025 में डिप्लोमेसी इन द एज ऑफ डिसरप्शन विषय पर संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कैसे भारत की विदेश नीति आर्थिक विकास, व्यापार और राष्ट्रीय हितों को मजबूत कर रही है। जयशंकर ने कहा कि मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत की कूटनीति एक अहम भूमिका निभा रही है। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जो एक साथ रूस-यूक्रेन, इजराइल-ईरान, लोकतांत्रिक पश्चिम और ग्लोबल साउथ, BRICS और QUAD के साथ संवाद कर सकता है। उन्होंने बताया कि भारत ने 40 से अधिक समूहों में भाग लिया है या उन्हें शुरू किया है, जो नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, आपदा प्रबंधन और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। विदेश मंत्री ने भारत की ऊर्जा कूटनीति पर जोर देते हुए कहा कि यूक्रेन संघर्ष के बाद भारत ने अपने ऊर्जा विकल्पों की रक्षा की। उन्होंने कहा, हर देश ने अपने हितों के अनुसार फैसले लिए, और भारत ने भी वही किया। जयशंकर ने यह भी बताया कि भारत अब नवीकरणीय ऊर्जा और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों को बढ़ावा दे रहा है, ताकि भविष्य में ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत विश्वसनीय सप्लाई चेन बनाने पर ध्यान दे रहा है। गल्फ क्षेत्र में भारत को आवश्यक वस्तुओं का भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता माना जाता है। उन्होंने बताया कि भारत ने हाल ही में लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और भूमध्य सागर में व्यापार सम्मेलनों का आयोजन किया, ताकि भारतीय व्यवसायों को नए बाजारों में अवसर मिल सके। जयशंकर ने एआई युग में डेटा सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, डेटा नए तेल की तरह है और डेटा सेंटर नए रिफाइनरी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की व्यापक तकनीकी क्षमताएं उसे वैश्विक स्तर पर प्रमुख स्थान दिला रही हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारतीय दूतावास अब व्यापारिक हितों को आगे बढ़ाने में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे स्थानीय सरकारों के साथ संपर्क कर भारतीय प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर अवसर दिला रहे हैं। जयशंकर ने बताया कि भारत की क्टएउ कॉरिडोर, INSTC और त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना जैसी पहल व्यापार और परिवहन को आसान बनाएंगी।




## रांची में 30 नवंबर को होगा भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका मुकाबला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले की मेजबानी करने के लिए तैयार है। 30 नवंबर को खरउअ इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एकदिवसीय (वनडे) मुकाबला खेला जाएगा। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक शानदार मौका होगा, जब वे अपने चहेते खिलाड़ियों को एक्शन में देख सकेंगे। जेएससीए स्टेडियम पहले भी कई बड़े मुकाबलों की मेजबानी कर चुका है और इस बार भी दर्शकों को रोमांचक मैच की उम्मीद है। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही मजबूत टीमें हैं, ऐसे में यह मुकाबला काफी दिलचस्प होने की संभावना है। प्रशंसक बेसब्री से टिकटों की बिक्री शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। खबर से जुड़ी अन्य जानकारी जैसे टिकट बुकिंग, लाइव टेलीकास्ट और टीम स्क्वॉड की जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी।



## एक नजर

### शहीद दिवस पर बड़कागांव में 18 युवकों ने किया रक्तदान

**बड़कागांव :** भगत सिंह ,राजगुरु ,सुखदेव के शहीद दिवस के मौके पर बड़कागांव अस्पताल के प्रांगण में हेल्पिंग हैंड ग्रुप ऑफ यूनिटी के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल हजारीबाग का भी योगदान रहा। इसका नेतृत्व शशि कुमार कुशवाहा ने किया। इस कार्यक्रम में 18 युवकों ने रक्तदान किया। जिसमें से रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष विदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, शशि कुमार कुशवाहा, मुकेश कुमार ठाकुर, सूरज कुमार, चेतलाल कुमार ,शिवनाथ प्रसाद दांगी ,गोपाल कुमार, ओम प्रकाश कुमार, विकास कुमार, दिनेश कुमार, प्रवीण कुमार, विवेक कुमार, संदीप कुमार, चंदन कुमार, अरविंद कुमार, अक्षय कुमार ने रक्त दान किया। रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी ने कहा कि रक्तदान, महादान है। रक्तदान करने से ब्लड साफ होता है। और शरीर भी स्वस्थ रहता है।

### उरीमारी में श्रमिक नेता दिलीप यादव की नौवीं पुण्यतिथि मनायी गयी


**उरीमारी :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका-सयाल क्षेत्रीय कार्यालय उरीमारी में रविवार को स्व. दिलीप यादव की नौवीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू यादव ने की। सर्वप्रथम पुजारी अनिल पांडेय के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और हवन किया गया।पूजा में स्व. दिलीप यादव के पुत्र विशाल यादव, गोपाल यादव, राजू यादव, आयुष यादव, अनिरुद्ध यादव शामिल हुए।इसके उपरांत कार्यक्रम में शामिल अतिथियों द्वारा स्वर्गीय दिलीप यादव की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।मौके पर अतिथियों ने कहा कि स्वर्गीय दिलीप यादव मिलनसार व्यक्ति थे और मजदूरों के हित में कार्य करते थे। वे मजदूरों के दिलों में हमेशा बसे रहेंगे।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह, संजीव बेदिया, सी पी संतन, विंध्याचल बेदिया, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, बिरसा परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार संतोष यादव, गजानंद प्रसाद, ब्रजकिशोर पासवान, उरीमारी ओपी प्रभारी रत्थू उरांव, अशोक शर्मा, जानकी ठाकुर, सत्येंद्र यादव, चरका करमाली, लालो महतो, डॉ जी आर भगत, दसई मांझी, सीताराम किस्कू, कंचन मांझी, देवेंद्र कुमार, अर्जुन सिंह, गणेश राम, संजय शर्मा, संजय वर्मा, दशरथ कुर्मी, सत्येंद्र सिंह, जयंत तुरी, दिलीप कुमार, ओम प्रकाश सिंह, महादेव बेसरा, कानू मरांडी, राजेंद्र प्रसाद आदी शामिल हुए।

### बिपिन कुमार उत्कृष्ट शिक्षा सलाहकार के लिए हुए सम्मानित

**बड़कागांव :** राजधानी रांची में स्तिथ होटल चाणक्या बीएनआर में स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान राँची ने झारखंड एजुकेशन मीट कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के उत्कृट शिक्षा सलाहकारों को चयन उन्हें सम्मान प्रदान किया है। इस सम्मान समारोह में प्रखण्ड के सांढ़ निवासी शिक्षाविद युवा लेखक एवं स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के संस्थापक बिपिन कुमार को भी सम्मानित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष अभिषेक राज ने इन्हें प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते आयोजक के संस्थापक हुए अभिषेक राज ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निमार्ता होता है। देश का नागरिक तभी शिक्षित, संस्कारित और सशक्त हो सकता है जब उसकी बुनियाद समृद्ध और सुरक्षित होगी। समृद्ध एवं शिक्षित समाज के निर्माण में शिक्षा सलाहकारों की भूमिका अहम हो जाती है।

# हजारीबाग के बहुचर्चित महेश्वरी हत्याकांड पर प्रदीप प्रसाद ने सरकार से किया तीखा सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर से भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में 14 जुलाई 2018 की रात हुए महावीर प्रसाद महेश्वरी एवं उनके परिवार के छह सदस्यों की नृशंस हत्या के मामले को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा कि इस जघन्य अपराध में अब तक न्याय क्यों नहीं मिल पाया। 14 जुलाई 2018 की रात हजारीबाग शहर के बॉटम बाजार इलाके में महावीर प्रसाद महेश्वरी और उनके परिवार के छह सदस्यों की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मरने वालों में महावीर प्रसाद महेश्वरी के अलावा उनकी पत्नी, बेटा, बहू और पोते-पोतियों सहित कुल छह लोग शामिल थे। यह मामला शुरू में आत्महत्या का प्रतीत हुआ,लेकिन जांच आगे बढ़ने पर हत्या की संभावनाओं को भी नकारा नहीं गया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा में यह सवाल उठाया कि क्या यह सच है कि इस बहुचर्चित हत्याकांड की जांच अभी तक पूरी नहीं हो पाई है और दोषियों को अब तक सजा नहीं मिल पाई है। विधानसभा में सरकार की ओर से दिया गया उत्तर झारखंड सरकार की ओर से दिए गए उत्तर में बताया गया की पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी 15 जुलाई 2018 को हजारीबाग सदर थाना कांड संख्या 346/18 के तहत धारा 302/306/120(बी)/34 भादवि में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता शंकर महेश्वरी के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में हत्या एवं आत्महत्या दोनों कोण से छानबीन की गई। अनुसंधान की वर्तमान स्थिति में 8 सितंबर 2020 को इस केस को अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची को सौंप दिया गया। 24 अप्रैल 2023 को सी आई डी द्वारा की गई विस्तृत जांच के बाद मामले को सत्य अपराध उपशमित घोषित कर दिया गया। यानी, अब तक इस मामले में ठोस सबूत नहीं मिले, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि यह हत्या थी या आत्महत्या।

**विशेष जांच टीम का गठन**

उच्च न्यायालय, झारखंड, रांची द्वारा 28 अगस्त 2023 को निर्देश दिए गए कि इस मामले की गहराई से जांच की जाए पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), झारखंड, रांची ने 7 नवंबर 2023 को आदेश जारी कर एस आई टी के गठन का निर्देश दिया। इस एस आई टी का नेतृत्व दीपक कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक, गिरिडीह को सौंपा गया। इस टीम में पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह, पुलिस उपाधीक्षक, हजारीबाग सदर थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल किए गए। एस आई टी वर्तमान में मामले की पुनः जांच कर रही है। विधानसभा में प्रश्न पूछने के बाद विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद पीड़ित परिवार को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है, जो कानून व्यवस्था की विफलता को दशार्ता है। उन्होंने सरकार से निम्नलिखित मांगें की एस आई टी को जल्द से जल्द जांच पूरी कर दोषियों को पकड़ने के निर्देश दिए जाएं। अगर पुलिस की लापरवाही सामने आती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। इस मामले की वैज्ञानिक और फॉरेंसिक जांच कराकर असली कारणों का पता लगाया जाए।

**मामले की मौजूदा स्थिति**

एस आई टी की जांच अभी भी जारी है,झारखंड राज्य विधि-विज्ञान प्रयोगशाला, रांची से महत्वपूर्ण वैज्ञानिक रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

## रामनवमी पर डीजे बजाने की अनुमति की मांग : मुन्ना सिंह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने रामनवमी के अवसर पर डीजे बजाने की अनुमति देने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जिला प्रशासन से शनिवार देर शाम एक वीडियो संदेश जारी कर अपील की है कि इस धार्मिक पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने के लिए प्रशासन एक सकारात्मक निर्णय ले। मुन्ना सिंह जी ने कहा कि रामनवमी हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। इसे भव्य रूप से मनाने के लिए डीजे बजाने की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि भक्तजन पूरे उत्साह के साथ पर्व मना सकें। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि जनभावनाओं को समझते हुए धार्मिक स्वतंत्रता को सम्मान दिया जाए और डीजे बजाने पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाया जाए। उन्होंने जनता से इस मांग का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग इस मुद्दे को उठाएं और प्रशासन तक अपनी आवाज पहुँचाएं। इस बयान के बाद यह मुद्दा सामाजिक और राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन इस पर जल्द निर्णय लिए जाने की संभावना है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वां स्थापना दिवस समारोह 4 अप्रैल को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की हजारीबाग नगर कमिटी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन हजारीबाग में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश ने किया तथा मंच संचालन नगर सचिव निसार अहमद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 4 अप्रैल 2025 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वां स्थापना दिवस समारोह धूम धाम से मनाने पर चर्चा की गई। हजारीबाग के जिला स्कूल मैदान में आयोजित झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वाँ स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि झारखण्ड के मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन होंगे, गाण्डेय की लोकप्रिय विधायक कल्पना सोरेन , झारखण्ड सरकार के मंत्री सहित सभी सांसद विधायक सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। नगर कमिटी की बैठक में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वाँ स्थापना दिवस समारोह के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि हजारीबाग शहर के मुख्य मार्गों में शहीदों के नाम से तोरण द्वारा लगाए जायेंगे पुरे शहर को झण्डा और बैनर लगाकर भव्य रूप से सजाया जायेगा। हजारीबाग नगर के सभी वार्ड से झामुमो कार्यकर्त्ता बाजे गाजे के साथ हजारों की संख्या में शामिल होंगे। मुक्ति मोर्चा के 46वाँ स्थापना दिवस समारोह के लिए नगर कमिटी के द्वारा तैयारी समिति का गठन किया गया जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य दिलीप वर्मा के नेतृत्व में विकास राणा, अंजलि कुमारी, इफ्तेखार अहमद, अजय साव, मो सलीम, कमाल कुरैशी, तराना खातून, श्वेता दुबे, रीना देवी, राजीव वर्मा, खलील अंसारी, आनन्द सिंह, आफताब आलम, अजय कुमार, अविनाश कुमार पिंकू, राजेंद्र केसरी, दीपक राय, नईम राही, बाबू विक्रम वर्मा आदि शामिल हैं।

## रामनवमी को देखते हुए गूंगरू पहाड़ के सबसे उचे चोटी पर हनुमान का झंडा फहराया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बनता गांव के जाबाज युवाओं द्वारा रामनवमी को देखते हुए एक लक्ष्य रखा गए कि हमलोगों को हमारे सिल्ली प्रखंड के सबसे ऊंचे पहाड़ गूंगरू की चढ़ाई करनी है तो जय श्री राम के नारे लगाते हुए दोस्तों के साथ मिलकर लड़कों ने सबसे ऊंचे चोडी पर चढ़ाई कर श्रीराम हनुमान जी का झंडा फहराया और उन्होंने हिन्दू सनातनियों का जोश जागृत रहे हरेक वर्ष जय श्री राम झंडा फहराते रहेंगे। बताते चले कि मुरी सिल्ली में तीन दिनों से बारिश लगातार हो रही है इसके बावजूद भी लड़कों का हौसला काम नहीं हुआ और अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। इस मौके पर भीम प्रजापति, प्रकाश बड़ाइक, विकाश रजक, राजेश सोनार, रजत गुप्ता, राहुल सिंह मुंडा, सूरज सिंह मुंडा, पाकू सिंह मुंडा, सुनील कुमार प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, आदर्श सोनी, प्रिंस गुप्ता, नीरज महती, आदि शामिल थे।

### सामुदायिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**सिल्ली :** शहीद भगत सिंह मंच के सौजन्य से एवं सिंगपुर नर्सिंग होम तथा सदर अस्पताल रांची के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक अस्पताल सिल्ली में रविवार के दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर समेत थाना के कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। थाना प्रभारी ने रक्तदान के बाद कहा की रक्तदान एक महादान है साथ ही मुरी ओपी के जवानों ने भी रक्तदान किया।
कार्यक्रम के दौरान सिंगपुर नर्सिंग होम के संचालक डॉ रमनेश प्रसाद ने बताया कि रक्तदान एक सुरक्षित और सरल प्रक्रिया है। मानव जीवन को बचाने के लिए रक्तदान एक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। वहीं सामुदायिक अस्पताल सिल्ली की प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर प्रियंका सिन्हा ने कहा कि समाज में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान के बाद रक्तदाता के शरीर में नई कोशिकाओं का निर्माण होता है।

## नानेसेरा का लाल कश्मीर के लेह में हुआ शहीद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले के नानेसेरा गांव निवासी हवलदार किशोर बाड़ा लेह में सेना के वाहन हादसा में शहीद हो गए। जिनके पार्थिव शरीर को सेना के वाहन में उनके पैतृक गांव लाया गया। उनके पार्थिव शरीर को सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि कश्मीर के लेह में आर्मी 699 टाट्रा बटालियन में हवलदार के पद पर पदस्थापित सिमडेगा के लाल किशोर बाड़ा 20 मार्च को लेह में अपने बटालियन के साथ वाहन में कहीं जा रहे थे। इसी क्रम में बर्फ नुमा पहाड़ इनके वाहन में गिर गया। इस हादसे में जवान किशोर की मौत हो गई। शहीद हवलदार किशोर बाड़ा की अंतिम विदाई एवं श्रद्धांजलि के लिए सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, विधायक की धर्मपत्नी जोखिमा खाखा सहित सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो उनके पैतृक गांव पहुंचे। इस दौरान वहां पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की. सेना के जवानों ने अपने शस्त्रों के साथ उन्हें अंतिम सलामी दी। वहीं सेना जवानों द्वारा शहीद के धर्मपत्नी को तिरंगा दिया गया। तथा शहीद की अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अधिक संख्या में अनेक परिवारों जन व गांव लोगों शामिल हुए।

# रामनवमी से पूर्व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में शुरू किया सांसद पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की ऐतिहासिक और ख्यातिपूर्ण रामनवमी महोत्सव-2025 को लेकर हजारीबाग रामनवमी के पुराने स्वरूप को जीवंत करने और पारंपरिक कला- कौशल प्रदर्शन के साथ झांकियां का कारवां निकलें इस उद्देश्य को लेकर ₹सांसद पारंपरिक अस्त्र शस्त्र वितरण अभियान -2025₹ की शुरूआत शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोला, चितरपुर और रामगढ़ में विभिन्न दर्जनों अखाड़ा धारियों के बीच लाठी- तलवार भेंटकर किया। रविवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा, बरही और चौपारण प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा धारियों के बीच सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे और उन्हें पारंपरिक लाठी तलवार भेंटकर हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी की परंपरा को जीवंत रखने हुए लाठी तलवार का हैरतअंग्रेज करतब दिखाने का आग्रह किया ।

**पदमा प्रखंड के 29 अखाड़ा धारियों के बीच सांसद ने भेंट किया पारंपारिक लाठी- तलवार**

सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पदमा प्रखंड के पदमा स्थित सुबोध लाइन होटल परिसर में सांसद अस्त्र शस्त्र वितरण अभियान- 2025 के तहत पदमा प्रखंड के 8 पंचायतों के करीब 46 गांव के कुल 29 अखाड़ा धारियों को रामनवमी से पूर्व पारंपरिक कला-कौशल प्रदर्शन के लिए पारंपरिक लाठी और तलवार भेंट किया। प्रत्येक अखाड़ा को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से 21 लाठी और 02 तलवार भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। सांसद मनीष जायसवाल के इस पहल की पदमा प्रखंड के सभी अखाड़ा धारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने सराहा और उनके ऐसे कार्यों को समाज के एकजुटता के लिए प्रेरक बताया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल से लोटिया जलाशय के गहरीकरण और विस्तारीकरण कराने, पदमा रेलवे स्टेशन में इंटरसिटी ट्रेन की ठहराव कराने एवं इको सेंसेटिव जोन से संबंधित मामले पर संज्ञान लेने का सार्वजनिक रूप से आग्रह किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### आरवाईए ने मनाया सरदार भगत सिंह का 94 वहां शहादत दिवस



**सरिया (गिरिडीह):** भगत सिंह चौक सरिया में रविवार को शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की 94 वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बगोदर से पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह,आर वाई ए के सदस्य एवं भाकपा माले के कई नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव भारत देश की आजादी की लड़ाई लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। अंग्रेजों द्वारा आज ही के दिन 23 मार्च 1931 को उन्हें फांसी के फंदे पर लटका दिया गया था। शहीद-ए-आजम भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानी ने हम भारतीयों को अपने हक व अधिकार के लिए जीवन के अंतिम क्षण तक लड़ने के लिए सिखाया है। लेकिन मौजूदा देश में स्वतंत्र भारत होने के बाद भी आज देश के मजदूर, किसान,छात्र,नौजवान, बेरोजगार अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन केंद्र की सरकार को इन सभी से कोई मतलब नहीं है। आज केंद्र के कई सरकारी कार्यालय से सरदार भगत सिंह की तस्वीरें तक को हटा दिया गया है। जो शहीद भगत सिंह,राजगुरु एवं सुखदेव जैसे क्रांतिकारी की देश के प्रति समर्पण व समर्पण का तिरस्कार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिंह ने की। उन्होंने भी अपने संबोधन में कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

### पूर्व विधायक के आवास में मनाया गया शहीदों का बलिदान दिवस



**चौपारण :** देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के आवास परिसर में एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के देशभक्ति और बलिदान को याद करते हुए कहा कि आज के युवाओं को इनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने संबोधन में कहा की भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव केवल नाम नहीं, बल्कि विचारधारा हैं। इन वीर क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी को गले लगाया। आज हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। युवा पीढ़ी को इनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्रनिर्माण में आगे आना होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजन और बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों अमर रहें, इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने युवाओं से अपील की कि वे देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को व्यर्थ न जाने दें और राष्ट्रनिर्माण में अपनी जिम्मेदारी समझें।इस आयोजन को सफल बनाने में कांग्रेस कार्यकत्ताओं और समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा। मुख्य रूप से जीप सदस्य रविशंकर अकेला, रामफल सिंह, चैथी मुखिया गुलाबी यादव, बसरिया मंजू देवी, कृष्णामोहन सिंह,रेवाली पासवान,लालेश साहू, पप्पू यादव ,राजेश यादव, राजकुमार यादव,संजय यादव,अनिल मेहता,यदुनंदन यादव इत्यादि सहित अन्य हजारों में लोग उपस्थित हुए।

### शहीदे आजम भगत सिंह क्रांति के अद्भुत योद्धा थे : शैलेन्द्र यादव




**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव एंव राजगूरू की 95 वां शहादत दिवस उनके के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि क्रांतिकारियों के परिवार में जन्म पानेवाले वाले शहीदे आजम भगत सिंह के हृदय में बचपन से ही अंग्रेजों के अत्याचारों के प्रति घृणा थी। हिन्दुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ की स्थापना कर सशस्त्र विद्रोह द्वारा देश को स्वतंत्र करने की शपथ ली गई और फिर वह प्रसिद्ध असेम्बली बम काण्ड हुआ जिससे उन्होंने स्वंय गिरफ्तारी दी। क्रांति दल की गुंज घर-घर में उठी और परिणाम वही हुआ जिसकी अपेक्षा थी। भारत का यह वीर सपूत अल्प आयु में अपने दो अन्य साथियों सुखदेव एंव राजगुरू के साथ हंसते हुए फांसी के फंदे पर झूल कर सदा के लिए अमर हो गया। कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने किया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान प्रदेश सचिव ओबीसी रेणु कुमारी उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह महासचिव जावेद इकबाल, सदरूल होदा वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर प्रसाद मेहता, भैया असीम कुमार कार्यालय प्रभारी अनिल भुईया सचिव मनोज मेहता जवाहरलाल बाल मंच के अध्यक्ष रिंकू कुमार, मो. वसीम आदि उपस्थित थे ।

### राशन कार्ड में ई-केवाईसी अनिवार्य, 31 मार्च तक नहीं कराने पर कट जाएगा नाम



**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने बताया कि राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यों का ई-केवाईसी करना अनिवार्य है। अगर 31 मार्च तक ई-केवाईसी नहीं कराया जाता है, तो संबंधित सदस्यों का नाम राशन कार्ड से कट जाएगा। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी देश के किसी भी कोने में रहकर कराया जा सकता है। इसलिए, राशन कार्ड के सदस्यों का यह बहाना नहीं चलेगा कि वे जिले से बाहर हैं। चैनपुर प्रखंड में अब तक 55 प्रतिशत राशन कार्ड का ई-केवाईसी हुआ है। शेष बचे राशन कार्ड का ई-केवाईसी 31 मार्च तक करवा लेना है। इसके लिए 21 से 27 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान सभी राशन कार्ड धारकों को अपने राशन कार्ड और आधार कार्ड लेकर जन वितरण केंद्रों पर आना होगा। वहां पर उनका ई-केवाईसी किया जाएगा।

## एक नजर

### सरना स्थल के समीप रैंप निर्माण पर रक्षा राज्य मंत्री ने सीएम को लिखा पत्र

**रांची** : रांची के सिरम टोली के समीप फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है। इस फ्लाईओवर के समीप सरना स्थल के पास रैंप का निर्माण होना है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्र लिखकर रविवार को कहा है कि सरना स्थल, सरना समाज से जुड़े लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है। उक्त स्थल पर सिर्फ सरना समुदाय ही नहीं बल्कि हम सबकी भी आस्था है। सरना स्थल के समीप रैंप निर्माण का विरोध समाज के लोग लगातार कर रहे हैं। यह हम सबके लिए भी चिंतन का विषय है। निश्चित रूप से शहर का विकास होना चाहिए परंतु उसमें हम सब की धार्मिक आस्था और उनकी भावनाओं का भी ख्याल रखें तो समाज भी हमारे साथ खड़ा होगा। सरना समाज की आस्था को देखते हुए, मेरा सुझाव है कि अविलंब इस दिशा में संबंधित विभाग, सरना समाज के प्रबुद्ध जन और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इसका हल निकाला जाना चाहिए ताकि किसी समाज की आस्था भी आहत नहीं हो और विकास का कार्य भी समुचित रूप से हो सके।

### डीसी ने रांची की तीन आंगनबाड़ी सेविकाओं पर की कार्रवाई

**रांची** : रांची के धुर्वा में तीन आंगनबाड़ी सेविका मंईयां सम्मान योजना के वेरिफिकेशन के लिए पैसा ले रही थी। इस बात की जानकारी मिलने के बाद रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने तुरंत कार्रवाई की। लाभुकों ने इस संबंध में जन शिकायत कोषांग के व्हाट्सएप नंबर पर शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि पटेल फिल्ड बंधन कोच्चा, धुर्वा की अर्चना सिंह, गायत्री नगर धुर्वा की गीता कुमारी और कदम खटाल, धुर्वा की उषा कुमारी लाभुकों से अवैध राशि की मांग कर रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए सेविकाओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### दर्शन शास्त्र के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रस्तुत हुये 500 आलेख

**रांची** : अखिल भारतीय दर्शन परिषद का 69वां तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 22 से 24 मार्च को दर्शनशास्त्र विभाग, रांची विश्वविद्यालय की ओर से 50 वर्षों बाद आयोजित किया जा रहा है। इस अधिवेशन में पूरे देश के 19 राज्यों के 121 विश्वविद्यालयों से लगभग 200 दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर, लगभग 400 शोधार्थियों ने अपनी उपस्थिति पंजीकृत की है। शनिवार को अधिवेशन का उद्घाटन आर्यभट्ट सभागार में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य, अखिल भारतीय दर्शन परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर जटाशंकर, परिषद के महामंत्री प्रोफेसर जेएस दूबे, आयोजन के स्थानीय सचिव डॉ अजय कुमार सिंह, सहसचिव डॉ सविता मिश्रा ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर परिषद की ओर से दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक और संस्थाओं को प्रस्तुत किया गया। साथ ही दर्शनशास्त्र पर लिखे गए उत्कृष्ट ग्रंथ और उसके लेखकों को पुरस्कृत किया गया। व्याख्यानमाला में रविवार को शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत सात विभागों में लगभग 500 प्रतिभागियों ने आलेखों की प्रस्तुति की और 21 व्याख्यानमालाओं को प्रस्तुत किया गया। परिषद के अधिवेशन का समापन सोमवार को आर्यभट्ट सभागार में किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों में प्रस्तुत किए गए आलेखों में से सर्वश्रेष्ठ आलेखों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# रांची में मौसम का कहर : तेज आंधी-बारिश ने मचाई तबाही

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची सहित कई जिलों में रविवार को तड़के मौसम ने कहर बरपाया। भारी गर्जना के साथ तेज आंधी, और भारी बारिश ने पूर्वी सिंहभूम (चाईबासा), पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), सरायकेला, रांची, खूंटी, चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ सहित कई जिलों में तबाही मचाई है। रविवार को सुबह लगभग तीन बजे शुरू हुआ यह तूफानी मौसम का कहर सुबह करीब 5.45 बजे तक जारी रहा। इस कारण बिजली व्यवस्था ठप हो गई और कई इलाकों में पेड़ गिरने के साथ ही घरों को नुकसान होने की खबरें सामने आई हैं। भारी मशक्कत के बाद रांची शहरी क्षेत्र में सुबह 9 बजे बिजली व्यवस्था बहाल हुई। बिजली नहीं रहने से लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परेशान लोग बिजली विभाग के कार्यालयों में लगातार फोन कर रहे थे। तेज आंधी और बारिश के कारण राज्य के कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए। रांची शहर के ज्यादातर हिस्सों में बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। करीब साढ़े पांच घंटे बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी। आंधी और बारिश की वजह से कई जगहों पर तारों को नुकसान पहुंचा था। जानकारी के मुताबिक आंधी और बारिश के कारण कांके रोड, हरमू रोड, और रातू रोड में पेड़ गिरने की सूचना हैं। इससे आवागमन बाधित हो रहा है। अपर बाजार इलाके में एक पुराने पेड़ के गिरने से एक घर की छत पूरी तरह टूट गई, हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। थाना प्रभारी कोतवाली आदिकांत महतो ने बताया कि एक घर पर पेड़ गिरा है। लेकिन इसमें कोई भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### झारखंड के सभी जिलों में आज से मौसम होगा साफ, बढ़ेगा तापमान

**रांची** : राज्य के सभी जिलों में सोमवार से मौसम साफ होगा। इससे तापमान में फिर से वृद्धि होगी। वहीं पिछले तीन-चार दिनों से निम्न दबाव के कारण राज्य भर में हुई बारिश, ओलावृष्टि और तेज गति की हवा के कारण कई पेड़ धराशायी हो गए, जबकि ओलावृष्टि से कई लोगों के एस्बेस्टस के घर टूट गए, रबी फसल और सब्जियों को भारी नुकसान हुआ। रविवार को भी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही बादल छाये रहे और दोपहर में हल्की बारिश दर्ज की गई। हालांकि बीच-बीच में धूप भी निकला। रांची में अधिकतम तापमान 28.1, जमशेदपुर में 27.8, डालटेनगंज में बोकारो में 33.6 तथा चाइबासा में अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आरपीएफ ने शराब के साथ तीन आरोपी को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से शराब के साथ तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक दीपक कुमार ने रविवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर शराब तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रांची फ्लाइंग टीम और आरपीएफ हटिया ने 111 शराब की बोतलें शराब बरामद की गयी। इसकी कीमत लगभग 27 हजार 400 रुपये है। यह शराब, शशांत कुमार सिंह, हिमांशु राज और आदित्य रामानुजन के पास से बरामद की गई। आरोपितों ने बताया कि उन्होंने यह शराब हटिया से खरीदी थी और इसे बिहार ले जा रहे थे। पकड़े गए आरोपितों और जब्त शराब को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके। आरपीएफ टीम में साधना कुमारी, रंजन कुमार सिंह, केके पांडे, हेमंत, प्रदीप और डीके जितरवाल सहित अन्य शामिल थे।

## कांग्रेस ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस मनाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस मनाया। इस दौरान कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेताओं ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। देश की आजादी के संघर्ष में इन तीनों के बलिदान ने सुनहरा अध्याय स्थापित किया है। इनके बलिदान को याद करते हुए पूरा देश आज के दिन को भी शहीद दिवस के रूप में मनाता है। ताकि जुल्म अत्याचार के प्रति संघर्ष और देश प्रेम की भावना वर्तमान युवा वर्ग में जागृत रहे। इनके बलिदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष की जो ज्वाला प्रज्वलित हुई। वह देश की आजादी के बाद ही शांत हुई। आजादी के संघर्ष के दिनों के दौरान इनकी वीरता ने अंग्रेजी हुकूमत की की जड़े हिला रखी थी। ब्रिटिश सरकार द्वारा इन्हें फांसी दिए जाने के बाद स्वतंत्रता के आंदोलन में एक नया मोड़ प्रारंभ हुआ जिसकी परिणति देश को ब्रिटिश सरकार से मुक्ति के रूप में हुई। इसी क्रम में क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मंत्री टी मुचिराय मुंडा की पुण्यतिथि भी बनायी गयी। प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से सोनाल शांति, अभिलाष साहू,गजेंद्र सिंह, जगदीश साहू, राजन वर्मा, रमा खलको सहित अन्य शामिल थे।

## विधवा ने ही दूसरे प्रेमी के साथ मिलकर कराई थी पहले प्रेमी की हत्या, चार लोग गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची जिले के सिकिदिरी थाना की पुलिस ने सुरसू गांव निवासी अनिल प्रजापति की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। लव ट्रैंगल में हुए अनिल हत्याकांड में आरोपी विधवा संगीता देवी सहित सिल्ली थाना क्षेत्र के हलमाद निवासी विकास केवट, अमर कुमार केवट और साहेदा निवासी मिहिर महतो को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, सुरसू गांव निवासी अनिल प्रजापति गांव की विधवा संगीता देवी से प्रेम करता था। इसी दौरान अनिल काम करने चेन्नई चला गया। अनिल की अनुपस्थिति में संगीता ने सिल्ली थाना क्षेत्र के हलमाद के युवक विकास केवट को दिल दे बैठी। इसी बीच जनवरी में अनिल प्रजापति चेन्नई से काम कर लौटा तो उसे मालूम हुआ कि संगीता का प्रेम प्रसंग विकास केवट से चल रहा है। इससे वह नाराज हो गया और वह संगीता पर विकास से रिश्ता तोड़ने का दबाब बनाने लगा। ऐसा नहीं करने पर पूरे गांववालों को बताने की धमकी दी। इससे संगीता डर गई उसने प्रेमी विकास को यह बात बताई। दोनों ने मिलकर अनिल को रास्ते से हटाने की साजिश रची। इसके बाद बुधवार की रात नौ बजे संगीता ने फोन कर अनिल को चेकडैम के पास मिलने बुलाया। वहां पहले से मौजूद संगीता का प्रेमी विकास केवट अपने दो साथियों अमर कुमार केवट और मिहिर महतो के साथ मिलकर पंच फाइटर और पत्थर से मारकर अनिल की हत्या कर दी। इसके बाद उसे खेत की मिट्टी में गाड़ दिया। हत्या के बाद अनिल का मोबाइल लेकर सभी चले गए। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पंच फाइटर, पत्थर और मृतक का मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि संगीता के पति का तीन वर्ष पूर्व निधन हो गया था।

## रांची विवि के अतिथि शिक्षकों ने राजभवन के समक्ष किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय के 124 अतिथि शिक्षक अपने समायोजन की मांग को लेकर राजभवन गेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षकों ने पकौड़े तलकर सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। अतिथि शिक्षक संघ के बैनर तले प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे तानाशाह कुलपति अजीत कुमार सिन्हा इस्तीफा दो! और उच्च शिक्षा सचिव राहुल पुरवार इस्तीफा दो!। संघ अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि हेमन्त सरकार के अंतिम कैबिनेट में अतिथि शिक्षकों को आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में समायोजित करने का प्रस्ताव पारित हुआ था। लेकिन उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जारी संकल्प इतना भ्रामक निकला कि समायोजन की जगह निष्कासन की स्थिति उत्पन्न हो गई। संयोजक डॉ. धीरज कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि 1609 संकल्प को तत्काल खारिज कर शिक्षकों को विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसा कर आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में समायोजित किया जाए। वहीं, राजू हजम ने कहा कि कुलपति अजीत कुमार सिन्हा और उच्च शिक्षा सचिव राहुल पुरवार की गलत नीतियों का खामियाजा शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द संज्ञान लेकर समाधान निकालने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल शिक्षकः डॉ. रीना कुमारी, दीपशिखा, सूरज विश्वकर्मा, राजू हजम, डॉ. ताल्हा नकवी, निहारिका महतो, शाहबाज आलम, डॉ. नाजिश हुसैन, डॉ. अभिषेक, डॉ. चक्षु पाठक, पूनम कुमारी, सतीश तिर्की, रफत आशीष प्रसाद, सबील लकड़ा, डॉ. सुल्ताना परवीन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# डालसा जमीनी स्तर पर न्याय तक पहुंच प्रदान करने की आधारशिला हैं : एमएस रामचंद्र राव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की पांचवीं राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव सहित अन्य न्यायाधीशों ने संयुक्त रुप से न्याय सदन, झालसा के सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एमिटी लॉ स्कूल, एमिटी विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय में लीगल एंड क्लिनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एम.एस. रामचंद्र राव ने वर्चुअल माध्यम से किया। मौके पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उद्घाटन कार्यक्रम में उन्होंने प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीशों से कहा कि वे संबंधित न्यायालयों पर यह प्रभाव डालें कि छोटे अपराधों में व्यक्ति को हिरासत में लेते समय यंत्रवत रिमांड आदेश पारित न किया जाए। मौके पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एम.एस. रामचंद्र राव ने कहा कि हमें यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण झारखंड के जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता के माध्यम से न्याय प्रदान करने में बहुत अच्छा काम कर रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राथमिक संपर्क बिंदु हैं तथा जमीनी स्तर पर न्याय तक पहुंच प्रदान करने की आधारशिला हैं। झारखंड 2024 की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत में 99.49% की उच्चतम निपटान दर हासिल करके शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बन गया है। यह हमारे विधिक सेवा कार्यबल द्वारा की जा रही लगातार कड़ी मेहनत को दर्शाता है तथा उनके योगदान का प्रमाण है। झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रेस क्लब में सेमिनार आयोजित कर मनाया गया बिहार स्थपना दिवस



**रांची** : बिहार के शाहाबाद प्रक्षेत्र से झारखंड राज्य का अटूट रिश्ता रहा रहा है और झारखंड के नवनिर्माण में भी शाहाबाद के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसे कोई नजर अंदाज नहीं कर सकता है। उक्त बातें रांची उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एस के पाठक ने बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार की देर शाम प्रेस क्लब रांची में शाहाबाद का गौरवशाली इतिहास और झारखंड से सम्बंध विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के बहुसंख्यक उरांव समुदाय के लोगों के पूर्वज रोहतास गढ़ किला से निकल कर हीं झारखंड सहित देश के अन्य में फैले हैं। न्यायमूर्ति पाठक ने कहा कि नागपुरी भाषा और भोजपुरी भाषा में भी बहुत समानता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अखिलेश कुमार ने झारखंड से शाहाबाद के सम्बंधों का विस्तार से चर्चा की तथा उरांव समुदाय के वर्तमान अस्तित्व के लिए आदिवासी विरांगना सिगनी दई तथा कैइली दई का इतिहास में उपेक्षा पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि उरांव सम्राज्य के मुख्यालय रहा रोहतासगढ़ किला पर जब आक्रांताओं ने हमला किया था तो इन्हीं दोनों महिलाओं के नेतृत्वव बहादुरी से संघर्ष करते हुए वहां से लोगों को निकला था। झारखंड के उरांव उन्हीं के वंशज हैं। लेकिन यह दुखद पहलू है कि इतिहास में आजतक उन्हें सम्मानजनक स्थान नहीं मिला। वक्ताओं ने आदिवासी समुदाय के लिए तिर्थ स्थल रोहतासगढ़ किला परिसर विकसित करने और वहां पर्यटन सुविधाएं स्थापित करने पर भी जोर दिया। सेमिनार को सेवानिवृत्त जिला जज शिवनारायण सिंह, कर्नल राजेश कुमार, धर्मेंद्र तिवारी, बोकारो स्टील के पूर्व जीएम एस एन सिंह, प्रमुख कुंती उरांव, प्रिया मुंडा, प्रो. बलिराम मिश्रा, सूर्यभान सिंह, विरेन्द्र सिंह, सत्य प्रकाश राय उर्फ मनपत राय, संगीता कुमारी, ललन सिंह,मीरा सिंह मुखिया आदि ने भी संबोधित किया। जबकि संचालन संजय पासवान तथा धन्यवाद ज्ञापन लाखन सिंह ने की। कार्यक्रम में बिहार झारखंड के आए हुए प्रशासनिक, राजनीतिक, पत्रकारिता, साहित्यिक, व्यवसाय आदि क्षेत्र से जुड़े अतिथियों को बुके तथा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### रांची में इमका मीट, एसएसपी किशोर कौशल बने झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष




**रांची** : आईआईएमसी एलुमनी एसोसिएशन के वार्षिक उत्सव कनेक्शन्स, 2025 के झारखंड चैप्टर की मीट रांची में संपन्न हुई। इस दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों में कार्यरत संस्थान के पूर्व छात्र मिले और सभी ने संस्थान से जुड़ी अपनी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम में जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल को सर्वसम्मति से झारखंड चैप्टर का नया अध्यक्ष चुना गया है। किशोर कौशल ने कहा कि इमका एक परिवार की तरह है। आपस में मिलते रहने से हम सुख-दुख शेयर कर पाते हैं। एक-दूसरे की मदद कर पाते हैं। मीट में आए एलुमनी के बच्चों ने इस मौके पर प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैप्टर की निवर्तमान महासचिव सचिव मनीषा सिंह ने की। कार्यक्रम में दिल्ली से एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रसाद सान्याल, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष गुप्ता के अलावा रीतेश वर्मा और बद्री नाथ ने भाग लिया। सीयूजे, रांची में सहायक प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार ने मंच संचालन किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन पूजा अमृता उरांव ने किया। सीयूजे, रांची के मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष देवव्रत सिंह, रांची विश्वविद्यालय के शिक्षक संतोष उरांव, पीआईबी के अधिकारी ओंकार पांडेय ने अपने संबोधन में इमका के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में अमित गुप्ता, आनंद दत्त, शुभम, देवेंद्र कुमार, कुणाल किशोर, पंकज चंद्र गोस्वामी, समीर उरांव, मुकुल तायल, अंकुर कुमार, विवेकानन्द सिंह, प्रणव प्रत्युष आदि पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

### राधाकृष्ण मंदिर में रामनवमी और नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय

**रांची**: कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्रीरामनवमी और नवरात्र महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। मीडिया प्रभारी अरुण जासूजा ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि 28 मार्च को सुबह 7 बजे शिव दुर्गा मंदिर से 108 महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी। यह यात्रा हरिओम मंदिर, काली मंदिर, भक्ति चौक और झंडा चौक से होते हुए श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंचेगी। 29 मार्च को शाम 4 बजे से सुंदरकांड का सामूहिक पाठ मंदिर प्रांगण में होगा। 30 मार्च को नवरात्र के दौरान सुबह सात बजे से 10 बजे तक श्री दुर्गा का सप्तशती का पाठ होगा और छह अप्रैल तक जारी रहेगा।

### सरकारी दावत-ए-इफ्तार का सोशल मीडिया पर विरोध : एस अली

**रांची** : झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आवास में आयोजित दावत-ए-इफ्तार और पूर्व मंत्रियों द्वारा दिए गए इफ्तार की सोशल मीडिया पर तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। मुस्लिम समुदाय के युवा और बुद्धिजीवी इसे केवल प्रतीकात्मक सम्मान मान रहे हैं और सरकार से ठोस नीतिगत फैसलों की मांग कर रहे हैं, जिससे समुदाय को वास्तविक लाभ मिल सके। आमया संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने कहा कि यह विरोध सरकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि मुस्लिम समुदाय के शिक्षा, रोजगार, न्याय और अधिकार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान की मांग पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार के दूसरे कार्यकाल के बावजूद मुस्लिम समुदाय के बुनियादी मुद्दों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अबुवा बजट में मुस्लिम समुदाय के उत्थान के लिए कोई नई योजना लागू नहीं की गई, बल्कि अल्पसंख्यक कल्याण के बजट में कटौती कर दी गई। एस अली ने सवाल उठाया कि विधानसभा सत्र में उर्दू शिक्षकों की बहाली, बुनकरों के लिए योजनाएं, भूमिहीन मुस्लिमों के अधिकार, एमएसडीपी योजना, मदरसा आलिम-फाजिल डिग्री को मान्यता, मॉब लिंचिंग पर कानून, रांची से हज यात्रा की सुविधाएं, और मुस्लिम त्योहारों की छुट्टियों में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब क्यों नहीं आया? उन्होंने 10 जून 2022 के रांची गोलीकांड के पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा गठित 15 सूत्री कमेटी में बाहरी और अयोग्य व्यक्तियों की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। एस अली ने कहा कि जब सरकार मुस्लिम समुदाय के मूलभूत मुद्दों पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, तो ऐसे में दावत-ए-इफ्तार का क्या औचित्य रह जाता है? उन्होंने सरकार से अपील की कि वह महज प्रतीकात्मक सम्मान से आगे बढ़कर मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए ठोस योजनाएं बनाए और उन्हें प्रभावी तरीके से लागू करे।

## एक नजर

### युवाओं के आदर्श हैं शहीद भगत सिंह : कुमार अमित



**बोकारो :** देश के महान शहीद क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के बलिदान दिवस पर भाजपा नेता कुमार अमित ने बोकारो के सेक्टर 9 बसंती मोड़ स्थित भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर कुमार अमित ने कहा कि भगत सिंह और उनके शहीद साथी हमेशा युवाओं के आदर्श रहेगें। भगत सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के साथ साथ समाज में शोषण और अत्याचार के खिलाफ जारी संघर्ष के भी प्रतीक हैं। जब तक समाज में बुराइयों के खिलाफ लड़ने वाले लोग रहेंगे तब तक भगत सिंह का विचार हमेशा प्रासंगिक रहेगा। इस दौरान भाजपा नेता योगेन्द्र कुमार, लालबाबू, नागेन्द्र पुरी, शिवानंद बेदिया, करण गोरांई, चन्द्रप्रकाश, शैलेश, अनमोल, सागर, आदर्श, आदि भी उपस्थित थे।

### शहीद भगत सिंह का शहीद दिवस पर मजदूर यूनियन ने किया आह्वान

**बोकारो :** शहीद दिवस के अवसर पर आज झारखंड क्रान्तिकारी मजदुर यूनियन के सेक्टर 9 स्थित कार्यालय मे यूनियन की और से शहीदे आजम वीर भगत सिंह का शहीद दिवस मनाया गया । इस मौके पर यूनियन के महामंत्री डी. सी. गोहाइ ने कहा की शहादत दिवस पर वीर शहीद भगत सिंह द्वारा ब्रिटिश हुकूमत का विरोध बनाये गये रणनीति एम तमाम् स्लोगन आज भी प्रासंगिक है तत्कालीन देश की परिस्थिति देखी जाए तो जनतांत्रिक अधिकार पर हमला, किसानो के अधिकार पर हमला, मेहनत कस मजदूरों की स्थापित 44 श्रम कानून को रध कर नये 4 श्रम कोर्ट बीजेपी सरकार द्वारा जबरदस्ती धोपना ब्रिटिश शासन की याद दिलाती है।

### लातेहार ने पलामू को 20 रन से हराया

**बोकारो :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे हैं इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर क्रिकेट टूनार्मेंट प्लेट ग्रुप के मैच में रविवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में लातेहार और पलामु के बीच मैच खेला गया। लातेहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए। जिसमें गोल्डी शर्मा ने 46 रन धनंजय कुमार ने 44 रन और श्रवन महली ने 42 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए पलामू की ओर से अनिकेत में तीन विकेट और सुदीप निखिल विकास और आर्यन ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी पलामू की टीम 28.01 ओवर में 148 रन ही बना सकी। पलामू की ओर से सौरव कुमार ने 61 रन और स्पर्श राज ने 17 रन का योगदान दिया।


# गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस में स्टूडेंट्स कन्वेन्शन का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस में, इंडियन सोसायटी औफ टेक्निकल एजुकेशन द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय प्रथम स्टूडेंट्स कन्वेन्शन का, 'आईडिया जेनरेशन एंड स्टार्ट-अप्स - ए की टू सक्सेस' विषयी हैकाथौन का उद्घाटीय सत्र तथा तकनीकी सत्र संपन्न हुए. यह बिहार-झारखण्ड सेक्शन में प्रथम स्टूडेन्ट कन्वेन्शन के नाते ऐतिहासिक है। इस हैकाथौन के मुख्य अतिथी महामहीम राज्यपाल झारखण्ड श्री संतोष कुमार गंगवार रहे। उन्होंने कालेज को शुभकामना- संदेश प्रेषित किया है. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथी, अध्यक्ष, आई. एस. टी. ई., नई दिल्ली, डा. प्रतापसिंह काकासाहेब देसाई रहे तथा गणमान्य अतिथीगण इस प्रकार रहे - माननीय कुलपति झारखंड यूनिवर्सिटी औफ टेक्नोलोजी, रांची, डा. डी. के. सिंह; एम. आई. टी. मुजफ्फरपुर के प्रिंसिपल डा. एम. के. झा; प्रोफेसर डा. अमरेश राय; राजकीय महिला पोलिटेक्निक बोकारो के प्रिंसिपल डा. रमेश कुमार; पद्मश्री डा. वी. बी. कोल्टे इंजिनियरिंग कालेज, बुलढाणा, महाराष्ट्र के प्रिंसीपल डा. अनिल खरचे. जी. जी. ई.एस. संस्थान के माननीय अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह, सचिव श्री सुरेंद्र पाल सिंह मंचासीन रहे। अतिथियों का स्वागत गार्ड औफ औनर से किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्वलन से हुआ तथा अतिथियों को पुष्प-गुच्छ, शाल, भेंट तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनके स्वागत में एक गायन-नृत्य का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जिसके बाद इस कन्वेन्शन के बुक औफ पेपरस का लोकार्पण किया गया। कालेज निदेशक डा. प्रियदर्शी जरुहार ने स्वागत भाषण दिया। माननीय कुलपति जे. यू. टी. रांची डा. डी. के. सिंह ने अपने भाषण में छात्रों को इंजिनियरिंग और अनुसंधान के लिए प्रेरित किया. माननीय अतिथी डा. प्रतापसिंह काकासाहेब देसाई ने इंजीनियरिंग की शिक्षा का उपयोग तकनीकी नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्रों के लिए तथा राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया. साथ ही उन्होंने आई. एस. टी. ई. के इतिहास और वर्तमान के कार्यों और महत्व पर रोशनी डाली। माननीय संस्थान अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह ने कालेज की प्रगति को सराहनीय बताते हुए साधुवाद दिया। माननीय संस्थान सचिव श्री सुरेंद्र पाल सिंह ने संस्थान के उदेश्यों तथा तकनीकी शिक्षण एवं रोजगार पर भाषण दिया। उद्घाटीय सत्र का समापन राष्ट्रगान से हुआ। तत्पश्चात माननीय अतिथियों ने आई. एस. टी.ई. की पट्टिका का अनावरण किया। अतिथियों, प्राध्यापक-गण व छात्र-गण के लिये सुरूचि भोज की व्यवस्था रही। जिसके बाद हायब्रिड तकनीकी सत्रों में छात्रों ने अपने गाईड प्राध्यापक के मार्गदर्शन में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये।

## पार्किंग का व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर पाम इन का बेसमेंट सील



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा गठित जांच दल ने शनिवार देर शाम कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्र नाथ ठाकुर के नेतृत्व में अशर्फी अस्पताल, बारामूड़ी, नावाडीह के सामने निर्मित पाम इन नामक मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में औचक जांच की। जांच के क्रम में टीम ने पाया कि बिल्डिंग के नक्शे में बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के लिए दशार्या गया था। परंतु बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के बजाय कमर्शियल गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। वहीं नक्शे के अनुसार बिल्डिंग के सेकंड, थर्ड एवं फोर्थ फ्लोर का आवासीय उपयोग करना चाहिए था। प्रत्येक फ्लोर में चार - चार फ्लैट का निर्माण किया जाना चाहिए था। जबकि निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि पूरे बिल्डिंग का व्यावसायिक रूप से इस्तेमाल किया जा रहा था। साथ ही बिल्डिंग के फोर्थ फ्लोर में कुछ अधूरा निर्माण भी पाया गया। पूरा भवन का निरीक्षण करने के बाद टीम ने अनुमोदित नक्शा में विचलन करने के लिए पाम इन बिल्डिंग के बेसमेंट को सील कर दिया। साथ ही नियम विरुद्ध बिल्डिंग का इस्तेमाल करने तथा अन्य अनियमितता मिलने पर आर्थिक दंड के साथ साथ अन्य कार्रवाई भी की जाएगी। जांच दल में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, झमाडा के तकनिकी सदस्य मयंक कुमार भगत, सहायक नगर आयुक्त मोटाय बानरा, झमाडा के सहायक अभियंता कौशलेश यादव तथा नगर निगम के सहायक अभियंता विशाल कुमार शामिल थे।

## जेएलकेएम जिला कार्यसमिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डूमरी विधायक टाइगर जयराम महतो के निर्देशानुसार आज धनबाद जिला प्रधान कार्यालय मेमको मोड़ में पार्टी के जिला कार्यसमिति का बैठक संपन्न हुआ बैठक का अध्यक्षता पार्टी के धनबाद नगर जिलाध्यक्ष शक्तिनाथ महतो और संचालन जिला महासचिव सल्लाऊद्दीन अंसारी के द्वारा किया गया। आज के बैठक में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के संगठन मजबूती विस्तार आगामी चुनाव की तैयारी पर रणनीति तैयार किया गया और टाइगर जयराम महतो के विचारधाराओं को धनबाद जिले अंतर्गत सिंदरी विधानसभा से लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में जन जन पहूंचाने का तैयारी किया गया धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने कहा कि झारखंड में अगर सकारात्मक बदलाव ला सकता है तो वह हमारी झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ही कर सकता है बैठक में मुख्य रूप से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद नगर जिलाध्यक्ष शक्तिनाथ महतो धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा कुश महतो धनबाद नगर जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा डिंपल चौबे जिला महासचिव सलाउद्दीन अंसारी बाघमारा पूर्व प्रत्याशी दीपक रवानी एसी मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष हरेंद्र रजक अखलाख अंसारी राईडर भाई पूर्व प्रत्याशी सपन मोदक केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटू रजक जिला कार्यसमिति प्रेम रजक जिला कोषाध्यक्ष पप्पु पहाड़ी महतो और पार्टी के लगभग सभी धनबाद जिला पदाधिकारी केंद्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति हुई।

## भाषा संस्कृति को दशार्ता है प्राकृति पर्व सरहुल : मंटु यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विस्थापित उत्तरी क्षेत्र बस्तेजी गांव मांझी थान में प्राकृति पर्व सरहुल साल वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना तथा नृत्य गान के साथ धुमधाम से मनाया गया। इससे पूर्व आदिवासी समाज के लोग अपनी मनोकामना के साथ जेहरा स्थल मे जुटे जहां नायके की अगुवाई मे इष्टदेव की पूजा की। पूजा अर्चना संपन्न होने पर समाज के लोग उत्साह पूर्वक मांदर के थाप पर नाच गान की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो महानगर संयोजक प्रमुख मंटू यादव ने कहा कि झारखंड के आदिवासी समाज प्राकृति प्रेमी होते हैं। यहां के हर पर्व त्योहार प्राकृति से जुडा होता हैं,जो सभी को प्राकृति की रक्षा करने का संदेश देता हैं। झामुमो नेता मंटू यादव ने कहा कि सभी को अपनी भाषा, संस्कृति से प्रेम करना चाहिए। आदिवासी संस्कृति भारतीय संस्कृति का एक अंग है। ये समाज राष्ट्र तथा प्राकृति के सच्चे पुजारी है। मंटू यादव ने कहा कि आज अगर प्राकृति सुरक्षित व संरक्षित है तो निश्चित ही इसका श्रेय आदिवासियों को जाता है। ये प्राकृति से आज भी उतना ही जुड़े है जितना पहले थे।यह पर्व सिर्फ आदिवासियों का नहीं बल्कि सभी का है। सरहुल में सरना मां से हम अच्छी बारिश व सुख शांति की कामना करते है। बोकारो जिला संयोजक प्रमुख रतनलाल मांझी ने कहा कि आदिवासियों को अपनी परंपरा और रीती-रिवाज नहीं भूलना चाहिए। प्राकृति पर्व में लोग संस्कृति व सभ्यता को बचाने का संकल्प लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोहन मुर्मू, संजय केजरीवाल, प्रमोद तापड़िया, हाड़ीराम मांझी, सत्येंद्र मांझी, संतोष सोरेन, शिवलाल सोरेन, मोहन मुर्मू, मिथुन मंडल, अजय टुडू, मनोज सोरेन, श्री राम मांझी, मनोज हंसदा, देवनाथ मुर्मू अशोक हेंब्रम, सुनील सिंह, शंभू गुप्ता, इत्यादि उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने महिला आरक्षण बिल लागू करने की मांग की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झारखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष श्रीमती रीता सिंह जी ने बोकारो जिला कांग्रेस कार्यालय दूँदीबाग में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की मांग के समर्थन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र के भाजपा सरकार पर साधा निशाना। श्रीमती रीता सिंह जी ने प्रेस को सम्बोधित करती हुई कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने महिला आरक्षण बिल पास किया, लेकिन अभी तक लागू नही किया। इससे साफ पता चलता हैं कि महिलाओं के प्रति घोर उदासीनता है। उन्होंने प्रेस के माध्यम से महिला आरक्षण विधेयक अभिलम्ब लागू करने और उसमे ओबीसी वर्गो को भी महिला आरक्षण में शामिल करने की मांग की। मौके पर वरिष्ठ कोंग्रेसी बिरिंची महाथा, देवासिस मंडल,पूनम यादव, नेहा यादव, आशा देवी, शकुंतला देवी, किरण देवी, दुर्गावती देवी, अरविन्द, विवेक, मनोज, मनीष सहित बोकारो महिला कांग्रेसजनों उपस्थित रहे।

## मोटर दुर्घटना मुआवजा से संबंधित जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में आज रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय कोडरमा के सभागार में मोटर दुर्घटना मुआवजा से सम्बंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कमौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुलाम हैदर सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया ककार्यशाला में उपस्थित व्यवहार न्यायालय कोडरमा के न्यायिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व अधिवक्तागण मोटर दुर्घटना मुआवजा अधिनियम से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किये कअतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया क मौके पर प्रभारी प्रधान जिला जज गुलाम हैदर ने कहा कि मानवता की सेवा ही पुलिस का सबसे पहला धर्म है जिसका पालन पुलिस पदाधिकारियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए क उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मोटर दुर्घटना मुआवजा अधिनियम से सम्बंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त कर पीडितो को लाभ दिलाने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहे प्राधिकार उन्हें हर संभव सहायता देने के लिए कृत संकल्पित है ककार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश ने कहा कि दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों को मदद करने में पुलिस का दायित्व सबसे अधिक

## पूर्णिमा टॉकीज ग्राउंड में डिजनीलैंड मेला का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** शहरवासियों को परिवार के साथ मनोरंजन के लिए डिजनीलैंड मेला पूर्णिमा टॉकीज ग्राउंड में लग चुका है। मेला का भव्य शुभारंभ समाजसेवी बीरेंद्र यादव(बीरू) के द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ फीता काट कर किया गया। झुमरी तिलैया वाले को लंबे समय बाद परिवार बच्चों के साथ एंजॉय करने का बेहतर मौका है। शुभारंभ के मौके पर समाजसेवी बीरेंद्र यादव (बीरू) ने कहा कि आज भी भारतीय समाज में मेला मनोरंजन का बड़ा माध्यम है यहां बच्चों के झूलों के साथ घरेलू वस्तुओं की भी खरीदी करने का मौका है। डिजनीलैंड मेला परिवार और आमजन को अपना शुभकामना देते हुए कहा अपना नगर स्वच्छ रखने में लोग सहयोग करें। डिजनीलैंड मेला का मुख्य आकर्षण जो पहली बार चाँद तारा झूला साथ में टोरा टोरा, ब्रेक डांस, टॉय ट्रेन, ड्रैगन, रशियन झूला मिकी माउस, वॉल वंशी किड्स राइट्स है। मेले में गगनचुंबी इमारत ट्रिन टावर, एफिल टावर भी देखने को मिलेगा। मेले में आकर्षक रूप से युवकों के लिए विशेष प्रकार की सेल्फी जोन बनाई गई है। इस मेले में मनोरंजन के साथ-साथ आने वाले त्योहार के लिए जमकर खरीदारी भी दर्शक कर सकेंगे। मेले में मुख्य रूप से राजस्थानी अचार, जयपुरी चार, चूरनसहारनपुर के फर्नीचर के साथ महिलाओं से संबंधित हर प्रकार के सौंदर्य उपयोगी सामान उपलब्ध है। मौके पर मेला के राजीव रंजन(राजू) ने बताया कि आज के दौर में बच्चों में सामाजिक सांस्कृतिक समझ को विकसित करने के लिए परिवार बच्चों के साथ मेला जरूर देखें जाने चाहिए। डिजनीलैंड मेला के आयोजक महावीर बिजनेस एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक ने यह भी बताया कि हवामहल गेट से प्रवेश करने के साथ ही लोगों में रोमांच भर जायेगा। महिलाओं के लिए ज्वेलरी आइटम,राजस्थानी कंगन मुंबई के फैसी वामल जूते और अन्य जरूरत के समान यहां किफायती दाम पर मिलेंगे। खरीदारी करने के साथ-साथ खानपान की विशेष व्यवस्था की गई है। भारतीय व्यंजन एवं चाइनीज फास्ट फूड के साथ भेलपुरी पाव भाजी, पॉपकॉर्न, कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम,पेस्टीज आदि की बेहतर व्यवस्था की गई है। मेंले में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा के साथ-साथ सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की गई है। मेला रोजाना 3:00 बजे से रात्रि के 10:00 बजे तक चलेंगे। मौके पर राजा चौरसिया,आराधना सिंह, आशीष कुमार, चिंटू कुमार,जितेंद्र कुमार,सदन कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 5 केंद्रों में नव भारत साक्षरता का मूल्यांकन परीक्षा संपन्न



**धनबाद :** उल्लास – नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन संकुल भ० वी कुस्तौर के तहत चार केन्द्र बनाकर किया गया, मध्य वि० छाताटांड, जिसमें 5 विद्यालय,मध्य विद्यालय कुस्तौर जिसमें 5 विद्यालय, प्रा० वि० साउथ बलिहारी। जिसमें 5 विद्यालय एवं उ० उच्च वि० वसेरिया–२ जिसमें विद्यालयों का मूल्यांकन परीक्षा नव साक्षर का किया गया। सभी केंद्रों में कुल परिक्षाथीयी की संख्या रही। केन्द्राधीक्षक म0 वी0 छाताटांड के प्रभारी नोएमी ब्रिजिट किंडो ने, म० वि० कस्तौर में एस्थर डांगवार केन्द्राधीक्षक, प्रा० वि० साउथ वलिहारी में केन्द्राअधीक्षक कुमुद सिन्हा एवं उत्कलिक उच्च वि० बसेरिया न 0 2 में समीर कुमार सुमन एवं सभी केन्द्रो में वीक्षक के रूप में, लखु पासवान, सुमन कुमारी, प्रतिमा कुमारी, मनोज कुमार राय, मनोज कुमार शर्मा, फैज अहमद, नरायण जी झा, राजेश कुमार नवीन कुमार संजय कुमार सिंह, मंटू कुमार, कौशल कुमार, कुमारी सुषमा वर्मा, मनोरमा कुमारी प्राण महतो, रंजन प्रसाद महतो उपस्थित थे। संकुल अन्तगर्त सभी केंद्रों में शातिपूर्ण परीक्षा का संचालन हुआ सी आर पी दय अब्दूल गफार व दीपा शर्मा,तथा बीआरपी तुषार कांत घोष ने केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। परिक्षा में कुल 259 परिक्षार्थी शामिल थे।उक्त जानकारी सीआरपी अब्दुल गफार ने दी।

### रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि देना सबसे अच्छा तरीका : ब्लड मैन सलूजा



**बोकारो :** शहादत दिवस के अवसर पर ह्यूमैनिटी सेवियर्स, बोकारो द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस ब्लड बैंक, बोकारो में किया गया। यह शिविर निफा संस्था के संवेदना– २ अभियान के तहत शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया। शिविर का नेतृत्व ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष एवं संवेदना 2 के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री हरबंस सिंह सलूजा ने किया। शिविर में जहां रक्त वीरांगनाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं युवाओं ने भी जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। शिविर में मुख्य रूप से दो युगल जोड़ी श्वेता–गौरव रस्तोगी एवं विधि–विजय अग्रवाल ने रक्तदान कर मिशाल कायम की। शिविर में कुल 36 यूनिट रक्तदान हुआ। विश्व रिकॉर्ड धारक ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा ने कहा कि यह शिविर निफा के द्वारा चलाए जा रहे संवेदना–२ अभियान के तहत लगाया गया है जो कि पूरे देश भर में २४०० जगहों में १६ मार्च से ३० मार्च तक रक्तदान शिविर लगाकर 150000 से भी अधिक यूनिट ब्लड डोनेशन कराने की एक कोशिश है। संस्था की माया राय ने कहा की आज के सभी रक्त दाताओं को, देश के महान शहीदों के रिश्तेदारों द्वारा हस्ताक्षरित सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्रवीण कुमार , अवधेश शर्मा , हरे कृष्णा चौहान, आकाश कश्यप, राहुल कृष्णा, मनोज सलूजा , कुमार बिपिन एवं रेड क्रॉस ब्लड बैंक के डॉक्टर एस एन राय , चौबे जी , जय प्रकाश द्विवेदी एवं उनकी पूरी टीम की मुख्य भूमिका रही। ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव जी को श्रद्धांजलि देने का सबसे अच्छा तरीका है रक्तदान। प्रवीण कुमार ने अंत में सभी गणमान्यों का एवं सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

### चास चंदनकियारी में फिर से संगठन होगा मजबूत : सचिन महतो



**बोकारो :** आजसू पार्टी चास चंदनकियारी प्रखण्ड स्तरीय बैठक बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम, रामडीह में हुई। बैठक की अध्यक्षता चंदनकियारी प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश महतो ने तथा संचालन शिशिर रजक ने की। बैठक की शुरूआत शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को उनके शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर के हुई। जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने कहा सभी चास चंदनकियारी के सभी पंचायतों में कमिटी की समीक्षा करके कमिटी का पुनर्गठन किया जाएगा, चास नगर निगम में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी आंदोलन करेगी। मौके पर केंद्रीय सचिव अश्वनी महतो ने कहा चास चंदनकियारी में संगठन फि र से मजबूत होगा, पुराने साथी लौटेंगें। केंद्रीय सचिव संजय चक्रवर्ती ने कहा पंचायत और गाँव तक संगठन पहुँचना सभी का दायित्व। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष अशोक महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल झा, संतोष कुमार महतो, बंकू बिहारी सिंह, विकाश महथा, तपेश महतो, तपन महतो, राजेश बोराल, लखिन्दर महतो, ज्योति लाल महतो, अर्जुन महतो, सुखदेव महतो, दिनेश महतो, भृगु महतो, समरेश महतो, नूनी गोपाल महतो, बाबू लाल महतो, अमर पाल, बिरेंद्र हरि सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रामनवमी को लेकर नव युवक विकास समिति की बैठक संपन्न



**झुमरीतिलैया :** नव युवक विकास समिति इंदरवा बस्ती के द्वारा रामनवमी पूजा को लेकर समस्त ग्रामवासियों के साथ सफल बैठक किया गया।बैठक की अध्यक्षता वाईडीसी के अध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने किया और संचालन महेश राम चन्द्रवंशी ने किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा प्रस्ताव आया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा समिति के लिए अध्यक्ष का चुनाव कर एक कमिटी गठित किया जाय।जिसमे सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा समिति का अध्यक्ष सुजीत यादव सचिव महेश राम चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव को बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष के रूप में भोला राणा,राहुल यादव तथा प्रशासनिक अध्यक्ष के रूप में वीरेंद्र यादव उर्फ विरु को बनाया गया। संरक्षक के रूप में टूकलाल यादव,काशीनाथ यादव,मनोज यदुवंशी,बलदेव यादव,विक्की यादव,विनोद कुमार,कृष्ण यादव,छोटू शर्मा,संजय शर्मा,वीरेंद्र राम,महेश यादव ,उत्तम सागर,राहुल यादव (सनी)उमेश राम,दिलीप यादव,महेश दास,देव कुमार को बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से अनिल कुमा यादव,जगन्नाथ दास,सुरेश पासवान, राजेंद्र पासवान,दीपक पासवान,पवन कुमार चंद्रवंशी,राहुल यादव,जयकुमार यादव,आनंद कुमार शर्मा,वीरेंद्र यादव, विक्रांत पासवान एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित हुए।

## एक नजर

### पड़ोसी ने एक बुजुर्ग को मार कर किया घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बुजुर्ग को पड़ोसी ने मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अंग्रेजी मंडल उम्र 60 वर्षीय पिता स्वर्गीय भगली प्रसाद मंडल, साक्षरता मोड़ जिरवाबाड़ी के रहने वाले को पड़ोसी कृष्णा मंडल, कृष्णा मंडल के पत्नी, और फूलों देवी, आरती देवी ने किसी बात को लेकर अंग्रेजी मंडल को बुरी तरह से मार कर घायल कर दिया, घायल बुजुर्ग का सर में गहरा चोट लगा है। जहां पीड़ित ने जिरवाबाड़ी थाना में मारपीट को लेकर शिकायत दर्ज की है। जहां इलाज के लिए थाना ने सदर अस्पताल भेज दिया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने घायल अंग्रेजी मंडल का इलाज किया। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### एक ही परिवार के कई लोग मारपीट में हुए घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक और उनके पूरे परिवार को कई युवक ने मार कर किया घायल। मिली जानकारी के अनुसार शेख सईम उम्र 20 वर्षीय, पिता शेख हमीद, अम्माडीया कदीर नगर के रहने वाले ने बताया कि बच्चा का छठी का भोज खाने के लिए गया था, तभी 10 से 12 लड़के झगड़ा करते-करते शेख सईम के साथ मारपीट करने लगा तभी वहां से अपना जान बचाकर घर की ओर भागा, वही छुड़ाने के लिए उनके घर से सकीना बीबी, रिजवाना बीवी, और सभी परिवार के लोगों के साथ रिजवान अंसारी, जमाल अंसारी, आशिक अंसारी, कुद्दूस अंसारी, रहमान अंसारी, रशीद अंसारी, फैजल अंसारी, इन लोगों ने मारपीट किया। जहां पीड़िता इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज आया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने घायलों का इलाज किया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### कालाजार प्रभावित गांव में आईआरएस प्रथम चक्र कीटनाशी का छिड़काव



**साहिबगंज :** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों के अंतर्गत कालाजार प्रभावित गाँव बांझी संथाली में आईआरएस प्रथम चक्र कीटनाशी छिड़काव का निरक्षण डॉक्ट सत्ती बाबू डाबडा जिला वी बीडी सलाहकार एवं संदीप कुमार डीपीसी साहिबगंज के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरक्षण के दौरान एसएफडब्ल्यू रजिस्टर, डिस्चार्ज रेट, घोल बनाने की प्रक्रिया आदि का अवलोकन किए एवं छिड़काव कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों को छिड़काव से सम्बंधित जागरूक करते हुए लोगों को घर के सभी कमरों, गौशाला, बरामदा आदि जगहों मे छिड़काव करवाने को कहा गया।

### निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर अभिभावक संघ की बैठक संपन्न

**झुमरीतिलैया :** चित्रगुप्त नगर के अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार अभय कुमार के आवास पर अभिभावक संघ कोडरमा जिला की बैठक हुई,जिसकी अध्यक्षता नरेंद्र सिंह चंदेल ने की,बैठक में जिले के निजी स्कूलों की मनमानी प्रत्येक वर्ष एनसीआरटी गाइडलाइन के विपरीत किताबों को बदलने आदि कई मुद्दे पर चर्चा किया गया। जिसके बाद निर्णय लिया गया कि सोमवार दिनांक 24 मार्च को निजी स्कूलों की मनमानी को बंद करने, निजी स्कूलों में एनसीआरटी गाइडलाइन का पालन करने आदि मांगो को लेकर एक ज्ञापन कोडरमा उपायुक्त व डीईओ को देने का निर्णय लिया गया।

# उपायुक्त ने कालाजार कीटनाशी छिड़काव को सफल बनाने को लेकर की समीक्षात्मक बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने कालाजार उन्मूलन हेतु किए जा रहे कीटनाशी छिड़काव के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त मनीष ने कीटनाशी छिड़काव को गंभीरता से मानीटरिंग करने का निर्देश सम्बंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। कहा कि सभी कालाजार अति प्रभावित गांव के सहिया, सेविका, मुखिया, वार्ड सदस्य, प्रधान, पंचायत सेवक, जेएसएलपीएस, जल सहिया, शिक्षक, प्रज्ञा केंद्र के सदस्य कीटनाशी छिड़काव के पूर्व जनजागरुकता हेतु प्रचार प्रसार एवं छिड़काव के दिन शत प्रतिशत छिड़काव कराने में स्वास्थ्य कर्मियों एवं छिड़काव कर्मियो की मदद करेंगे। सभी एमपीडब्ल्यू, सीएचओ और सहिया को क्षेत्र में रहकर कीटनाशी छिड़काव का गुणवत्तापूर्ण पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया। पीकेडीएल मरीज एक भी न छूटे उनको खोज कर संपूर्ण ईलाज करना सुनिश्चित करें। प्रतिवेदित कालाजार रोगियों का यात्रा इतिहास लेना सुनिश्चित किया जाए। जिले का प्रखंड कालाजार इन्डिमिक सिटी के मानचित्र में नहीं रहे। जिन्हें एक सप्ताह से ज्यादा बुखार हो उन्हें चिन्हित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर सही उपचार उपलब्ध कराएं। उपायुक्त ने वीएल एवं पीकेडीएल मरीजों को दी जाने वाली राशि का भुगतान अविलंब करने को कहा। कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को लंबित राशि का भुगतान अविलंब करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अब तक प्रतिवेदित कालाजार मरीजों के आधार पर उच्च घनत्व और कम घनत्व वाले गांव को चिन्हित कर पाकुड़ जिले के मानचित्र में रेड, ग्रीन और येलो जोन क्षेत्र को दर्शाकर उपलब्ध कराने को कहा। सभी कालाजारअतिप्रभावित गांव में प्रतिवेदित कालाजार मरीजों में से एक कुशल मरीज को चिन्हित करके कालाजार चैंप्स बनाने को कहा गया ताकि संबंधित गांव में कालाजार एक्टिविटी कराने में उनका मदद लिया जा सके।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के हिरणपुर प्रखंड में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2024-25 के तहत रविवार को प्रांतीयकृत पशु चिकित्सालय प्रांगण में लाभुकों के बीच पशुधन का वितरण शिविर आयोजित किया गया। जिसका विधिवत उद्धाटन उपायुक्त मनीष कुमार ने किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने लाभुकों को पशुपालन कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रात्साहित किया। कहा कि पशुपालक विभिन्न पशुओं को पालकर अपने परिवार के जीविकोपार्जन कर सकते हैं। जबकि सरकार पशुपालकों को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि अगले एक महीना के अंदर जिले के सभी प्रखंडों में इसी प्रकार पशु मेला का आयोजन कर सभी लाभुकों के बीच बकरी, कुक्कुट एवं गाय का वितरण किया जाएगा। मौके पर डीएएचओ डॉ अनिल कुमार सिन्हा, बीडीओ टुडू दिलीप, सीओ मनोज कुमार, प्रखंड पशुपालक पदाधिकारी डॉ कलीमुद्दीन अंसारी, डॉ अभिषेक यादव, डॉ सुशील कुमार तिग्गा, डॉ राकेश कुमार, डॉ कल्पना कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## झामुमो प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन अश्वनी पटमदा और दीपांकर बने बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** रविवार को झामुमो का प्रखंड सम्मेलन सह प्रखंड कमिटी पुनर्गठन कार्यक्रम जिला संयोजक मंडली के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। सम्मेलन ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि झामुमो आंदोलनकारियों और समर्पित कार्यकताओं की पार्टी है। झामुमो की हेमंत सोरेन सरकार में जनता को हर योजनाओं का लाभ मिल रहा हैं। महिलाओं को स्वावलंबी बनने के क्षेत्र में काम किया जा रहा हैं। जिला मुख्य संयोजक बाघराय मार्डी ने कहा कि पार्टी संगठन के बदौलत हमारी पार्टी के कई बार विधायक और सांसद बने। संगठन के बदौलत ही सांसद और विधायक इसलिए कार्यकताओं का सम्मान जरूरी। प्रखंड कमिटी में नवनिर्वाचित पदाधिकारी दायित्व का पालन करते हुए पार्टी हित में काम करें। पार्टी के पदाधिकारी आपके हर सुख दुख में साथ हैं। झामुमो पटमदा प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन में सर्वसम्मति से निर्विरोध रूप से अध्यक्ष अश्वनी महतो,सचिव शंकर मांडी,कोषाध्यक्ष हरिहर सिंह को चुना गया। वही बोड़ाम झामुमो प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन में अध्यक्ष दीपांकर महतो, सचिव छुटू लाल हांसदा,कोषाध्यक्ष काजल सिंह के नाम की घोषणा संयोजक मंडली के द्वारा किया गया। बोड़ाम प्रखंड का सम्मेलन चुरूडीह मोड में 12 पंचायतों एवं पटमदा प्रखंड सम्मेलन बिडरा ग्राम संसद भवन में 15 पंचायत के कार्यकताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य रूप से विधायक मंगल कालिंदी,मुख्य जिला संयोजक बाघराय मार्डी, झामुमो नेता सुनील महतो, लालटू महतो,अश्वनी महतो, महिला नेत्री चंद्रावती महतो,मानिक चंद्र महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, 20 सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, आनंद महतो, सुजीत महतो ,तिलोत्तमा कालिंदी, जमीनी कांत प्रमाणिक सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएम श्री विद्यालय के 1001 छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण का उठाया लुत्फ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में प्रोजेक्ट प्रारंभ अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय के 1001 छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण सह आत्मविश्वास निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान छात्रों को पाकुड़ रेलवे स्टेशन, मॉडल थाना, सीएम स्कूल एक्सीलेंस पाकुड़, रविन्द्र भवन, अग्निशामन कार्यालय, समाहरणालय स्थित पॉडकास्ट, सदर अस्पताल, आरसेटी एवं ओल्ड एज होम का भ्रमण कराया गया। छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण का भरपूर आनंद उठाया। मौके पर उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि प्रोजेक्ट प्रारंभ के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों के 1001 बच्चों का आज जिले के विभिन स्थलों पर शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास जगाना, ज्ञान बढ़ना, मनोबल बढ़ाना है एवं विभिन्न नई जानकारी से अवगत कराना है। उपायुक्त ने कहा कि एक साल के अंदर 10 हजार छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। तीन दिन बाद छात्रों को गिरिडीह, रांची के भ्रमण पर भी भेजा जाएगा और वहां से भी बच्चों का फीडबैक लिया जाएगा। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी छात्रों से अपील किया कि नशा आदि के सेवन से दूरी बनाए रखें। साथ ही आप अपने परिवार के लोगों को हेलमेट लगाकर ही बाईक चलाने हेतु प्रेरित करें। वहीं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ शैक्षणिक भ्रमण अति आवश्यक है। इससे बच्चों का मानसिक विकास होता है। इसके अलावा बाजार समिति हाल में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा छात्रों से सीधा संवाद कर हौसला अफजाई किया। भ्रमण करने के पश्चात उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने रविन्द्र भवन टाउन हॉल में छात्रों से फीडबैक लिया।

## शहीद- ए - आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के शहादत दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी व सभा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** रविवार को शहीद- ए - आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस के मौके पर AIDSO की ओर से चांडिल के मध्य विद्यालय के सामने से प्रभात फेरी निकाला गया जो आगे चलकर चांडिल चौक बाजार होते हुए मठिया रोड प्लस टू स्कूल से आगे चलकर पुनः मध्य विद्यालय चांडिल के सामने पहुंचा तथा सभा में तब्दील हो गया। सभा में सबसे पहले शहीद - ए -आजम भगत सिंह,सुखदेव, राजगुरु के फोटो पर AIDSO राज्य सचिव मंडलीय सदस्य सोनी सेन गुप्ता के द्वारा माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित किए, उसके बाद राज्य कोषाध्यक्ष युधिष्ठिर कुमार ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। बारी-बारी से सभी लोग पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए उसके पश्चात भगत सिंह ,सुखदेव राजगुरु के जीवन संघर्ष सह स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका की चर्चा राज्य सचिवमंडली सदस्या सोनी सेनगुप्ता ने की। तथा वर्तमान समय में भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की प्रासंगिकता और उससे हमारे जीवन में सीखने जरूरत विषय पर विस्तारपूर्वक राज्य कोषाध्यक्ष युधिष्ठिर कुमार ने बातों को रखा। साथ ही प्रगतिशील संगीत ,कविताएं पेश कर मयार्दापूर्वक मनाया गया।अंत में जिला सचिव प्रभात महतो ने धन्यवाद ज्ञापन की तथा कार्यक्रम की समाप्ति हुआ कार्यक्रम में जिला कार्यालय सचिव युधिष्ठिर प्रमाणिक सदस्य राजा प्रमाणिक सीमा टुडू तथा समीर कुमार महतो प्याली, पूजा, अनीता, मोहित प्रमाणिक, सौरभ प्रमाणिक, पूर्णिमा प्रमाणिक, संदीप प्रमाणिक, ललित प्रमाणिक ,रोहित प्रमाणिक ,अभिषेक प्रमाणिक, ऋषभ प्रमाणिक, आरव यादव साथी गोराई , हर्षिता , खुशबू महतो,आदि दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में 225 मेधावी विद्यार्थियों हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** माँ मथुरासिनी महोत्सव के तीसरे दिन श्री माहुरी भवन मे भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 225 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में एलकेजी से स्नातक तक के छात्र-छात्राएं शामिल थे। साथ ही राज्य स्तरीय रैंक प्राप्त करने वाले, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कंपनी सेक्रेटरी, कॉस्ट अकाउंटेंसी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बैंकिंग, योग और खेलकूद में उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि अरविंद भदानी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा धन है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, हर छात्र को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए और अपने माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, अनुशासन और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। विशिष्ट अतिथि डॉ. उदेश कुमार, भारतीय विरासत संस्थान, नोएडा में अनुसंधान सहायक हैं ने शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा शिक्षा हीरे-जवाहरात से भी अधिक मूल्यवान है। यह एक ऐसा शस्त्र है, जिससे जीवन की हर कठिनाई पर विजय प्राप्त की जा सकती है। संपूर्ण मानव विकास के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता की सेवा करने, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कठिन परिश्रम करने का आह्वान किया। महामंडल उपाध्यक्ष रवि कपसीमे, मंडल अध्यक्ष अरुण सेठ और महोत्सव संयोजक अभिषेक रंजन ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका उपयोग समाज की प्रगति में किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, मेहनत और लगन से अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी।आयोजन में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की। सभी ने एकमत होकर कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में शिक्षा और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजकों ने यह विश्वास जताया कि यह कार्यक्रम आगे भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन दिलीप अठघरा व गौतम वैशकियार ने किया। डांडिया, महाआरती और ज्वाला देवी के दिव्य दर्शन से भक्तिमय हुआ महोत्सव शक्ति और भक्ति का अद्भुत संगम, भक्तों ने भजन-कीर्तन में झूमकर माता को किया नमन शनिवार देर शाम भजन-कीर्तन, डांडिया और महाआरती के भव्य आयोजन ने महोत्सव को भक्तिमय बना दिया। समिति द्वारा प्रस्तुत डांडिया नृत्य ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नीतू कपसीमे, सारिका कपसीमे, सोनीला कपसीमे, मोनी भदानी, प्राची भदानी और प्राची बरहपुरिया ने ढोलिडा ढोलिडा, ढोल हय्या मा वेगे वेगे ढोलिडा, सनन सनन जाए रे जिया और रंगीलो मारो ढोलना जैसे भजनों पर नृत्य कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### निरक्षरों की आकलन परीक्षा, 71 चेतना केंद्रों पर हुई परीक्षा



**साहिबगंज/बोरियो :** बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन को लेकर निरक्षरों की आकलन परीक्षा आज 71 चेतना केंद्रों में आयोजित की गई। मिली जानकारी के अनुसार यूएमएस नया टोला, सोसो टोला, मरांगटांड़, चालधोवा, शहरपुर, हरिणचरा, खैरवा, साहित्य 71 केदो में हुई। मौके पर बीपीओ राजेश्वरी सिन्हा, बीआरपी रामजीत मुर्मू, आशुतोष कुमार, सीआरपी सुल्तान आलम, धर्मेंद्र कुमार, राजेश सिंह, अनुज कुमार, आदि उपस्थित थे।

### दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



**साहिबगंज/पतना :** प्रखंड के धर्मपुर पंचायत भवन में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें आजीविका महिला संकुल संगठन के सदस्यों व युवतियों शामिल हुए। इस क्रम में प्रशिक्षक उज्जवल कुमार ने बताया कि व्यवसायिक कौशल क्षमता बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाने को लेकर जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्हें मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र देने व वेतन आधारित रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवतियों व महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर स्वलंबी बनाना है व रोजगार से जोड़ने की जानकारी भी दी गई। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम राहुल कुमार, परवेज आलम, मदन कुमार, व अन्य मौजूद थे।

### जेएलकेएम कार्यालय का विधायक जयराम महतो ने किया उद्घाटन



**पटमदा :** 23 मार्च शहीद दिवस के अवसर पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने जेएलकेएम पार्टी के स्थायी बोड़ाम प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन किया। इस बीच उन्होंने अपने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज शहीद- ए -आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान का दिन है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह के शरीर का अंत हुआ है लेकिन उनके विचार आज भी जिंदा है हम सब युवाओं को उनके विचारों को आत्मसात कर पुरे राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, बोड़ाम प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने की जरूरत है। उद्घाटन समारोह में विनोद स्वांसी,देवव्रत महतो, सुभाष चन्द्र महतो,हासु सहित,रंजन गोप,नरेश सिंह, सुब्रत महतो,ओमप्रकाश महतो, चंदन महतो, बुद्धेश्वर महतो, सोमनाथ महतो,युधिष्ठिर, बलराम, गोपाल, सुजीत, फूलचंद, गणेश चंद्र, शरत चंद्र, देवाशीष, चेतन, खेदु गोप, राम पद, श्यामसुंदर, फनी भूषण, मृत्युंजय, सैकत, कृति चंद, हरेन, गणेश चंद्र, संम्भु, विजय, कृष्ण प्रसाद, भैरव, सतिश, दयासागर आदि उपस्थित थे।

### नि:शुल्क हाइड्रोसील ऑपरेशन का सफल शिविर का हुआ आयोजन




**बरहरवा :** रविवार को एसोसिएशन ऑफ सर्जंस ऑफ इंडिया, शाखा-साहिबगंज द्वारा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, शाखा - साहिबगंज के सहयोग से एवं डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, सिविल सर्जन, साहिबगंज के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरहरवा जो एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, में एक नि:शुल्क हाइड्रोसिल आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ए एसआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. विजय कुमार एवं सूर्या सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साहिबगंज की टीम द्वारा 8 आदिवासी, गरीब एवं पिछड़े लोगों का सफलता पूर्वक हाइड्रोसिल आपरेशन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. अरविन्द कुमार एवं विशिष्ट अतिथि डा. प्रवीण कुमार संथालिया थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सरिता टुडू, रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त सचिव चंदेश्वर सिंहा एवं सदस्य कमल आर्या, डॉ.पंकज कर्मकार, बीपीएम दिनेश एवं सूर्या सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के हरेंद्र, सुबोध, इंद्रजीत, हेमंत, पंकज, सुनील हरि एवं अन्य हॉस्पिटल कर्मियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### कल्याण विभाग के आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए मौखिक परीक्षा आयोजित



**साहिबगंज :** कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 1 से 5 तक की रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए मौखिक परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। यह परीक्षा संध्या महाविद्यालय और राजस्थान महाविद्यालय में संपन्न हुई। परीक्षा में जिला से आए सैकड़ों अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिला परियोजना निदेशक, आईटीडीए, संजय कुमार दास ने बताया कि जिला में 12 अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में वर्ग प्रथम से पंचम तक नामंकन के लिए आयोजित मौखिक परीक्षा में संध्या महाविद्यालय साहिबगंज में 944 छात्र-छात्राएं एवं राजस्थान इंटर विद्यालय साहिबगंज में 298 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई।

## खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों की बढ़ती समस्या

खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेष कीटनाशकों की छोटी मात्रा होती है जो फसलों पर इस्तेमाल किए जाने के बाद खाद्य पदार्थों पर या उनके भीतर रह जाती है। ये अवशेष संभावित रूप से स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकते हैं, जो विशिष्ट कीटनाशक और उसकी सांद्रता पर निर्भर करता है। भारत वैश्विक स्तर पर कीटनाशकों के शीर्ष उपभोक्ताओं में से एक है, जो फसलों को कीटों और बीमारियों से बचाने के लिए कृषि में इनका बड़े पैमाने पर उपयोग करता है। हालाँकि, भोजन में कीटनाशक अवशेषों का पता लगाना एक महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभरा है। शोध से पता चलता है कि भारत में अधिकतर खाद्य पदार्थों में ये अवशेष मौजूद हैं, जिनमें से कुछ का स्तर सुरक्षित सीमा से अधिक है। यह स्थिति गंभीर स्वास्थ्य चिंताएँ पैदा करती है और बेहतर खाद्य सुरक्षा विनियमों और अधिक सार्वजनिक जागरूकता की आवश्यकता को उजागर करती है। खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों की निगरानी के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय रणनीति के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री द्वारा हाल ही में की गई अपील भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने के लिए महत्त्वपूर्ण है। कीटनाशकों से खाद्य पदार्थों का संदूषण एक गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है, जो आधुनिक खेती प्रथाओं और रसायनों के लापरवाह उपयोग से और भी बदतर हो जाता है। हालाँकि कई नियम उपाय मौजूद हैं, फिर भी निगरानी, प्रवर्तन और सार्वजनिक शिक्षा में कमियाँ हैं, जिसके लिए केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर अधिक मजबूत सरकारी कार्यवाही की आवश्यकता है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण और विभिन्न स्वतंत्र अध्ययनों की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में जाँचे गए 50% से अधिक खाद्य नमूनों में कीटनाशक अवशेष पाए गए हैं। कुछ खाद्य पदार्थ, जैसे सब्ज़ियाँ, फल, अनाज, दालें और मसाले, विनियामक निकायों द्वारा निर्धारित अधिकतम अवशेष सीमा से अधिक पाए गए हैं। कीटनाशकों का उपयोग फसलों पर कीटों, कवक और खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है और उन्हें पानी, मिट्टी और हवा के माध्यम से ले जाया जा सकता है, जिससे आस-पास की फसलें प्रभावित होती हैं। इसके अतिरिक्त, भंडारण और परिवहन के दौरान खराब होने से बचाने के लिए कुछ कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है। सेब, अंगूर, स्ट्रॉबेरी, पालक, टमाटर और आलू जैसे आम फलों और सब्जियों में अक्सर कीटनाशकों के महत्त्वपूर्ण अवशेष होते हैं। चावल, गेहूँ, दाल और छोले जैसे मुख्य खाद्य पदार्थों में भी हानिकारक कीटनाशक हो सकते हैं। हल्दी, धनिया और जीरा जैसे मसालों में कभी-कभी कीटनाशक का स्तर सुरक्षित सीमा से ज्यादा हो सकता है। कीटनाशक अवशेषों वाले भोजन का सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जो जोखिम की मात्रा और अवधि के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अल्पकालिक प्रभावों में मतली, चक्कर आना, सिरदर्द और एलर्जी सम्बंधी प्रतिक्रियाएँ शामिल हो सकती हैं, जबकि दीर्घकालिक जोखिम के परिणामस्वरूप कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, तंत्रिका सम्बंधी विकार और बच्चों में विकास सम्बंधी समस्याएँ जैसी गंभीर स्थितियाँ हो सकती हैं। खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों के लंबे समय तक संपर्क में रहने से कैंसर, तंत्रिका सम्बंधी समस्याएँ, हार्मोनल व्यवधान, प्रजनन सम्बंधी चुनौतियाँ और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली सहित कई स्वास्थ्य समस्याएँ होती हैं। कीटनाशक हमारी मिट्टी, पानी और हवा को भी प्रदूषित करते हैं, जो जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। खेती के क्षेत्रों में प्रतिबंधित कीटनाशकों की निरंतर मौजूदगी लंबे समय तक मिट्टी की गिरावट में योगदान देती है। इसके अतिरिक्त, कृषि में उपयोग किए जाने वाले हानिकारक रसायन मधुमक्खियों जैसे परागणकों को नुकसान पहुँचा सकते हैं, पारिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ सकते हैं और फसल की पैदावार कम कर सकते हैं। बच्चों और गर्भवती महिलाओं को इन विषाक्त पदार्थों से विशेष रूप से खतरा होता है। समय के साथ, कीटनाशक मानव शरीर में जमा हो सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप संभावित रूप से पुरानी स्वास्थ्य स्थितियाँ हो सकती हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण खाद्य सुरक्षा और मानक (संदूषक, विषाक्त पदार्थ और अवशेष) विनियम, 2011 के माध्यम से खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों की निगरानी करता है, जो जोखिम के वैज्ञानिक मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न कीटनाशकों के लिए अधिकतम अवशेष सीमा निर्धारित करता है।

### सूडोकु नवताल- 7379

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7378 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

# सुनीता विलियम्स : साहस से छुआ आसमान

सुरेश हिंदुस्थानी

अगर देखना चाहते हो मेरे हौसलों की उड़ान तो आसमान से कह दो कि और ऊँचा हो जाए। ये पंक्तियाँ निश्चित ही ऐसा आभास कराती हैं कि यह असंभव जैसी बात है क्योंकि आसमान में उड़ने वाली बात किसी ऐसे सपने जैसी ही लगती है, जो पूरा हो ही नहीं सकता। लेकिन व्यक्ति के पास साहस और धैर्य है तो वह असंभव लगने वाले लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है।

भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स ने ऐसा ही एक कीर्तिमान करके दिखाया है। सुनीता ने अपने साहस और धैर्य से आसमान को छूने को साहसी कार्य किया है। यह एक ऐसा कीर्तिमान है जो भविष्य के लिए एक मील का पत्थर है। जो अंतरिक्ष विज्ञान के लिए एक दिशा बोध बनेगी। आज अंतरिक्ष विज्ञान जगत के लिए सुनीता विलियम्स एक ऐसा नाम है, जिसके साथ विज्ञान को देने के लिए बहुत कुछ है। जिनकी गाथा कहते कहते लोगों के मुंह थक जाएंगे, पर गाथा खत्म नहीं होगी। सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर सहित चार अंतरिक्ष यात्री जब धरती पर लौटे तो अमेरिका में खुशी का वातावरण था, तो भारत में भी असीमित उल्लास था। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की हैं, इसलिए यह पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि उन्होंने



भारत का भी मान बढ़ाया है।

सुनीता विलियम्स केवल नौ दिन के लिए अंतरिक्ष की सैर पर गई थी लेकिन यह क्या मालूम था कि यह नौ दिन की यात्रा नौ माह और चौदह दिन की हो जाएगी। जाहिर है यात्रा सरल नहीं थी। क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण का अभाव रहता है। हालांकि सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा थी। हम जानते हैं धरती से वायुमंडल की परिधि समाप्त होने के बाद अंतरिक्ष की दुनिया प्रारम्भ होती है। अंतरिक्ष के बारे में कहते हैं कि मानव आकृति अधर में ही लटकी रहती है। अगर कोई यात्री अंतरिक्ष यान में भी गया है, तो भी उसे आधार नहीं मिलता। ऐसा लगता है जैसे वजनहीन हो गए हैं। अंतरिक्ष में चल फिर नहीं सकते। बस तैरते से रहते हैं। ऐसी स्थिति में अंतरिक्ष में जाना निश्चित ही अत्यंत दुष्कर कार्य है।

भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथ गए बुच विल्मोर ने जिस साहस का परिचय दिया, वह वास्तव में काबिले तारीफ है। लेकिन एक बात यह भी है कि अंतरिक्ष में जाना किसी चुनौती से कम नहीं है। वहां का जीवन पृथ्वी से बहुत भिन्न है। अंतरिक्ष में पहुँचने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों का यान जब भटक गया था। तब उनके मन में भी कई तरह के सवाल उठे होंगे, क्योंकि ऐसी स्थिति में यह पता नहीं होता कि वे धरती पर लौटेंगे भी या नहीं। या अंतरिक्ष में कब तक यूँ ही घूमते रहेंगे, इसका भी पता नहीं, लेकिन एक जिजीविषा थी, जो उन सबको जीने का उल्लास दे रही थी। कहते हैं कि जिसके मन में जीने का उत्साह हो तो समस्याएं सरल होती चली जाती हैं। चारों अंतरिक्ष यात्री पूरे मन से अपने मिशन पर थे। जब तक वे अंतरिक्ष में थे, कुछ न कुछ करते रहे। यानी शोध के कार्य में इतने व्यस्त हो गए कि उनको पता ही न चला कि उनके जीवन में कोई समस्या है। अमेरिका के फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में जब अंतरिक्ष यान उतरा, उस समय का दृश्य सबने देखा। कितना अद्भुत, कितना चमत्कार करने वाला दृश्य था। हर कोई इस अविश्वसनीय घटना के बारे सुनकर आश्चर्यचकित ही था। जिन्होंने इस दृश्य को अपनी आँखों से देखा, वह ऐसी घटना दुबारा देख पाएंगे या नहीं, यकीनी तौर पर नहीं कहा जा सकता। यह घटना कोई सामान्य नहीं थी। जो अंतरिक्ष यात्री साढ़े नौ महीने हवा में तैर कर जीवन बिता रहे थे, उनके उनका जीवन वास्तव में बदल चुका था। धरती पर जीने के तरीके अलग हैं, यहां गुरुत्वाकर्षण बल के कारण सभी कार्य आसान हैं। यह आसान इसलिए भी है क्योंकि यह एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बन जाती हैं। अंतरिक्ष का जीवन अलग है। वहां सभी वस्तुएँ हवा तैरती रहती हैं। खाने की वस्तु को भी हवा में तैरते हुए ही खाया जा सकता है। वहां नींद लेने के लिए खुद को बेल्ट से बाँधनी होती है। अगर ऐसा नहीं करते तो तैरते हुए सोना बहुत ही मुश्किल काम है। यहां तक कि प्यास बुझाने के लिए अपनी पेशाब और पसीने को शुद्ध करके पीने योग्य बनाया जाता है और वही पीने के काम आता है। शून्य गुरुत्वाकर्षण की अवस्था शरीर पर कई प्रकार के प्रभाव उपस्थित करती हैं। इससे शरीर का संतुलन धरती पर रहने जैसा नहीं होता। रक्त संचरण भी सामान्य नहीं होता। इतना होने के बाद भी इन चार अंतरिक्ष यात्रियों ने साहसिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया। नासा ने इस अभियान को बखूबी अंजाम दिया। वर्तमान में अंतरिक्ष विज्ञान को शोध के अनेक विषय देने का काम किया है। भारत भी इस मामले में किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। भारत ने जिस प्रकार से अपने चंद्रयान अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया, वह सारी दुनिया को अचरज में डालने जैसा ही है। इसलिए भारतीय वैज्ञानिक भी अंतरिक्ष के लिए एक उपलब्धि को पाने जैसा ही कार्य कर रहे हैं। चूँकि सुनीता विलियम्स भी भारतीय मूल की हैं इसलिए नासा की इस उपलब्धि को भारतीय प्रतिभा का कायल माना जा रहा है। आज का अमेरिका बिना भारतीय प्रतिभा के आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसा अमेरिका के कई क्षेत्रों में साबित हो रहा है। सुनीता विलियम्स के जीवन और उनके कार्य में भारतीय संस्कार विद्यमान हैं। इससे पूर्व अंतरिक्ष में जाते समय वे अपने साथ भागवत गीता ले गई थीं और इस बार भगवान गणेश की प्रतिमा साथ लेकर गईं।

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर सहित चार सहयोगियों ने वहां साढ़े नौ महीने जो शोध किया, वह अंतरिक्ष विज्ञानियों के लिए ऐतिहासिक दस्तावेज है। आने वाले समय में विज्ञान जगत इनसे बहुत कुछ सीखेगा, यह तय है। अंतरिक्ष में जाने का यह मामला पहला नहीं है, लेकिन इतनी लम्बी अवधि तक अंतरिक्ष में रहने का यह चुनिंदा मामला है। इसलिए इसे औरों से अलग किस्म के रूप में देखा जा रहा है।

# बिहार : जहाँ गंदगी व दुर्गन्ध कोई मुद्दा ही नहीं

तनवीर जाफरी

अशोक, बुद्ध व गाँधी जैसे महापुरुषों की कर्मस्थली बिहार सौभाग्यवश मेरी भी पैतृक स्थान है। इस नाते जन्म से ही अपने गांव में लगभग प्रत्येक वर्ष मेरा एक बार जाना जरूर होता है। आज भी यह राज्य देश को सबसे अधिक प्रशासनिक अधिकारी देने वाला राज्य है। परन्तु मुझे आश्चर्य है कि इतनी जागरूकता के बावजूद न जाने क्यों यहाँ के लोगों को गंदगी से कोई परहेज नहीं है। मैं हमेशा से यह देखता आ रहा हूँ कि यहाँ शहरों व कस्बों के नाले व नालियां हमेशा ही जाम रहते हैं और दुर्गन्ध व सड़ांध मारते हैं। यही वह राज्य है जहाँ प्रत्येक धर्मों के लोग अपनी धर्म ध्वजा भी बुलंद रखना चाहते हैं। हिन्दू राष्ट्र बनाने का आवाहन करने के लिये पिछले दिनों एक विवादित कथावाचक द्वारा बिहार में भारी भीड़ इकट्ठी की गयी। यहाँ नफरती बातें तो खूब हुईं परन्तु स्वच्छता को लेकर किसी तरह की बात उपस्थित लोगों को नहीं बताई गयी। यहाँ गांव गांव में अनेक मंदिर मस्जिद हैं। हर तरफ से भजन व अजानों की आवाजें सुनाई देती हैं। रोजा पूरी अक़ीदत के साथ रखा जाता है मुहर्रम के जुलूस निकलते हैं परन्तु यह सब प्रायः ऐसी जगहों या रास्तों पर होते हैं जहाँ से दुर्गन्ध व गंदिगी के कारण इंसान का निकलना भी दूभर है। बड़ा आश्चर्य है कि जिस रास्तों व स्थानों पर इंसान का चलना स्वास्थ्य के दृष्टिगत खतरे से खाली नहीं उन जगहों पर लोग किस तरह भगवन या खुदा को याद करते हैं और अपने इष्टदेव को बुलाते हैं ? भला गंदिगी में भी कहीं भगवान या पीर पैगंबर या इमाम भी आते हैं ? आखिर क्यों कभी कोई इमाम अपने खुत्बे में या प्रवचन कर्ता अपने प्रवचनों में अपने अनुयायियों को सफाई के प्रति जागरूक नहीं करता। जबकि स्वर्ग व जन्नत के मार्ग सभी बताते हैं। भला गंदगी भरा नारकीय जीवन बिताने वाला शख़्स मरणोपरांत स्वर्ग या जन्नत में जाकर क्या करेगा और कैसे जायेगा ?




दरअसल बिहार में मजदूर से लेकर अधिकारी नेता मंत्री संतरी तक सभी आम तौर पर पान या खैनी (तंबाकू) खाने के 'शौक़ीन' हैं। आप यहाँ इन तंबाकू खैनी के 'कद्रदानों' को प्रायः मुंह बंद किये हुये पान,सुरती ,खैनी व तंबाकू आदि का आनंद लेते हुये देखेंगे। और यही 'महानुभाव ' जब और जहाँ चाहते हैं बेरोकटोक थूक भी देते हैं। ट्रेंस या बसों की खिड़की से बाहर,कार या चलते बाइक से थूक देना इनका स्वभाव बन चुका है। यह नहीं देखते की इनका 'पावन थूक ' किसी दूसरे पर भी पड़ सकता है। इससे किसी दूसरे को आपत्ति भी हो सकती है। हद तो यह है कि सरकारी या निजी कार्यालय, कोर्ट कचेहरी किसी विभाग का मुख्यालय लोगों के खड़े होने के सार्वजनिक अड्डे आदि सब पान की पीक से लाल नजर आएंगे। यह 'अति बुद्धिमान ' लोग जिस सीट पर बैठ कर अपना काम करते हैं वहीँ थूक देते हैं। लिफ़्ट को भी नहीं बख़्शते,रेल के डिब्बों में बाथरूम में गोया कोई जगह ऐसी नहीं जहाँ इन्होंने अपनी 'सभ्यता ' की पहचान न छोड़ी हो।

बड़ा आश्चर्य है कि प्रातः चार बजे से ही चौक चोराहों के चायखानों पर बैठकर अमेरिका इस्त्राईल, ईरान और देश विदेश की राजनीति की गहन चर्चा करने तथा बी बी सी लंदन पर समाचार सुनने वाले लोगों को यह एहसास भी नहीं होता कि जहाँ वे बैठे हैं वहां कितनी बदबू है,आसपास कितनी गंदिगी है और बैठने की जगह पर थूकना नहीं चाहिये? बड़े ही अफसोस परन्तु पूरे विश्वास से मुझे कहना पड़ रहा है कि मैं ने आजतक बिहार में किसी भी शहर के बाजारों में यहाँ तक कि राजधानी पटना से लेकर मुजफ़्फ़रपुर व दरभंगा जैसे प्रमुख शहरों के मुख्य नालों नालियों को सुचारु रूप से प्रवाहित होते नहीं देखा। यहाँ तक कि मुख्य चौराहों पर जहां दिन भर हजारों लोग आते जाते हैं वहां भी कूड़े के ढेर,उसमें मुंह मारते हुये सूअर व गोवंश आदि मिल जायेंगे। उदाहरण के तौर पर दरभंगा का एक मशहूर स्थान है बेंता चौक। दरभंगा मेडिकल कॉलेज के समीप स्थित इस चौक के आसपास मेडिकल सम्बन्धी सैकड़ों दुकानें,टेस्टिंग लैब, डॉक्टर्स, डिस्पेंसरी आदि सब कुछ हैं। खाने पीने की भी यहाँ अनेक दुकाने व रेस्टोरेंट आदि हैं। इसके मुख्य चौक पर एक छोटा सा कमल सर्किल बना है। यक़ीन कीजिये आप इस जगह पर खड़े नहीं हो सकते। यहाँ आसपास के सारे दुकानदार स्वयं इस चौक को कूड़ाघर बनाये रखते हैं। यहाँ खड़े होना रुकना तो दूर, दुर्गन्ध के चलते इसके सामने से निकलना भी आसान नहीं है। परन्तु यह जगह दरभंगा के मुख्य एवं व्यस्ततम चौक में शामिल है।

उधर बिहार के गांव के हालात तो और भी दयनीय हैं। यहाँ नाले नालियों के निर्माण के नाम पर पंचायत स्तर पर खूब लूट की गयी है।सारे के सारे नाले नालियां टूटे व जाम होने के कारण दुर्गन्ध व बीमारी का कारक बन गए हैं। उन नालों की निकासी का कोई निर्धारित मार्ग नहीं है। केवल सरकारी धन की लूट के लिये नालों व नालियों के टेंडर किये जाते हैं। सच पूछिये तो गांव के हर घर के पीछे या सामने उसका कूड़ाघर है ,वहीँ गंदे पानी का सोख़्ता है। गोया हर घर बीमारी फैलने का अड्डा है। हैरत है कि किस तरह और किस उम्मीद पर गांव के लोग अपना सरपंच व मुखिया चुनते हैं? और कितने बेशर्म होते हैं जो कुछ न कर पाने के बावजूद जनता के बीच जाकर वोट मांगते फिरते हैं? कहना गलत नहीं होगा कि इसतरह की घोर दुर्व्यवस्था के लिये केवल सरकार ही नहीं बल्कि आम लोग भी जिम्मेदार हैं। बजाये इसके कि कोई किसी को नालों व सड़कों पर कूड़ा फेंकने या सार्वजनिक स्थल को थूक से लाल करने से रोके, उलटे वह स्वयं इसी कृत्य में शामिल हो जाता है। यदि किसी ऑफिसर से शिकायत कीजिये तो वह भी ऐसे विषय पर ज्यादा तवज्जोह नहीं देता। क्योंकि वह स्वयं अपनी सीट पर बैठ कर या अपने ऑफिस की दीवारों या कोने पर थूकता रहता है। गोया गंदिगी व बदबू इस गौरवशाली राज्य की नियति बनकर रह गयी है। और इसी वजह से यह राज्य अक्सर गंभीर संक्रामक रोगों की चपेट में भी आ जाता है। शायद यही वजह है कि बिहार में कभी भी किसी भी चुनाव में गंदगी व दुर्गन्ध कोई मुद्दा ही नहीं बन पाता।

# तलाक की भेंट चढ़ते 'तेरे-मेरे सपने'



प्रियंका सौरभ

आजकल तलाक के बढ़ते मामलों ने समाज में एक नई चिंता को जन्म दिया है। चाहे अरेंज मैरिज हो या प्रेम विवाह, रिश्तों में दूरियाँ बढ़ने से वैवाहिक जीवन अस्थिर होता जा रहा है। तलाक सिर्फ.दो लोगों को ही नहीं, बल्कि उनके परिवार, बच्चों और समाज को भी प्रभावित करता है। इसलिए, इसे रोकने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने जरूरी हैं। तलाक कोई हल नहीं है, बल्कि यह आखिरी विकल्प होना चाहिए। रिश्ते को मजबूत और खुशहाल बनाने के लिए आपसी सम्मान, संवाद, धैर्य और प्रेम जरूरी हैं। यदि पति-पत्नी एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें और रिश्ते में संतुलन बनाए रखें, तो तलाक की दर को कम किया जा सकता है। प्रेम विवाह में तलाक की दर अधिक होने का कारण गलत अपेक्षाएँ, कम सहनशीलता, पारिवारिक समर्थन की कमी और संवाद की कमी है। लेकिन सही समझदारी और परिपक्वता से इसे रोका जा सकता है। शादी सिर्फ. प्यार से नहीं, बल्कि विश्वास, धैर्य और आपसी सहयोग से सफल होती है।

आज के दौर में प्रेम विवाह का प्रचलन तेजी से बढ़ा है, लेकिन इसके साथ ही तलाक की दर भी बढ़ती जा रही है। जहाँ प्रेम विवाह को प्रेम, स्वतंत्रता और आपसी समझ का प्रतीक माना जाता था, वहीं तलाक के बढ़ते मामलों ने इस धारणा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शादी सिर्फ. दो लोगों का साथ नहीं, बल्कि उनके सपनों, उम्मीदों और भावनाओं का एक संगम होती है। जब दो लोग प्रेम विवाह करते हैं, तो वे भविष्य के कई सुनहरे सपने बुनते हैं- साथ मिलकर जीने के, खुशियाँ बाँटने के और एक खूबसूरत सफर तय करने के। लेकिन जब यह सफर तलाक की कगार पर पहुँचता है, तो सबसे पहले कुचले जाते हैं 'तेरे-मेरे सपने'। शादी से पहले जो जोश, उत्साह और अपनापन होता है, वह धीरे-धीरे कई कारणों से फीका पड़ने लगता है। छोटी-छोटी गलतफहमियाँ, अहंकार की दीवारें और बदलती प्राथमिकताएँ उन सपनों को मिटाने लगती हैं, जिन्हें कभी दोनों ने मिलकर संजोया था।

शादी से पहले एक-दूसरे के लिए जो सपने देखे जाते हैं, वे हक़ीकत की ज़िम्मेदारियों के बोझ तले दबने लगते हैं। जब सपनों की दिशा अलग-अलग हो जाती है, तो रिश्ते कमजोर पड़ने लगते हैं। प्रेम सम्बंध में अक्सर लोग अपने साथी को एक आदर्श रूप में देखते हैं, लेकिन शादी के बाद जब वास्तविकता सामने आती है, तो असंतोष उत्पन्न हो सकता है। एक सफल विवाह के लिए संवाद बहुत जरूरी होता है। यदि जीवनसाथी एक-दूसरे की बातों को समझने और सुनने में असमर्थ होते हैं, तो रिश्ते में दरार आ सकती है। कई बार शादी के बाद आर्थिक दबाव और ज़िम्मेदारियों को निभाने में कठिनाइयाँ आने लगती हैं, जिससे मतभेद बढ़ सकते हैं। प्रेम विवाह में कई बार परिवार और समाज का विरोध झेलना पड़ता है। यदि दंपति मानसिक रूप से मजबूत नहीं होते, तो यह तनाव उनके रिश्ते को प्रभावित कर सकता है। यदि किसी एक साथी का व्यवहार संदेहास्पद होता है या अविश्वास उत्पन्न होने लगता है, तो यह तलाक का कारण बन सकता है। शादी के बाद जब दोनों व्यक्तियों की प्राथमिकताएँ बदलने लगती हैं और यदि उनकी सोच मेल नहीं खाती, तो रिश्ते में तनाव आ सकता है। आधुनिक समय में करियर को प्राथमिकता देने से वैवाहिक जीवन पर असर पड़ सकता है। कई बार साथी एक-दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सीमित करने लगते हैं, जिससे मतभेद बढ़ते हैं। आत्मसम्मान और अहंकार की लड़ाई शुरू हो जाती है। कौन ज्यादा सही है? यह सवाल रिश्ते को भीतर से खोखला करने लगता है और सपने टूटने लगते हैं।

केवल प्रेम ही नहीं, बल्कि समान विचारधारा, पारिवारिक पृष्ठभूमि, करियर लक्ष्य और जीवनशैली को ध्यान में रखकर जीवनसाथी का चुनाव करें। हर समस्या पर खुलकर बात करें और अपने साथी की भावनाओं को समझने का प्रयास करें। शादी से पहले और बाद में एक-दूसरे से व्यावहारिक अपेक्षाएँ रखें और उन्हें पूरा करने का प्रयास करें। किसी भी रिश्ते की नींव विश्वास होती है। अपने साथी के प्रति निष्ठावान रहें और पारदर्शिता बनाए रखें। हर रिश्ते में उतार-चढ़ाव आते हैं। किसी भी समस्या का समाधान जल्दबाजी में न निकालें, बल्कि धैर्यपूर्वक विचार करें। कभी-कभी परिवार और करीबी दोस्तों से सलाह लेना भी रिश्ते को मजबूत करने में मदद कर सकता है। यदि रिश्ते में समस्याएँ बढ़ रही हैं, तो विवाह विशेषज्ञ या काउंसलर से मार्गदर्शन लेना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। शादी के बाद भी एक-दूसरे के सपनों को समझें और उन्हें साथ मिलकर पूरा करने का प्रयास करें। हर छोटी-बड़ी बात पर चर्चा करें, अपने साथी की भावनाओं को समझें और अपनी बात को सही तरीके से सामने रखें। शादी के बाद ज़िम्मेदारियाँ बढ़ जाती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सपनों का त्याग कर दिया जाए। एक-दूसरे को सहयोग दें ताकि व्यक्तिगत इच्छाएँ पूरी हो सकें। जब रिश्ते में अहंकार आ जाता है, तो प्रेम कम होने लगता है। इसलिए हर स्थिति में प्रेम को प्राथमिकता दें। अगर लगने लगे कि रिश्ता बोझ बन रहा है, तो कुछ समय साथ बिताएँ, घूमने जाएँ, पुरानी यादों को ताजा करें और रिश्ते को नए सिरे से शुरू करने की कोशिश करें। प्रेम विवाह में तलाक की बढ़ती दर चिंताजनक है, लेकिन इसे रोका जा सकता है यदि दंपति आपसी समझ, विश्वास और धैर्य बनाए रखें।

### दैनिक पंचांग

**24 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.06 बजे से |
| चंद्र | मकर में | वृष | 08.46 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.44 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.58 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 15.14 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.26 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.37 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.51 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 00.07 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 02.13 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कुंभ | 03.59 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 05.32 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 83 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** दशमी 05.06 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 04.27 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** परिघ 16.45 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 17.28 बजे तदनन्तर विष्टि 05.06 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 01° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872293
**जूलियन दिन** 2460758.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान **तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# अखिलेश बोले- भाजपा के नेता भूमाफिया





**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- BJP के नेता भूमाफिया बन गए हैं। अयोध्या-लखनऊ में सबसे ज्यादा भाजपाइयों ने जमीनें बना ली हैं। IAS अभिषेक प्रकाश को इसलिए सस्पेंड किया गया क्योंकि पैसे का बंटवारा नहीं हो पा रहा था। अखिलेश यादव रविवार को लोहिया पार्क में डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। 'पैसों में खींचतान होने पर सस्पेंड किया' अखिलेश यादव ने कहा कि जब तक पैसा बराबर बंट रहा था, तब तक सब सही था। जैसे ही पैसों में खींचतान हुई, तो कथ्अर अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया। इससे पहले भ्रष्टाचार का खेल सरकार की नाक के नीचे फल-फूल रहा था।
लखनऊ के लोहिया पार्क में डॉ. राम मनोहर लोहिया को श्रद्धांजलि देने अखिलेश यादव पहुंचे।अखिलेश ने कहा कि मोहनलालगंज और सरोजनी नगर तहसीलों में भाजपा नेताओं ने सबसे अधिक जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है और वे भू-माफिया बन गए हैं, वे जनता के सेवक नहीं हैं। आगरा और गाजियाबाद में भाजपा विधायक खुलेआम गंभीर आरोप लगा रहे हैं। बोले- उत्तर प्रदेश को सरकार लूट रही हैअखिलेश ने आरोप लगाया कि सरकार उत्तर प्रदेश को लूट रही है। ऐसा कोई जिला नहीं बचा जहां बीजेपी ने लूटपाट न की हो। अयोध्या में भी बीजेपी नेताओं ने सबसे ज्यादा जमीनें कब्जा की हैं। बीजेपी के नेता अब भू-माफिया बन चुके हैं। लखनऊ में निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को लेकर अखिलेश ने कहा, ये अधिकारी भ्रष्टाचार कर फरार हो गया। लेकिन, खबरें हैं कि वह सीएम ऑफिस में ही छिपा बैठा है। उसके पास सैकड़ों बीघे जमीन और कई प्लॉट हैं। यूपी में अच्छी पोस्टिंग केवल उन्हीं को मिलती है, जो मुख्यमंत्री के खास होते हैं।
'एनकाउंटर के बजाय पुलिसिंग दुरुस्त करे सरकार'अखिलेश ने उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर पॉलिसी पर भी सवाल उठाया। कहा- अगर एनकाउंटर से कानून-व्यवस्था सुधर सकती है, तो पहले हुए एनकाउंटर से हालात क्यों नहीं बदले? जब तक पुलिसिंग दुरुस्त नहीं होगी, कानून-व्यवस्था ठीक नहीं हो सकती। लेकिन सरकार इसे सुधारने के बजाय सिर्फ नारेबाजी कर रही है। रामजीलाल सुमन के बयान पर उठे विवाद पर अखिलेश ने बीजेपी को घेरा। उन्होंने कहा- इतिहास के पन्ने जब पलटे जाएंगे तो ये भी याद रहेगा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के तिलक को लेकर जो विवाद है, उसका सच क्या है? इतिहास हमने नहीं लिखा, यह 200-300 साल पहले लिखा गया है। अगर इतिहास गलत है तो उसे हटाइए, लेकिन सच्चाई को दबाने की कोशिश मत कीजिए।'BJP इतिहास न पलटे, वर्ना सवाल खड़े होंगे' अखिलेश ने बीजेपी को चेतावनी देते हुए कहा- अगर इतिहास के पन्ने पलटे गए, तो सवाल उठेगा कि आखिर छत्रपति शिवाजी को बाएं पैर के अंगूठे से तिलक किसने किया था? उन्होंने कहा कि सरकार में बैठे बड़े अधिकारी क्या कर रहे हैं, इस पर मीडिया को ज्यादा जानकारी है। कहा- BJP इतिहास न पलटे, वर्ना सवाल खड़े होंगे।
उन्होंने पत्रकारों से भी सवाल किया कि क्या वे सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे? अखिलेश यादव के इस बयान के बाद यह साफ हो गया है कि समाजवादी पार्टी बीजेपी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने वाली है। अब देखना यह है कि बीजेपी की ओर से इस पर क्या प्रतिक्रिया आती है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का ओमप्रकाश जायसवाल ने बुके देकर किया स्वागत



संवाददाता
**कुशीनगर।**
भाजपा कुशीनगर के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के प्रथम जनपद आगमन पर भाजपाइयों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। कसया गांधी चौक पर भाजपा नेता और समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल और भाजपा के पदाधिकारियों ने श्री राय का माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्री जायसवाल ने शभाजपा के दूसरी बार जिलाध्यक्ष बने दुर्गेश राय को बुके और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इससे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राय का हेतिमपुर भैंसहा, पकवाइनार में स्वागत हुआ। बुद्ध स्थली कुशीनगर में पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। गांधी चौक पर सैकड़ों लोगों ने श्री राय का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## हक और सम्मान को लेकर संघर्ष को आगे आएं पत्रकार: अजय सिंह

### पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर विशेष सहमती पत्र पर हुई चर्चा



संवाददाता
**कसया, कुशीनगर।**
अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) की एक बैठक कसया तहसील क्षेत्र साखोपार स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसमें देश में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर पत्रकारों से विशेष सहमती पत्र लेने और राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, तथा राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।
रविवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह ने कहा कि एबीपीएसएस देश में लगातार पत्रकार हित को लेकर संघर्ष करता आ रहा है। संगठन का मिशन हैं पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराना। सभी के लिए कानून है लेकिन पत्रकारों के लिए कोई कानून नहीं है। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश कलावड़िया के निर्देश पर इस कानून को लागू कराने की मुहिम चलाई जा रही है। सहमती पत्र के साथ हर जिले से ज्ञापन दिया जाएगा। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक आरके भट्ट ने कहा कि पत्रकारों की चुनौतियों को देखते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून लाने के लिए मजबूती से आवाज उठाई जाय। मंडल अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा, मंडल सचिव अजय कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विनय तिवारी, ब्रजेश पांडेय, जिला सचिव आफताब आलम, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। जिला कार्यसमिति समिति सदस्य अर्जुन वेदांत ने कहा कि पत्रकार को लोकतंत्र के स्तंभ हमें कहा जाता है लेकिन लोकतंत्र के तीनों स्तंभ पत्रकार हित की बात नहीं करते। हम अगर मरते हैं तो कोई मदद को आगे नहीं आता। संगठन भी नहीं। हम खबर लिखकर पक्ष बन जाते हैं। इसलिए संगठन कोई भी हो अपने हक के लिए सभी पत्रकारों को आगे आना होगा। नैतिक मूल्यों की पत्रकारिता को लेकर प्रशिक्षण शिविर, जिला सम्मेलन, पत्रकार राहत कोष, पत्रकारों का टोल टैक्स माफ करने, आयुष्मान कार्ड बनाने, बीमा सुरक्षा की मांग को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हदया नन्द शर्मा और संचालन क्षेत्रीय महा सचिव विजय कुमार राव ने किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, जिला सचिव सुधाकर उपाध्याय, मुन्ना राय, मंतोष जायसवाल, जिला संगठन मंत्री आशुतोष श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री ज्ञानेश्वर बरनवाल, विनय उपाध्याय, कसया तहसील अध्यक्ष कामाख्या नारायण मिश्रा, अजय कुमार पाण्डेय, मस्तराज शर्मा, एबीपीएसएस महिला विंग की शीतल सिंह, संदीप कुमार सिंह, सरफराज आलम, जावेद शहाबुद्दीन, उमेश निषाद, संतोष सिंह, बिट्टू बाबू, संजय सिंह, उदित वर्मा सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुख की शहादत को किया याद



संवाददाता
**कसया, कुशीनगर।** शहीद दिवस के अवसर पर शहीद पार्क कसया में शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुख की शहादत को याद करते हुए शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। रविवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, नौजवान सभा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माकपा के जिला सचिव कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को ब्रिटिश राज की गुलामी से आजाद कराने लिए शहीदों ने अपनी जान की बाजी लगा दी। भगत सिंह का सपना एक ऐसे भारत का निर्माण करने था। जिसमें गरीबी, लाचारी, भुखमरी और शोषण से सबको आजादी मिले। लेकिन देश की परिस्थितियां भगत सिंह के सपनों के आजाद भारत से अलग दिख रही है। उद्योगों और सरकारी उपक्रमों के निजीकरण, कृषि लागत में बढ़ोतरी हो रही है। पूंजीपतियों के कर्जों को माफ किया जा रहा है जबकि कर्ज की वजह से किसान आत्म हत्या कर रहे हैं। बेरोजगारी, महंगाई बड़ी तेजी से बढ़ रही है। युवा बेरोजगार हो रहे हैं। भगत के सपनों का भारत निर्माण का संकल्प लें। इस दौरान मोहम्मद इदरीश, दुर्गा यादव, गेंदा सिंह, बीपी गुप्ता, दुर्गा यादव, रामेश्वर सिंह, होसिल, कलामुद्दीन, रामनरेश यादव, जवाहर शर्मा, कैलाश गिरी, शंकर प्रसाद, राजेंद्र सिंह, शम्भु यादव आदि मौजूद रहे।

### संभल हिंसा- जामा मस्जिद के सदर को जेल भेजा



**संभल।** हिंसा के 4 महीने बाद जामा मस्जिद के सदर जफर अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले पुलिस ने जफर अली को रविवार सुबह 11 बजे घर से उठाया। करीब 4 घंटे कोतवाली में पूछताछ की। जफर अली को अब चंदौसी कोर्ट ले जाया गया है। वहीं, जफर अली की गिरफ्तारी के बाद उनके साथी अधिवक्ता पुलिस की गाड़ी के पीछे भागने लगे। लोगों ने जफर अली जिंदाबाद के नारे लगाए। जफर अली का घर मस्जिद से 100 मीटर दूर है। तनाव को देखते हुए इलाके में 200 से ज्यादा जवान तैनात किए गए हैं। 5 थानों की फोर्स भी जामा मस्जिद इलाके में तैनात है। SP केके बिश्नोई, उड अनुज चौधरी फ्लैग मार्च कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दंगा भड़काने की साजिश रचने में जफर अली को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि उन्होंने कहा, मैंने कोई हिंसा नहीं भड़काई है। संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। इसके एक दिन बाद (25 नवंबर को) पुलिस ने जफर को उठाया था और कोतवाली में उनसे पूछताछ की थी।गिरफ्तारी के बाद जफर अली को करीब रैपिड रिएक्शन फोर्स (फम्फ्र) के 50 जवानों और पुलिस वालों की सुरक्षा में पुलिस जीप में बैठाया गया। गिरफ्तारी के समय जफर अली अपनी अधिवक्ता की पोशाक में थे। उन्होंने काले कोट को अपने हाथ में ले रखा था।पुलिस जीप में बैठते हुए जफर अली ने हाथ हिलाकर लोगों से समर्थन मांगा। इसके बाद वह जीप में बैठ गए। जिस समय जफर अली को चंदौसी की ADJ कोर्ट द्वितीय ले जाया जा रहा था, सड़क के दोनों साइड RRF के जवान मुस्तैद रहे। उनके अलावा ASP (उत्तरी) श्रीश्चंद्र, सीओ संभल अनुज चौधरी, SIT प्रभारी सीओ असमोली कुलदीप सिंह, थाना क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर अमरीश कुमार, थाना कैलादेवी इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह, थाना हयातनगर एसओ चमन सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। जफर अली जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हैं। मुस्लिम समाज में इन्हें सदर कहा जाता है। जफर अली की गिरफ्तारी के बाद उनके बड़े भाई ताहिर अली कोतवाली पहुंचे। उन्होंने बताया- सुबह करीब 11.30 बजे इंस्पेक्टर साहब और जांच अधिकारी घर पहुंचे। पूछने पर बताया था कि सीओ कुलदीप सिंह बात करना चाहते हैं। जांच आयोग के सामने बयान देना था, इसलिए जानबूझकर उनको पुलिस जेल भेज रही है, लेकिन कोई बात नहीं। भाई ने कहा कि जफर अली ने हिंसा के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो बयान दिया था, वह उससे पीछे नहीं हटेंगे। वो बयान देंगे कि पुलिस ने गोली चलाई थी। पुलिस की गोली से ही ये लोग मारे गए थे। वो कह रहे हैं, मैं जेल जाने के लिए तैयार हूं, लेकिन सच्चाई से पीछे नहीं हटूंगा। हम लोग कोर्ट में केस लड़ेंगे। संभल का प्रशासन लोगों को भड़का रहा है। तनाव खत्म नहीं करना चाहता। हम तनाव खत्म करना चाहते हैं। जितने भी उच्च अधिकारी हैं, सब संभल में तनाव पैदा कर रहे हैं। जफर अली को हिरासत में लिए जाने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में उनके साथी अधिवक्ता संभल कोतवाली पहुंच गए और विरोध जताने लगे। अधिवक्ताओं ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए तत्काल जफर अली को रिहा करने की मांग की।

## पेशाब करने से रोका..मां की गाली दी





**लखनऊ।** घर के बाहर पेशाब करने से रोकने और गाली देने पर बुजुर्ग महिला की हत्या शनिवार (15 मार्च) को हुई थी। आरोपी ने शव को खंडहर पड़े मकान में छुपा दिया था। लखनऊ की गोसाईं गंज पुलिस ने रविवार (23 मार्च) आरोपी LLB छात्र को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा किया।आरोपी तुषार उर्फ विशाल वर्मा मृतका का पड़ोसी था। दोनों परिवारों में पहले से रंजिश होने की बात सामने आई है। गोसाईगंज के कपेरा का पुरवा गांव में बुजुर्ग महिला जगराना (60) का शव गांव के एक बंद पड़े पुराने मकान की बाउंड्री वॉल के पास मिला था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। फोरेंसिक टीम ने जांच की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था। CCTV फुटेज से पकड़ा डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि शुरूआत में मृतका के पति जगमोहन और एक व्यक्ति आशाराम के बीच पुराने विवाद को वजह माना गया। आशाराम पर शक इसलिए था क्योंकि होली पर उसकी जगराना के बेटे मंशाराम से कहासुनी हुई थी। पुलिस ने जब घटनास्थल के पास रामप्रकाश वर्मा की दुकान का सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो एक युवक संदिग्ध दिखा। वह बार-बार घटनास्थल वाली गली में आ-जा रहा था। वह पसीना पोंछते हुए और घबराया हुआ नजर आया। युवक की पहचान तुषार के रूप में हुई। उसको गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने जगराना की हत्या करने की बात कबूली।
मां को गाली दी, इसलिए मार दिया आरोपी तुषार ने पुलिस को बताया- 15 मार्च को अपने घर के पास शिवशंकर जायसवाल के खंडहर पड़े मकान के एक कोने में पेशाब कर रहा था। तभी हमारे गांव की रहने वाली जगमोहन की औरत रामप्रकाश चाचा की दुकान की तरफ जा रही थी। उसने मुझे पेशाब करते देख लिया और रुककर मुझे गाली देने लगी। मेरी मां को बहुत गन्दी गन्दी गाली दी। उन्होंने बताया- मुझे बर्दाश्त नहीं हुआ, मैंने उसका गला पकड़कर अकेले ही खंडहर के अन्दर खींच ले गया। जमीन पर गिराकर कमरे में पड़ी लोहे की रॉड से उसके सिर और मुंह पर मार दिया। वह बेहोश हो गई तो एक ईंट उठाकर उसके मुंह पर कई बार किए। तुषार ने बताया- जगराना मौके पर ही वह मर गई। उसके शव को खींचकर कमरे में पश्चिमी दीवाल की तरफ छिपाकर रख दिया। उसके शरीर पर पास से मिट्टी उठाकर डाल दिया, जिससे से खून आदि नजर नहीं आए। लोहे की रॉड गांव के बाहर बम्बा (नहर माइनर) में फेंक दी। पुलिस ने बरामद किया हथियार डीसीपी ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर नहर के माइनर से लोहे की रॉड बरामद कर ली गई है।

## राजेश जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय का हुआ भव्य स्वागत



संवाददाता
**कुशीनगर।** भाजपा कुशीनगर जिले के पुनः अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पहली बार जनपद में पहुंचने पर श्री दुर्गेश राय का ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने अपने सहयोगियों के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री राजेश जायसवाल ने कहा कि श्री दुर्गेश राय का मृदुभाषी स्वभाव, सहृदयता और संगठन के प्रति उनका समर्पण ही उन्हें पुनः जिलाध्यक्ष बनाए जाने का आधार बना। उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलेगी और कार्यकताओं को और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। श्री राय के दोबारा जिलाध्यक्ष बनने से जमीनी स्तर पर कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। संगठन को मजबूती देने के लिए वह लगातार कार्य कर रहे हैं और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।
इस दौरान मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, इंद्रजीत कुशवाहा, ब्रजेश पांडेय, विनय तिवारी, दिनेश सिंह, युवा नेता गौरव जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने जिलाध्यक्ष श्री दुर्गेश राय का स्वागत कर उनके नेतृत्व में पार्टी को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## रोटरी क्लब: रक्तदाताओं ने किया रक्तदान, विधायक पी.एन. पाठक भी बने प्रेरणा स्रोत



संवाददाता
**कुशीनगर।** रोटरी क्लब कुशीनगर-3120, नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा), रेडक्रॉस सोसाइटी एवं कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त प्रयास से रविवार, 23 मार्च को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, गांधी चौक, कसया-कुशीनगर में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर में 71 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल पेश की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक ने फीता काटकर शिविर का शुभारम्भ साथ ही रक्तदान करके सभी को रक्तदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया।
विधायक श्री पाठक ने अपने संबोधन में कहा, ₹रक्तदान एक महान सेवा है, जिससे न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं।₹ उन्होंने आयोजकों और रक्तदाताओं की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने की आवश्यकता पर बल दिया।
रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ₹रक्तदान महादान है, यह एक ऐसा उपहार है जो किसी की जान बचा सकता है।₹ उन्होंने सभी सहयोगी संस्थाओं और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। अभियान के अंतर्गत एक दिन में 150,000 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें कुशीनगर ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।
शिविर में रेडक्रॉस सोसाइटी के स्वास्थ्य विशेषज्ञों और कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया। रक्तदाताओं को रक्तदान करने के बाद स्मृति चिन्ह एवं शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु के परिजनों के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिविर में नगरपालिका प्रशासन, चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में युवा वर्ग की विशेष भागीदारी देखने को मिली, जिससे रक्तदान के प्रति जागरूकता और बढ़ी। रक्तदान करने वालों में कुशीनगर के विधायक जी पंचानन पाठक, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, राज सिंह, अनुराग मिश्रा, पंकज, राजेश जायसवाल, नसीम हुसैन, गौतम कुमार पटेल, सुशील कुमार, हिमांशु द्विवेदी, अनुराग द्विवेदी, दिलीप कुमार शर्मा, हेमंत गर्ग, विनय सिंह, अजय कुमार सिंह, प्रदीप जायसवाल, आलोक खरवार, दीपेश कुमार सिंह, अमित जायसवाल, अखिलेश शर्मा, ,अतुल कुमार श्रीवास्तव, रिंकू कुमार, अरुण कुमार वर्मा, आयुष दुबे, निधि सिंह, संतोष कुमार, मुकेश कुमार गुप्ता, विशाल शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, संजय चौधरी, रेनू सिंह, ऋतुराज पाण्डेय, प्रमोद कुमार चौहान, राहुल जायसवाल मुख्य आदि रहे। इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली, युवा अधिकारी सचिन कुमार, क्रीड़ा अधिकारी रवि निषाद, अनिल प्रताप राव, आद्या दुबे, सुमित जायसवाल, सचिव अजय सिंह, उपाध्यक्ष साहिल अहमद, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव अखिलेश शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, निदेशक डॉ. सुनील सिंह, निदेशक अमित श्रीवास्तव, सार्जेन्ट एट आर्म्स विजय कृष्ण द्विवेदी, मीडिया प्रभारी अरुण वर्मा, गौरव मद्धेशिया, फैयाज खान, इम्तियाज आलम, विशाल शर्मा, अश्वनी जायसवाल, डॉ. जे.के.पटेल, सरवरे आलम छोटे, हसमुद्दीन अंसारी, राजीव तिवारी, हेमन्त गर्ग, उमेश कुमार जायसवाल कुन्नू जी, सत्येन्द्र राय, वैभव राव, शिवजी जायसवाल, दीपेश कुमार सिंह, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, राजू चौहान, अनामिका सिंह, मनीष, रेहमा एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

# जनवरी-मार्च में नौ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री घटकर 1.06 लाख इकाई रहने का अनुमान

- दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में इस तिमाही में बिक्री में देखी जा सकती है तेजी

नई दिल्ली ।

चालू वित्तीय वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में देश के नौ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 23 प्रतिशत घटकर 1.06 लाख इकाई रहने का अनुमान है। एक रियल एस्टेट डेटा विश्लेषण कंपनी की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में घरों की बिक्री पिछले साल की इसी अवधि के 1,36,702 इकाई से घटकर 1,05,791 इकाई रहने का अनुमान है। नौ प्रमुख शहरों में केवल दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में इस तिमाही में बिक्री में तेजी देखी जा सकती है। एक रियल स्टेट कंपनी के अधिकारी सीईओ ने कहा कि आवास बाजार में तीन साल की रिकॉर्ड आपूर्ति के बाद कुछ 'करेक्शन' देखने को मिल रहा है, जिसके कारण बिक्री में भी गिरावट का रुख है। चालू तिमाही में आवासीय संपत्तियों की नई आपूर्ति 34 प्रतिशत घटकर 80,774 इकाई रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,22,365 इकाई थी। घरों की कीमतों में वृद्धि और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों तथा भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ कमजोरी के कारण निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं जिससे बिक्री में गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार जनवरी-मार्च, 2025 में बेंगलुरु में घरों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 18,508 इकाई रहने की संभावना है, जो एक साल पहले समान तिमाही में 16,768 इकाई थी। दिल्ली एनसीआर में भी बिक्री में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,235 इकाई से 11,221 इकाई होने की उम्मीद है। हालांकि, चेन्नई में आवासीय संपत्तियों की बिक्री 4,962 इकाई से दो प्रतिशत घटकर 4,858 इकाई रहने का अनुमान है। हैदराबाद में बिक्री में 47 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

हैदराबाद में बिक्री 20,835 इकाई से घटकर 11,114 इकाई रहने का अनुमान है। इसी तरह कोलकाता में भी घरों की बिक्री 5,882 इकाई की तुलना में 28 प्रतिशत घटकर 4,219 इकाई रहने का अनुमान है।

# वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी

## - डॉलर के मुकाबले रुपये के रुख और कच्चे तेल के दाम पर भी रहेगी बाजार की नजर




मुंबई ।

इस सप्ताह वैश्विक रुझान, शुल्क से जुड़े घटनाक्रम और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां घरेलू शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। यह राय विश्लेषकों ने जताई है। पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांक चार प्रतिशत से अधिक चढ़ गए। एक विशेषज्ञ ने कहा कि निवेशकों की धारणा में सुधार, विदेशी पूंजी प्रवाह और सकारात्मक वैश्विक घटनाक्रमों से बाजार में यह तेजी आई। एक बाजार विश्लेषक ने उम्मीद जताई है कि आकर्षक मूल्यांकन और आर्थिक पुनरुद्धार के संकेतों के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय बाजार में वापसी से यह तेजी जारी रहेगी। एक विश्लेषक ने कहा कि निवेशकों की नजरें डॉलर के मुकाबले रुपये के रुख और वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम पर भी रहेगी। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर कोई प्रमुख आर्थिक घटनाक्रम नहीं होने की वजह से सभी का ध्यान मार्च के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान और एफआईआई की गतिविधियों पर रहेगा। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बाजारों पर सभी की नजर रहेगी। शुल्क से संबंधित घटनाक्रम और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। उन्होंने कहा कि हालांकि, तेज गिरावट के बाद अमेरिकी बाजारों में अस्थायी राहत देखने को मिली है, लेकिन मिले-जुले संकेतों से आने वाले सत्रों में संभावित रूप से कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख ने कहा कि घरेलू बाजार ने लगातार सुधार के साथ सप्ताह का समापन किया है। जोखिम-मुक्त दरों में प्रत्याशित कमी, डॉलर सूचकांक में सुधार की वजह से उभरते बाजारों में निवेश प्रवाह लौट रहा है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली अब कम हो गया है और वे शुद्ध लिवाल बन गए हैं। इससे घरेलू बाजार की धारणा में सुधार हुआ है।

# टेस्ला के भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना

- भारतीय उत्पादकों के लिए एक बड़ा अवसर खुलने की संभावना




नई दिल्ली ।

भारतीय ऑटोमोबाइल और टेक्नोलॉजी उद्योग में एक बड़ा बदलाव आने वाला है, क्योंकि ग्लोबल ऑटोमोबाइल उत्पादक कंपनी टेस्ला भारतीय बाजार में अपना कदम बढ़ाने की योजना बना रही है। टेस्ला की भारत में मैन्युफैक्चरिंग इकाई की स्थापना के लिए बातचीत के दौरान, भारतीय उत्पादकों के लिए एक बड़ा अवसर खुलने की संभावना है। टेस्ला के भारत में प्रवेश के बाद, टाटा ग्रुप की कंपनियां जैसे टीसीएस, टाटा ऑटोकॉम्प, टाटा टेक्नोलॉजीज और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने टेस्ला के महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता बनने का मौका पकड़ा है। इसके साथ ही भारतीय कंपनियों को भी विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक नया द्वार खोलने का अवसर मिलेगा। टेस्ला ने भारतीय कंपनियों से विभिन्न घटकों की खरीदारी की योजना बनाई है, जिनमें वायरिंग हार्नेस, इलेक्ट्रिक मोटर्स, गियरबॉक्स, फोर्ज्ड पार्ट्स, कास्टिंग्स, शीट मेटल, उच्च मूल्य वाली इलेक्ट्रॉनिक्स, सस्पेंशन सिस्टम्स और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन शामिल हैं। भारत के अनेक क्षेत्रों में जानी-मानी उत्पादकों के साथ करार कर टेस्ला ने भारतीय उत्पादकों के लिए नए व्यापारिक अवसर खोले हैं। इस बड़े कदम के साथ, टेस्ला के भारत में भविष्य के योजनाएं में भी भारतीय आर्थिक संगठनों और कंपनियों की साइबर में सहयोग और भागीदारी की संभावना है। इसके साथ ही टेस्ला की स्थिति मजबूत होने से भारतीय उद्यमियों को भारतीय औद्योगिक क्षेत्र में माजूद रोजगार और उत्पादन के विस्तार का आधार प्राप्त होगा। इस तरह, टेस्ला के भारत में विदेशी उत्पादकों के साथ संबंध बनाने से न केवल उद्यमियों का पूंजी लाभ होगा, बल्कि भारतीय उत्पादकों को भी दुनिया के स्तर पर स्थान बनाने का मौका मिलेगा।

# इंडसइंड बैंक में अक्टूबर तक हो सकती है नए सीईओ की नियुक्ति: रिपोर्ट

- नए सीईओ का चयन करने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली ।

इंडसइंड बैंक के मौजूदा सीईओ सुमंत काठपलिया का कार्यकाल समाप्त होने वाला है और नए सीईओ का चयन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बैंक बोर्ड ने अक्टूबर तक नए सीईओ का चयन करने का निर्णय लिया है, जिसमें संभावित नामों का समावेश हो सकता है। इसी बीच, इंडसइंड बैंक ने अपनी डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में पाई गई विसंगतियों की जांच के लिए एक स्वतंत्र पेशेवर फर्म को नियुक्त किया है। इस जांच में डेरिवेटिव अनुबंधों के लेखा उपचार की सटीकता और उनके वित्तीय प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा। इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक को भी सक्रिय रूप से शामिल किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक आरबीआई इस मामले में पूरी जिम्मेदारी का आकलन करेगा और उचित कदम उठाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इन विसंगतियों का प्रभाव बैंक के शुद्ध मूल्य पर 2.35 फीसदी तक हो सकता है, जिससे बैंक की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो सकती है। जमाकर्ताओं को आश्वस्त करने के लिए आरबीआई ने इंडसइंड बैंक की वित्तीय स्थिति को लेकर सारे सवालों का समाधान करने का दावा किया है। बैंक की प्रतिष्ठित योजनाएं और सावधानियां इस समय जोर पर हैं और सभी दिशाओं से उन्हें समर्थन मिल रहा है। इंडसइंड बैंक की यह घटनाएं वित्तीय समुदाय में गहरी चर्चा में हैं




और नए सीईओ के चयन से इसका मार्केट पर क्या प्रभाव होगा, यह देखने लायक है। इसके साथ ही, विसंगतियों के समाधान और वित्तीय स्थिति के सुधार के लिए अब किस प्रकार के कदम उठाए जाएंगे, यह भी बातचीत का विषय बन रहा है।

# अप्रैल से कारों के दाम बढ़ेंगे, कंपनियों ने की घोषणा

- बीएमडब्ल्यू जैसी कंपनियों ने भी अपनी वाहनों की कीमतों में इजाफा करने की घोषणा की

नई दिल्ली ।

अप्रैल से देश में अधिकांश कंपनियों की कारों की कीमतों में इजाफा होने की संभावना है। उत्पादन लागत और परिचालन खर्च में वृद्धि के बीच, मारुति सुजुकी, महिंद्रा और महिंद्रा, हुंदै जैसी बड़ी कंपनियों ने द्वारा दाम बढ़ाने की घोषणा की है। देश की सबसे बड़ी यातायात कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने सभी मॉडलों की कीमत में चार प्रतिशत तक का वृद्धि करने की घोषणा की है। इसके अलावा, टाटा मोटर्स, महिंद्रा और महिंद्रा, किआ, होंडा, रेनो, बीएमडब्ल्यू जैसी कंपनियों ने भी अपनी वाहनों की कीमतों में इजाफा करने की घोषणा की है। कारों की कीमतों में इस बढ़ोतरी के पीछे कई कारण हैं, जैसे यूटिलिटी एवं वाणिज्यिक वाहनों की मांग में कमी और नए फीचर्स के जोड़ने से परिचालन लागत में वृद्धि। इसके साथ ही, मुद्रा में उतार-चढ़ाव से भी कारों के दाम पर असर पड़ रहा है। कार उत्पादन क्षेत्र के लीडरों का मानना है कि कीमत में इस तरह की बढ़ोतरी एक सामान्य प्रक्रिया है, जो यूटिलिटी एवं वाणिज्यिक वाहनों की मांग में कमी और अन्य कारणों के कारण संभावित है। वाहन क्षेत्र के जानकारों ने कहा कि भारत में कार विनिर्माता आमतौर पर दो बार कीमतों में बढ़ोतरी करते हैं। एक कैलेंडर वर्ष की शुरुआत में और दूसरा वित्त वर्ष की शुरुआत में। उन्होंने कहा कि बढ़ोतरी की सीमा अलग-अलग हो सकती है, यह मुद्रा में उतार-चढ़ाव से संबंधित हो सकता




है, जहां हमें समान उत्पाद, वस्तु या कलपुर्जा आयात करने के लिए अधिक खर्च करने की आवश्यकता होती है। पिछले छह महीनों में रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे आयात पर अधिक निर्भर क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। इसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्पादन की लागत पर असर पड़ता है।

## एनपीसीआई ने लागू किए नए नियम

- यूपीआई उपयोग करने वाले 1 अप्रैल से पहले बैंक से मोबाइल नंबर अपडेट करें

नई दिल्ली ।

भारतीय नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने नए नियम लागू किए हैं, जिसके अनुसार अगर आप यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको अपना बैंक से लिंक्ड मोबाइल नंबर 1 अप्रैल से पहले अपडेट कर लेना होगा। यह कदम डिजिटल पेमेंट को सुरक्षित बनाने के लिए उठाया गया है। एनपीसीआई ने इस प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म और मोबाइल नंबर रिवोकेशन लिस्ट का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स को अपने डेटाबेस को 31 मार्च तक अपडेट करने की निर्देश दी है। यदि आपका मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होगा, तो आपके यूपीआई ट्रांजैक्शन संभव नहीं होंगे। इसलिए, बैंक ग्राहकों से अनुरोध है कि वे जल्दी से जल्दी अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा लें और यूनिफाइड पेमेंट्स सेवाओं का निरंतर लाभ उठा सकें। इससे न केवल आपकी सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि फर्जीवाड़े से भी बचाव होगा। इसलिए, आज ही अपना मोबाइल नंबर अपडेट करें और अपनी डिजिटल सुरक्षा बढ़ाएं।



## विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से निकाले 1,794 करोड़ रुपए

पिछले सप्ताह में एफआईआई की निकासी 60.4 करोड़ डॉलर रही थी

**नई दिल्ली** । भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के बिकवाली दबाव में अब कमी देखी जा रही है। एफपीआई ने पिछले सप्ताह शुद्ध रूप से 1,794 करोड़ रुपये (19.4 करोड़ डॉलर) के शेयर बेचे हैं। हालांकि एफपीआई का रुख कुछ सकारात्मक होने के बावजूद यह उनकी बिकवाली का लगातार 15वां सप्ताह रहा। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का सतर्क रुख बरकरार रहेगा। वे अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर रुख, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, आर्थिक परिदृश्य पर कुछ स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 1,794 करोड़ रुपये (19.4 करोड़ डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इसकी तुलना में छुट्टियों के कारण कम अवधि वाले पिछले सप्ताह में उनकी निकासी 60.4 करोड़ डॉलर रही थी। पिछले सप्ताह एफपीआई ने दो मौकों पर शुद्ध खरीदारी की। एक बाजार विश्लेषक ने कहा कि एफपीआई की बिकवाली में हालिया उलटफेर ने बाजार की धारणा को बेहतर बनाया है, जिससे 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में बाजार में तेजी आई। हालांकि, एफपीआई के रुख में बदलाव के बावजूद मार्च में उनकी बिकवाली 31,719 करोड़ रुपये रही है। इससे पहले फरवरी में उन्होंने 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे।

## पीएसबी का लाभांश भुगतान 33 प्रतिशत बढ़कर हुआ 27,830 करोड़ रुपए

- बैंकों की वित्तीय सेहत में सुधार का संकेत

**नई दिल्ली** । बीते वित्त वर्ष 2023-24 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का लाभांश भुगतान 33 प्रतिशत बढ़कर 27,830 करोड़ रुपये रहा है। यह इन बैंकों की वित्तीय सेहत में सुधार का संकेत है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पीएसबी ने 2023-24 में शेयरधारकों को 27,830 करोड़ रुपये का लाभांश दिया है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 20,964 करोड़ रुपये रहा है। इस तरह पीएसबी के लाभांश भुगतान में 32.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कुल 27,830 करोड़ रुपये के लाभांश में से लगभग 18,013 करोड़ रुपये का भुगतान सरकार को उसकी शेयरधारिता के लिए किया गया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, सरकार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से लाभांश के रूप में 13,804 करोड़ रुपये मिले थे। गौरतलब है कि सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों ने 2022-23 में 1.05 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के मुकाबले 2023-24 में 1.41 लाख करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक कुल शुद्ध लाभ दर्ज किया है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में उनका शुद्ध लाभ 1.29 लाख करोड़ रुपये रहा है। शेयर बाजारों के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान पीएसबी के 1,41,203 करोड़ रुपये के कुल लाभ में से एसबीआई का अकेले 40 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा रहा। एसबीआई ने 61,077 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष (50,232 करोड़ रुपये) की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है।

# सेंसेक्स की प्रमुख नौ कंपनियों का मार्केट कैप 3.06 लाख करोड़ बढ़ा

- सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल को हुआ

नई दिल्ली ।

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 3,06,243.74 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 64,426.27 करोड़ रुपये बढ़कर 9,47,628.46 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान सबसे ज्यादा लाभ आईसीआईसीआई बैंक को ही हुआ। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 53,286.17 करोड़ रुपये बढ़कर 9,84,354.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 49,105.12 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 13,54,275.11 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बाजार मूल्यांकन 39,311.54 करोड़ रुपये बढ़कर 17,27,339.74 करोड़ रुपये पर और बजाज फाइनेंस का 30,953.71 करोड़ रुपये बढ़कर 5,52,846.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 24,259.28 करोड़ रुपये बढ़कर 12,95,058.25 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 22,534.67 करोड़ रुपये बढ़कर 6,72,023.89 करोड़ रुपये रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 16,823.08 करोड़ रुपये बढ़कर 5,28,058.89 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 5,543.9 करोड़




रुपये जोड़े, जिससे उसका बाजार मूल्यांकन 6,61,364.38 करोड़ रुपये हो गया।

इस रुख के विपरीत आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 7,570.64 करोड़ रुपये घटकर 5,07,796.04 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## बोइंग ने भारत में 180 कर्मचारियों को बाहर निकाला

**नई दिल्ली** । अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने बेंगलुरु में अपने इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी केंद्र के 180 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर रही बोइंग के भारत में करीब 7,000 कर्मचारी हैं। पिछले साल बोइंग ने वैश्विक स्तर पर करीब 10 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की थी। एक सूत्र ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों की संख्या में कटौती के तहत बोइंग ने अपने बेंगलुरु के बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी सेंटर के 180 कर्मचारियों को 2024 की दिसंबर तिमाही में बाहर का रास्ता दिखाया है। इस बारे में बोइंग की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्र ने कहा कि कंपनी का प्रयास है कि इस छंटनी से उसके ग्राहकों और सरकार के साथ परिचालन पर कोई असर नहीं पड़े। इसी के मद्देनजर कंपनी ने रणनीतिक समायोजन किया है जिससे सीमित संख्या में पद प्रभावित हुए हैं।

# एयर इंडिया का लंबी दूरी की उड़ानों के लिए 'लैंडिंग' शुल्क में कमी का सुझाव

- अत्यधिक लंबी दूरी की उड़ानों को उतारने (लैंडिंग) के शुल्क में प्रोत्साहन की मांग

**नई दिल्ली** । एयर इंडिया ने दिल्ली हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय लंबी दूरी तथा अत्यधिक लंबी दूरी की उड़ानों को उतारने (लैंडिंग) के शुल्क में प्रोत्साहन की मांग की है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन कंपनी ने हवाई अड्डा आर्थिक नियामक प्राधिकरण (एईआरए) को 2024-29 नियंत्रण अवधि के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर शुल्क प्रस्तावों को लेकर सुझाव दिए हैं। एयरलाइन बढ़ती हवाई यातायात की मांग को पूरा करने के लिए धीरे-धीरे अपने बड़े आकार के विमानों के परिचालन के साथ नेटवर्क का विस्तार कर रही है। एयर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बाजार की आर्थिक संरचना भारत को विमानन केंद्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करनी चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की परिचालनक डायल ने इकनॉमी और बिजनेस श्रेणी के यात्रियों के साथ-साथ व्यस्त और गैर-व्यस्त घंटों के लिए अलग-अलग उपयोगकर्ता शुल्क का प्रस्ताव दिया है। एयर इंडिया के अनुसार परिवर्तनीय शुल्क प्रस्ताव में दिल्ली हवाई अड्डे पर आई2आई (अंतरराष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय) यातायात बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन शामिल होना चाहिए, जिसे नियामक द्वारा पेश किया जा सकता है। अन्य सुझावों में एयर इंडिया ने कहा है कि एईआरए को लंबी दूरी और अत्यधिक लंबी दूरी की उड़ानों के लिए लैंडिंग शुल्क में प्रति मीट्रिक टन के आधार पर कम-से-कम 30 प्रतिशत की कटौती करनी चाहिए। आमतौर पर, लंबी दूरी की उड़ानों की अवधि नौ घंटे से अधिक होती है, जबकि अत्यधिक लंबी दूरी की उड़ानें 16 घंटे या उससे अधिक अवधि की होती हैं। एयर इंडिया उत्तरी अमेरिका के लिए अत्यधिक लंबी दूरी की उड़ानों का परिचालन करती है। एयर इंडिया में शासन, नियमन और अनुपालन (जीआरसी) तथा कॉरपोरेट मामलों के समूह प्रमुख पी बालाजी के हस्ताक्षर वाले इन सुझावों में कहा गया है कि एईआरए को घरेलू उड़ानों में बड़े आकार के विमानों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए लैंडिंग शुल्क में छूट और यूडीएफ शुल्क में 20 प्रतिशत की कमी करने पर विचार करना चाहिए।

## कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने रिलायंस इंडस्ट्रीज ने दुबई की कंपनी से मिलाया हाथ

मुंबई । देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पेट्रोकेमिकल्स इंडस्ट्री के लिए एक इनोवेटिव लॉजिस्टिक सॉल्यूशन पेश करने के लिए दुबई की कंपनी डीपी वर्ल्ड के साथ हाथ मिलाया है। इस पार्टनरशिप के तहत मालढुलाई को सड़क से रेल की ओर स्थानांतरित कर कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की तैयारी है। लॉजिस्टिक ऑपरेटर डीपी वर्ल्ड ने कहा कि नया समाधान रिलायंस इंडस्ट्रीज के जामनगर संयंत्र को अहमदाबाद में डीपी वर्ल्ड के अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) और फिर मुंद्रा बंदरगाह से जोड़ेगा। इसके पहले मुंद्रा-जामनगर-मुंद्रा के बीच आवाजाही के दौरान प्रत्येक कंटेनर को करीब 700 किलोमीटर का सड़क परिवहन करना होता था। कंपनी की ओर से बताया गया कि नए समाधान के साथ, करीब 700 किलोमीटर लंबे अहमदाबाद-जामनगर-मुंद्रा मार्ग को रेल मार्ग में बदल दिया गया है। यह इंटिग्रेटेड रेल सेवा 1,260 टन तक माल का परिवहन कर सकती है और एक बार में 45 कंटेनरों को जोड़ती है। इससे कई ट्रेलरों और वाहन चालकों की जरूरत कम होती है। डीपी वर्ल्ड मरीन सर्विसेज के वैश्विक मुख्य परिचालन अधिकारी गणेश राज ने कहा कि यह इनोवेटिव इनिशिएटिव न केवल रिलायंस की टिकाऊ प्रतिबद्धताओं के अनुरूप है बल्कि उनकी बढ़ती परिचालन मांगों को भी पूरा करती है।

## एलन मस्क के चैटबॉट ने भारत में सोशल मीडिया पर बवाल मचाया

**नई दिल्ली** । एलन मस्क के एआई चैटबॉट ग्रोक की वजह से भारत में सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है। इसकी वजह बनी चैटबॉट की बोलचाल की भाषा, जिसमें उसने हिंदी स्लैंग (गाली जैसी भाषा) का इस्तेमाल कर दिया। मामला तब शुरू हुआ जब एक यूजर ने एक्स पर ग्रोक से 10 बेस्ट म्यूचुअल्स के बारे में पूछा। जब चैटबॉट ने तुरंत जवाब नहीं दिया तो यूजर ने गुस्से में भद्दे शब्दों का इस्तेमाल कर दिया। इसके जवाब में ग्रोक ने भी हिंदी स्लैंग में रिप्लाई कर दिया, जिससे मामला तूल पकड़ गया. चैटबॉट का यह जवाब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और लोगों ने एआई के बिहेवियर पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। बहस इस बात पर होने लगी कि क्या एआई को यूजर की भाषा को हूबहू कॉपी करना चाहिए? इसी बीच भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने इस मामले में दखल दे दिया। मंत्रालय ने एक्स से ग्रोक को ट्रेन्ड करने वाले डेटा सेट्स की जानकारी मांगी है और चैटबॉट की भाषा पर जांच शुरू कर दी है।

# 'मैं सी.एम बना तो 3 महीने में भ्रष्टाचार खत्म करूंगा

## पप्पू यादव बोले-महागठबंधन में कांग्रेस को बड़े भाई की भूमिका में लाना जरूरी





**किशनगंज।** कोलकाता जाने के दौरान शनिवार की देर रात किशनगंज पहुंचने पर कांग्रेस सांसद पप्पू यादव का कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने राजद द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खलनायक बताने वाले पोस्टर पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार राजद के साथ सरकार में थे, तब महिलाओं पर की गई टिप्पणी पर इन लोगों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। पप्पू यादव ने कहा कि राजनीति बिहार के मुद्दों पर होनी चाहिए। उन्होंने देश में बंटवारे जैसी स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 15 साल सरकार रही उस दौरान सबसे अधिक तिरस्कार कोशी सीमांचल का किया गया । वही उनसे जब पूछा गया कि आप यदि मुख्यमंत्री बनते है तो क्या करेंगे इसके जवाब में उन्होंने कहा कि तीन महीने के अंदर भ्रष्टाचार को समाप्त कर देंगे । विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग की विशेष राज्य का दर्जा न मिलने को मुद्दा बनाने की बात कही। तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री उम्मीदवार बनने पर उन्होंने कहा कि उन्हें भी मुख्यमंत्री बनने का शौक है। उनका कहना था कि बिना कांग्रेस को बड़े भाई की भूमिका दिए भाजपा-जेडीयू को नहीं हराया जा सकता। लालू यादव पर बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि देवगौड़ा और गुजराल को प्रधानमंत्री बनवाने की बात करते हैं, लेकिन 65% आरक्षण क्यों नहीं लिया। उन्होंने कहा कि 15 साल की सरकार ने कोशी सीमांचल का सबसे ज्यादा तिरस्कार हुआ। मुख्यमंत्री बनने पर तीन महीने में भ्रष्टाचार समाप्त करने का वादा किया।बिहार के मुद्दों पर होना चाहिए राजनीति सांसद पप्पू यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए राजद द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पोस्टर लगाकर उन्हें खलनायक बताए जाने को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब राजद के साथ नीतीश कुमार सरकार में थे उस वक्त महिलाओं को लेकर किए गए टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया इन लोगों के द्वारा नहीं किया गया था । उन्होंने कहा पिता की तरह जब आप किसी से कुछ सीखते है उनके लिए मर्यादा रहनी चाहिए। पप्पू यादव ने कहा की राजनीति बिहार के मुद्दों पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश में बंटवारे जैसे हालत उत्पन्न हो चुके है जिसपर चर्चा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला इसे मुद्दा बनाए। तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनने का शौक उन्होंने कहा कि लालू यादव भी कई मामले पर बहक जाते है तो क्या उन्हें लेकर भी राजनीति किया जाना चाहिए । वही जब उनसे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे भी मुख्यमंत्री बनने का शौक है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बगैर बड़े भाई की भूमिका में लाए आप भाजपा जेडीयू को नहीं हरा सकते । उन्होंने लालू प्रसाद यादव का बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि देवगौड़ा और गुजराल को प्रधानमंत्री बनाने की बात करते है ,तब 65% आरक्षण क्यों नहीं लिया।

## 2 बाइकों की टक्कर, 1 युवक की मौत



**फतुहा।** में 2 बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार 2 युवक घायल हो गए। घटना पटना-बख्तियारपुर स्टेट हाई-वे पर महारानी चौक के पास की है। मृतक बृजेश कुमार चतुर्वेदी(28) वैशाली जिले के लालगंज के रहने वाले थे। घायलों की पहचान समस्तीपुर के कल्यापुर निवासी सतीश कुमार(28) और पटना अनीसाबाद के नीतीश कुमार(28) के तौर पर हुई है।मिठाई खरीदकर सुसराल जा रहा था परिजनों ने बताया कि बृजेश अपने ससुराल गोविंदपुर आया था। मिठाई खरीदने के लिए फतुहा चौराहे पर गया था। वहां से लौटते समय तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी।

## सीएम नीतीश कुमार पर पुष्पम प्रिया का तंज



**दरभंगा।** के लहेरियासराय स्थित इमामबाड़ी में मंगलवार शाम द प्लुरल्स पार्टी की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी अध्यक्ष पुष्पम प्रिया चौधरी भी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि अब उन्हें राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए। पुष्पम प्रिया ने हाल ही में राष्ट्रगान के दौरान नीतीश कुमार की हरकत पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अब इस पर कुछ कहने की जरूरत नहीं है। उम्र बढ़ने के साथ इस तरह की गलतियां हो जाती हैं, लेकिन उनके आसपास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो उन्हें यह बता सके कि अब उनका समय पूरा हो चुका है। 'रिटायरमेंट की उम्र यूं ही तय नहीं की जाती'

उन्होंने कहा कि अगर कोई नीतीश कुमार का शुभचिंतक है, तो उसे उन्हें यह बताना चाहिए कि उनसे अब गलतियां हो रही हैं। बिहार को उन्होंने बहुत कुछ दिया है, लेकिन अब उनके करीबियों को समझाना चाहिए कि उन्हें विनम्रता से संन्यास ले लेना चाहिए। रिटायरमेंट की उम्र यूं ही तय नहीं की जाती, यह वक्त की मांग होती है।

# पूर्णिया में तेजस्वी और पप्पू की इफ्तार पार्टी



**पूर्णिया।** में इफ्तार पार्टी के बहाने जिले की सियासत गरमा गई है। शनिवार को राजद और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। राजद की ओर से डगरूआ के बेलगच्छी में आयोजित की गई इफ्तार पार्टी में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव खुद शरीक हुए। दूसरी तरह निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की ओर से जिला स्कूल ग्राउंड में इफ्तार पार्टी आयोजित की गई। इफ्तार पार्टी के बहाने दोनों की नजर मुस्लिम-यादव वोटरों पर रही। इफ्तार पार्टी के दौरान तेजस्वी ये कहते नजर आए कि सांप्रदायिक शक्तियों से लड़ने के लिए हमेशा आप सभी ने लालू और तेजस्वी के हाथ को मजबूत किया है। सीमांचल में उनकी पार्टी अपनी शक्ति को और बढ़ाएगी। मैं, पार्टी और मेरे पिता हमेशा आप लोगों के साथ खड़े रहेंगे। सत्ता रहे या ना रहे हमें इसकी चिंता नहीं।जो लोग कभी-कभी आते हैं, उनसे सावधानहालांकि पप्पू यादव के निशा ने पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहे। उन्होंने कहा कि इससे पहले सीमांचल के इलाके में एक भी इफ्तार पार्टी नहीं हुई थी, लेकिन आज सबको मुसलमान की फिक्र होने लगी है।

## भोजपुर में तीन दोस्तों की बेहरमी से पिटाई

**भोजपुर।** जिले कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव में शनिवार को घर में गेंद चले जाने के विवाद को लेकर तीन दोस्तों की पिटाई कर दी गई, जिससे तीनों घायल हो गए। इसके बाद जख्मियों में से दो को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार घायलों में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव निवासी मोतीलाल राम का बेटा करण कुमार (19),उसी गांव के निवासी जोगिंदर राम का बेटा धनु कुमार (16) और एक अन्य युवक शामिल है। इधर, करण कुमार ने बताया कि गांव में क्रिकेट खेलने के दौरान उनका गेंद पड़ोसी के घर में चला गया। जब वे लोग पड़ोसी के घर गेंद मांगने गए तो पड़ोसी द्वारा उसके दो दोस्तों की पिटाई कर दी गई। उस समय मामला शांत हो गया था इसके बाद जब हमलोग वापस आए और जब अपने अन्य दोस्तों के साथ पूछताछ करने गया तो उन लोगों द्वारा उसकी भी पिटाई कर दी गई। वहीं दूसरी तरफ जख्मी करण कुमार ने क्रिकेट के दौरान घर में गेंद चले जाने और मांगने पर तीनों दोस्तों की डंडों से पिटाई कर जख्मी करने का आरोप लगाया है।वही मामला शांत होने के बाद जख्मी लड़कों के परिजनों ने इस घटना की शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

## औरंगाबाद सदर अस्पताल के उपाधीक्षक को हटाने की मांग



**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उपाधीक्षक डॉ. सुरेंद्र सिंह को हटाने की मांग की है। चिकित्सक सोमवार से हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। चिकित्सकों का आरोप है कि डॉ. सिंह की नियुक्ति राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आदेश का उल्लंघन करते हुए की गई है। स्वास्थ्य विभाग के आदेश ज्ञापन संख्या-507(3) के अनुसार संस्थान के सबसे वरिष्ठ सदस्य को ही उपाधीक्षक बनाया जा सकता है।

इस मामले में डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. उदय कुमार, डॉ. विनेश कुमार समेत 11 चिकित्सकों ने उद्द श्रीकांत शास्त्री और सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह को पत्र लिखा है। पत्र पर डॉ. अरुण कुमार, डॉ. देवेश भट्ट, डॉ. जमुना पांडेय, डॉ. रविभूषण शर्मा, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. खालिद राजा, डॉ. अमृत कुमार और डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने भी हस्ताक्षर किए हैं। उपाधीक्षक पर लगाए कई गंभीर आरोप सदर अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सकों ने उपाधीक्षक पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। चिकित्सकों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उपाधीक्षक भ्रष्टाचार में डूबे हैं। छुट्टी स्वीकृत करने, सरकारी कागजात पर हस्ताक्षर करने और चिकित्सकों की ड्यूटी में छूट देने के लिए भी उनके द्वारा पैसे की मांग की जाती है।

## आश्रय गृह के पास धरने पर बैठे माले विधायक-अमरजीत कुशवाहा



सीवान के भैंसाखल गांव स्थित आश्रय गृह से 20 मार्च की रात 13 नाबालिग लड़कियां फरार हो गईं। इस घटना को लेकर शनिवार की रात जिरादेई के माले विधायक अमरजीत कुशवाहा ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बता दें की विधायक कुशवाहा अपने कार्यकताओं के साथ आश्रय गृह के सामने धरने पर बैठ गए हैं।उनका आरोप है कि प्रशासन की मिलीभगत से लड़कियों को भगाया गया है। बताया कि फरार हुई लड़कियों में से 4 को आर्केस्ट्रा ग्रुप से छुड़ाया गया था। बाकी 10 लड़कियों को अलग-अलग मामलों में यहां लाया गया था। सभी लड़कियां 18 साल से कम उम्र की हैं।घटना की जानकारी आश्रय गृह की वार्डन ऋतु कुमारी ने जिरादेई थाने में दी। उनके अनुसार लड़कियां आश्रय गृह की चारदीवारी फांदकर भाग गईं। विधायक ने आश्रय गृह के कर्मचारियों और वार्डन की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं।

विधायक ने कहा कि जब वे एसडीएम से पूछते हैं तो वो डीएम की तरफ इशारा करते हैं। डीएम सिर्फ जांच की बात कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला पदाधिकारी ने जांच से रोका और बाद में फोन का जवाब देना भी बंद कर दिया। विधायक ने कहा कि वे इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएंगे।जिला प्रशासन ने लड़कियों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन अभी मात्र एक लड़की को ही ढूंढ पाने में सफलता मिली है। जिलाधिकारी ने माना है कि इस मामले में प्रशासन से चूक हुई है।

सीसीटीवी फुटेज से हो रही जांच

जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने कहा कि लड़कियों के भागने के मामले में सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इसके लिए धावा दल का गठन किया गया है। इस मामले में कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। सभी के ऊपर कार्रवाई होगी। बताया कि फरार लड़कियों में से 1 लड़की को बरामद किया गया है।

अन्य को भी ट्रेस किया गया है, जल्दी ही बरामद कर लिया जाएगा। आगे कहा कि यह प्रशासन के तरफ से निश्चित ही चूक है। आरोपियों पर कार्रवाई होगी।

# बिहारी-पंजाबी छात्रों में एक महीने से थी तनातनी






**दरभंगा।** 'हमें कसूरवार और गलत ठहराया जा रहा है, हमें क्रांतिवीर बनने का शौक नहीं है। हम यहां पढ़ने आए हैं, हमें बेहतर एजुकेशन बिहार में मिलता, तो यहां नहीं आते। हमें तो बोलने में शर्म आ रही है। हमें ऐसे इंडिकेट किया जाता है कि तुम बिहारी हो, मजदूर हो, पढ़ने लायक नहीं हो। मुझे नहीं पता कि मैं सोमवार तक बचूंगा या नहीं। ये बयान उस छात्र का है, जो पंजाब के गुरु काशी यूनिवर्सिटी में 19 मार्च को पंजाबी लड़कों की ओर से किए गए हमले में घायल है। छात्र के पैर में चोट लगी है। कुल 15 लड़के घायल हुए थे। सभी इलाज कराकर हॉस्टल लौट चुके हैं। यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में मौजूद घायल छात्र से बात की। साथ ही ये जानने की कोशिश की कि पंजाब में बिहारी स्टूडेंट्स पर हमले का कारण क्या था। 19 मार्च और 21 मार्च को क्या हुआ था? बिहार के कितने स्टूडेंट घायल हुए? तलवंडी पुलिस और यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से क्या मदद की गई? अब वहां का माहौल क्या है? पटना के रहने वाले फामेर्सी सेकेंड ईयर के घायल छात्र ने सभी सवालों के जवाब तो दिए, लेकिन कहा, 'प्लीज मेरा नाम मत लिखिएगा। मुझे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता है।' छात्र ने पंजाब की यूनिवर्सिटी में पंजाबी बनाम बिहारी छात्रों के बीच चल रहे बवाल के बारे में क्या कहा? हिंदी बोलने पर बिहार के सीनियर स्टूडेंट्स का भी पीटा छात्र ने बताया, 'लोकल लड़कों ने हमारे सीनियर बिहारी छात्र की जमकर पिटाई की थी। वजह सिर्फ इतनी थी कि वो हिंदी बोल रहे थे। सीनियर की पिटाई की जानकारी मिलने के बाद हम लोगों ने पीड़ित को साथ लेकर एडमिन ब्लॉक में मेन अर्थॉरिटी से मुलाकात की थी। इसके बाद तलवंडी थाना के SHO से मुलाकात की थी। उस वक्त हम लोगों ने लिखित में शिकायत दी थी। SHO ने कहा था- 'ऋक्षक करना है क्या? तब हमलोगों ने कहा, 'हम लोग पढ़ाई के लिए आए हैं, ये सब करके कुछ नहीं होगा। बस हमें अपनी सुरक्षा की चिंता है।'घायल छात्र ने बताया, 'लोकल लड़कों से मारपीट के बाद हम लोगों ने दिमाग से निकाल दिया था कि किसी से कोई लड़ाई झगड़ा हुआ है, लेकिन लोकल लड़कों के मन में बदला लेने की भावना थी। इसी भावना के साथ लोकल लड़के कल्चरल फेस्ट में आ रहे थे।' '17 मार्च से 19 मार्च तक होने वाले कल्चरल फेस्ट के पहले दिन डांस के दौरान कुछ बिहारी लड़कों और पंजाबी लड़कों में बहस शुरू हो गई, जिसके बाद हम बिहारी लड़के फेस्ट से निकलकर बाहर आ गए।' '18 मार्च को हम लोगों को पता चला कि कुछ बिहारी छात्रों को पंजाबी लड़कों ने घेर लिया है। हम अन्य लड़के मौके पर गए तो देखा कि तलवंडी पुलिस सभी पंजाबी लड़कों को हटा रही थी, लेकिन पंजाबी लड़कों ने हमें मारने की धमकी दी। SHO ने सभी को समझाकर हटा दिया।' 19 मार्च; बिश्नोई गैंग का सदस्य समझकर बिहारी छात्रों को पीटा छात्र के मुताबिक, '19 मार्च को पंजाबी सिंगर गुलाब सिद्धू का कार्यक्रम था। उन्हें शाम साढ़े चार बजे आना था। वे तय समय पर कार्यक्रम में पहुंचे। उनके आने के पहले ही फेस्ट में करीब 5000 लड़के-लड़कियों की भीड़ हो गई थी। इनमें अधिकतर लड़के यूनिवर्सिटी के ही थे, जबकि कुछ बाहर के लोकल लड़के भी थे।' 'कल्चरल फेस्ट के लिए हम बिहारी लड़कों ने 300-300 रुपए दिए थे। हमारी संख्या करीब 4000 हजार है। हम लोगों का कहना था कि जब पैसे लिए गए हैं तो हमें सपोर्ट करना चाहिए था, सुरक्षा देनी थी, क्योंकि हम लोगों का पंजाबी लड़कों से झगड़ा पहले से चल रहा था, भीड़ में कुछ नए चेहरे भी दिख रहे थे, जो शायद यूनिवर्सिटी के नहीं थे, वे बाहरी लड़के थे।'पीड़ित ने बताया, 'बहस के बाद हम लोगों को 4 से 5 पंजाबी लड़कों ने घेरा। बहस ज्यादा होने लगी तो समझदारी दिखाते हुए हम लोग वहां से निकल गए। इसके बाद पंजाबी लड़कों ने गुट बनाना शुरू कर दिया।''इसके बाद पंजाबी लड़कों को जो भी बिहारी मिला उसकी पिटाई करने लगे। एक लड़के का तो मारकर सिर फाड़ दिया गया। उसे जो भी बिहारी बचाने गया, पंजाबी लड़के उसे मारने लगे।''इसी बीच एक महीना पहले पंजाबी लड़कों की जिस लड़के से झगड़ा हुआ था, वो भी वहां पहुंचा। उस पर तलवार और अन्य धारदार हथियार से हमला किया गया। उसे बचाने के लिए जो भी गया, उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया।'फेस्ट के लिए बने ग्रुप में नोटिस आया था, विदाउट कार्ड एंट्री नहीं मिलेगीघायल छात्र ने बताया, 'फेस्ट के लिए बनाए गए वॉट्सऐप ग्रुप में मैसेज आया था कि बिना आईडी कार्ड के फेस्ट में कोई भी एंट्री नहीं करेगा। हम लोगों ने तो आईडी कार्ड रखा था, लेकिन झगड़े के वक्त पहुंचे पंजाबी लड़कों ने आईडी कार्ड नहीं लिया था। दरअसल, वो कॉलेज के नहीं थे। वे सभी तलवार, कृपाण और सिक्सर (बंदूक) लेकर पहुंचे थे। 'सभी पंजाबी लड़के तलवारों से हमला कर 10 से 15 लड़कों को घायल कर दिया। उनकी हालत देखकर लग रहा था कि उन पर जानलेवा हमला किया गया है। ऐसा लग रहा था कि उनकी हमसे पहले से दुश्मनी हो।

किसी घायल के सिर पर, किसी के पैर पर, किसी के हाथ पर, किसी के पीठ पर तलवार और कृपाण से वार के निशान थे।' सूचना के बाद पुलिस आई और घायल छात्रों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

## संक्षिप्त डायरी

### कपड़े की दुकान में लगी आग 10 लाख से ज्यादा की संपत्ति जलकर राख



**आरा।** शहर के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मन चौक के समीप शनिवार की रात शॉर्ट सर्किट से हादी मार्केट में एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने एक कारण दुकान में रखे करीब दस लाख की संपति जलकर राख हो गई।वही घटना को लेकर दुकानदारों के बीच अफरातफरी मची रही।इसके बाद स्थानीय लोगों ने आगलगी की सूचना नगर थाना पुलिस को देने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम को दी।इस घटना की जानकारी मिलते ही दुकान मालिक मौके पर पहुंचे और आग पर किसी तरह काबू पाने की जद्दोजहद करने लगे।घटना की जानकारी देते हुए नगर थाना क्षेत्र के दूध कटोरा निवासी मो. सहाब के पुत्र व दुकान मालिक मो. पप्पू ने बताया कि उनके पिता जी ने दुकान की शुरूआत पिछ्ले 30 साल पहले किए थे। उसी समय से पप्पू सूट हाउस एक नाम से पूरे मार्केट में अच्छे कपड़े बचने को लेकर दुकान का नाम था। दुकान में ईंद को लेकर सभी तरह के लेडीज कपड़ों का अंबार लगा हुआ था। पप्पू ने बताया कि हर रोज की तरह शनिवार को दुकान खुला था। इसके बाद रोजा खोलने के बाद देर शाम दुकान को देखकर बंदकर घर चले गए थे। इसी बीच दूसरे दुकान के तरफ से फोन किया गया कि मार्केट में आग लग गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही मार्केट पहुंचे तो देखा कि मेरे ही दुकान में भीषण आग लग गई। आगलगी में मेरा दस लाख से ज्यादा का नुकसान हो गया है। यही नहीं ईंद को लेकर दुकान में एक्स्ट्रा कपड़ा बिक्री के लिए रखा हुआ था। पूरा पूंजी ही जलकर खाक हो गई है। वही स्थानीय ने बताया कि अचानक मार्केट से धुंआ निकलकर रहा था, किसी की हिम्मत नहीं हुई कि अन्दर जाकर देखे। क्योंकि की दुकान में जाने के लिए जगह कम थे।

### महिला से गैंगरेप, आरोपियों ने वीडियो भी बनाया




**भागलपुर।** में महिला (35) के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना पुलिस जिला नवगछिया के खरिक थाना क्षेत्र की है, जहां महिला के साथ गांव के ही तीन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता का कहना है कि घर में ही किराना दुकान है। 19 मार्च की रात दुकान लॉक कर हम घर के अंदर जा रहे थे। इस दौरान इलाके के तीन लोग राकेश कुमार (28), राजाराम शाह (35), दिलीप कुमार दास (35) आए और जबरदस्ती घर के अंदर ले गए। बारी-बारी से मेरे साथ सामूहिक बलात्कार किया। हाथ बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।पीड़िता ने कहा कि आरोपी गैंगरेप का वीडियो भी बना रहे थे। इसके बाद आरोपियों ने घर के बक्से में रखे 20 हजार रुपए भी ले लिए। मेरे घर में CCTV कैमरा भी लगा हुआ है, आरोपी उसका DVR ले गए। घर से निकलने के दौरान आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।पीड़िता ने कहा कि इस मामले में महिला थाने से लेकर DIG तक को आवेदन दिए, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हम पुलिस के पास गए तो कोई एक्शन नहीं लिया। वहीं उन्होंने आगे कहा कि महिला थाना नवगछिया में हमने लिखित आवेदन दिया है। महिला थाना नवगछिया में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की है।

### लकड़ी तोड़ने को लेकर विवादपीट-पीटकर युवक की हत्या



**रोहतास।** के चिकलिस गांव में जलावन के लिए लकड़ी तोड़ने को लेकर हुई मारपीट में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान चिकलिस बाल के रहने वाले नन्हु के 37 वर्षीय बेटे बिरेंद्र के रूप में हुई है। मृतक के परिजन पचरतन ने बताया कि वे लोग बाल स्थित एक बगीचे में जलावन के लिए लकड़ी तोड़ रहे थे। इसी दौरान बगीचे का मालिक वहां पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। पचरतन भागने में सफल रहा। लेकिन बिरेंद्र को पकड़कर बुरी तरह पीटा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिसे परिजनों की मदद से घर लाया गया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने रविवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया।काराकाट थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर बगीचा मालिक के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक को ट्रक ने कुचला, मौत



**जमुई ।** के खैरा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बच्चों के पिता की मौत हो गई। घटना खैरा गांव की बताई जा रही है। मृतक की पहचान पिंकू रावत (35) के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतक मॉर्निंग वॉक पर निकले थे तभी सड़क पार करने के दौराने बड़ीबाग की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि मृतक के शरीर के चिथड़े उड़ गए। शव के केवल एक हाथ और जांघ का कुछ हिस्सा ही बचा था। घटना की सूचना मिलते ही खैरा थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव के टुकड़ों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। वार्ड सदस्य पति कुंज बिहारी के अनुसार घटना सुबह 5:30 बजे की है। खैरा बीडीओ ने मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। मृतक के दो बच्चे हैं। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। पुलिस फरार ट्रक और चालक की तलाश कर रही है।

# मन से हो जाएं मुक्त



**इस दुनिया के किसी भी व्यक्ति या वस्तु से पीछा छुड़ाने की हमें कोई जरूरत नहीं है, हमें सिर्फ अपने मन से मुक्त होने की जरूरत है। जैसे ही आप अपने मन से मुक्त हो जाते हैं, चैतन्यस्वरूप परमात्मा का प्रकाश आपके जीवन के भर देता है।**

मैं आपके हाथ जीवनभर सुखी रहने की चाबी थमा देती हूं, अगर आप उसे ठीक से संभाल सको, तो कृपया संभाल लेना। चाबी यही है कि जब-जब आपका मन ठहर जाएगा, वहीं पर आपको सच्चा सुख और आनंद मनाने का मौका मिलता है। और जब भी आपका मन अस्थिर रहेगा, आपको दुख, तनाव और चिंताएं घेर लेती हैं। तब आप उन चीजों की तलाश में दर-दर भटकते फिरते हैं, जिन चीजों से आपको लगता है कि सुख मिलेगा। जब आपको अपनी मनचाही चीज मिल जाती है, तब अचानक थोड़ी देर के लिए आपका मन ठहर जाता है। जैसे ही आपका मन ठहर जाता है, आप अपने ही आनंद में मग्न हो जाते हैं। थोड़ी देर बाद वह चीज तो वहीं पर पड़ी रह जाती है, और आपका मन सुख की तलाश में किसी और चीज की तरफ आकर्षित हो जाता है। पर जब आपको थोड़ी देर सुख मिला था, वह इसलिए कि आपका मन उस समय ठहर गया था।

हर क्षण जब आपका मन ठहर जाता है, आप अपने ही भीतर सुख का अनुभव करते हैं। इस मन को ठहराने का तरीका है आपकी श्वसन क्रिया में। जैसे ही आप अपनी श्वसन क्रिया को शांत करते हैं, आपका मन ठहरने लगता है और जब भी मन ठहर जाता है, आप स्वतः सुख का अनुभव करते हो। बाह्य जगत में हमें सुख पाने के लिए वस्तुओं और व्यक्तियों का गुलाम बनना पड़ता है। लेकिन अपने श्वासों को शांत करके अपने ही भीतर मिलने वाले असीम आनंद को पाने में हम अत्यंत स्वतंत्र महसूस कर सकते हैं।



- आनंदमूर्ति गुरुमां

श्वासों को शांत करने से वहीं और उसी क्षण जैसे ही आपका मन ठहर जाता है, आपका सुख आपको तुरंत मिल जाता है। उसके लिए इस दुनिया के किसी भी व्यक्ति या वस्तु से पीछा छुड़ाने की हमें कोई जरूरत नहीं है, हमें सिर्फ अपने मन से मुक्त होने की जरूरत है। जैसे ही आप अपने मन से मुक्त हो जाते हैं, चैतन्यस्वरूप परमात्मा का प्रकाश आपके जीवन को भर देता है। पर अपने ही भीतर के इस चैतन्य के प्रकाश को आप कैसे देख पाएंगे? सच तो यह है कि जैसे ही आप अपने भीतर उसे देखने में कामयाब हो जाएंगे, जल्दी ही आप बाहर भी उसे देखने लग जाएंगे। लेकिन ज्ञान के बिना आप इस प्रकाश को नहीं देख सकेंगे। प्रश्न यह उठता है कि अगर परमात्मा मेरे ही हृदय में विराजमान है, तो उसके लिए मैं क्यों प्यासा हूं? इस मन के अधिष्ठान में परमात्मा ही है, परमात्मा ही आपके मन का सर्वस्व है। फिर भी आपका मन उसके लिये तड़पता है।

कबीर कहते हैं, 'जल विच मीन पियासी, मोहे देखत आवे हासी' यानी पानी में रह कर भी मछली पानी के बिना प्यासी है। आपके मन का अधिष्ठाता परमात्मा है। आप परमात्मा में ही रहते हैं, फिर भी आप परमात्मा से वंचित रहते हैं, दुखी होते हैं और अपने आपको हजार चीजों में उलझाये रखते हैं। जब आपका मन ठहर जाता है, उसी क्षण उस प्यारे के प्रेम की बरसात आपके दिल में होने लगती है। मन को श्वसन क्रिया की अलग-अलग विधियों द्वारा ठहराया जा सकता है, जिससे आपके हृदय के उपवन में परमात्मा के असीम प्रेम की बरसात होने लगती है। अपने आसपास की ध्वनियों को सुनें, उन्हें आत्मसात करें, अपने श्वास में पिरोएं। आपके अंदर जब प्रेम भरने लगेगा, आप खुद अपने आपको मुक्त पाएंगे। परमात्मा के साथ अपना एकाकार करने के लिए बस आपको अपने अंदर की ध्वनि सुननी होगी, अपने श्वासों के माध्यम से। आप दुख और सुख में एकलीन हो जाएं। कुछ समय बाद आप ना दुख को महसूस करेंगे ना सुख को। बल्कि चौबीसों घंटे एक अलग दुनिया में विचरण करेंगे। इस स्थिति तक पहुंचने के लिए योगी, साधू और तपस्वी ना जाने क्या-क्या जतन करते हैं।

परमात्मा को क्या चाहिए? यह सवाल अपने आप से भी जानिए कि आपको क्या चाहिए? जल आपके पास है, वायु आपके पास है, धरती आपके समीप है। इससे अधिक क्या? मोह की मुक्ति की शुरुआत अपने भीतर से करिए। श्वास को आते-जाते महसूस कीजिए और कल्पना कीजिए कि आप मुक्त हो रहे हैं दुखों से, छल-कपट और निष्ठुरता से। यही है सुख की चाबी। दुखों से मुक्ति सुख नहीं है। मुक्ति को पाना और समीप से महसूस करना ही असली सुख है।

# मात्र 11 दिन में खुशी से झोली भर देंगे गणेशजी के यह 3 मंत्र

गणेशजी के यह 3 विलक्षण अमोघ मंत्र



**भगवान श्री गणेश अप ने हर रूप में प्रसन्नता और खुशियों का वरदान देते हैं। उनकी हर आराधना फलदायक होती है। वह सौभाग्य और मंगल के प्रदाता हैं। आइए जानते हैं उनके 3 ऐसे चमत्कारी मंत्र जो विधिवत करने पर मात्र 11 दिन में जीवन बदल देने की क्षमता रखते हैं।**

**मंत्र 1 : गणेश गायत्री मंत्र**

*ॐ एकदन्ताय विद्महे वक्रतुंडाय धीमहि तन्नो बुद्धि प्रचोदयात।।*

यह गणेश गायत्री मंत्र है। इस मंत्र का 11 दिन शांत मन से 108 बार जप करने से गणेशजी की विशिष्ट कृपा होती है। गणेश गायत्री मंत्र के जप से व्यक्ति का भाग्य चमक जाता है और हर कार्य अनुकूल सिद्ध होने लगता है।

**मंत्र 2 : तांत्रिक गणेश मंत्र**

*ॐ ग्लौम गौरी पुत्र, वक्रतुंड, गणपति गुरू गणेश।*
*ग्लौम गणपति, ऋद्धि पति, सिद्धि पति। करों दूर क्लेश।।*

11 दिन तक इस मंत्र का 108 बार जाप करने व्यक्ति के जीवन के सारे क्लेश समाप्त होते हैं। धन, धान्य, संपत्ति, समृद्धि, खुशियां, वैभव, पराक्रम, विद्या और शांति की प्राप्ति होती है। लेकिन इस मंत्र के प्रयोग के समय व्यक्ति को पूर्ण सात्विकता रखनी होती है और क्रोध, मांस, मदिरा, परस्त्री संबंधों से दूर रहना होता है।

**मंत्र 3 : गणेश कुबेर मंत्र**

*ॐ नमो गणपतये कुबेर येकद्रिको फट् स्वाहा।*

यह मंत्र अपार लक्ष्मी देने वाला है। गणेशजी की पूजा करने के बाद गणेश कुबेर मंत्र का 11 दिन तक नियमित रूप से जाप करने से व्यक्ति को धन के नवीन स्त्रोत मिलना आरंभ होते हैं। जीवन में खुशियां दस्तक देने लगती है।



# जब देवताओं ने ली हनुमानजी के बल और बुद्धि की परीक्षा

**हनुमानजी** को आकाश में बिना विश्राम लिये लगातार उड़ते देखकर समुद्र ने सोचा कि ये प्रभु श्रीरामचंद्रजी का कार्य पूरा करने के लिए जा रहे हैं। किसी प्रकार थोड़ी देर के लिये विश्राम दिलाकर इनकी थकान दूर करनी चाहिए। उसने अपने जल के भीतर रहने वाले मैनाक पर्वत से कहा, मैनाक! तुम थोड़ी देर के लिये ऊपर उठकर अपनी चोटी पर हनुमानजी को बिठाकर उनकी थकान दूर करो। समुद्र का आदेश पाकर मैनाक प्रसन्न होकर हनुमानजी को विश्राम देने के लिये तुरंत उनके पास आ पहुंचा। उसने उनसे अपनी सुंदर चोटी पर विश्राम के लिये निवेदन किया। उसकी बातें सुनकर हनुमानजी ने कहा, मैनाक! तुम्हारा कहना ठीक है, लेकिन भगवान श्रीरामचंद्रजी का कार्य पूरा किये बिना मेरे लिये विश्राम करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। ऐसा कहकर उन्होंने मैनाक को हाथ से छूकर प्रणाम किया और आगे चल दिये।

हनुमानजी को लंका की ओर प्रस्थान करते देखकर देवताओं ने सोचा कि ये रावण जैसे बलवान राक्षस की नगरी में जा रहे हैं। इनके बल बुद्धि की विशेष परीक्षा कर लेना इस समय आवश्यक है। यह सोचकर उन्होंने नागों की माता सुरसा से कहा, 'देवी सुरसा! तुम हनुमान के बल बुद्धि की परीक्षा लो। देवताओं की बात सुनकर तुरंत सुरसा एक राक्षसी का रूप धारण कर हनुमानजी के सामने जा पहुंची। उसने उनका मार्ग रोकते हुए कहा, वानरवीर! देवताओं ने आज मुझे तुमको अपना आहार बनाने के लिये भेजा है।

उसकी बातें सुनकर हनुमानजी ने कहा, माता! इस समय मैं प्रभु श्रीरामचंद्रजी के कार्य से जा रहा हूं। उनका कार्य पूरा करके मुझे लौट आने दो। उसके बाद मैं स्वयं ही आकर तुम्हारे मुंह में प्रविष्ट हो जाउंगा। इस समय तुम मुझे मत रोको, यह तुमसे मेरी प्रार्थना है। इस प्रकार हनुमानजी ने सुरसा से बहुत प्रार्थना की, लेकिन वह किसी प्रकार भी उन्हें जाने नहीं दे रही थी। अंत में हनुमान जी ने क्रुद्ध होकर कहा, 'अच्छा तो लो तुम मुझे अपना आहार बनाओ। उनके ऐसा कहते ही सुरसा अपना मुंह सोलह योजन तक फैलाकर उनकी ओर बढ़ी। हनुमानजी ने तुरंत अपना आकार उसका दूना अर्थात् 32 योजन तक बढ़ा लिया।

इस प्रकार जैसे जैसे वह अपने मुख का आकार बढ़ाती गयी, हनुमानजी अपने शरीर का आकार उसका दूना करते गये। अंत में उसने अपना मुंह फैलाकर 100 योजन तक चौड़ा कर लिया। तब हनुमानजी तुरंत अत्यंत छोटा रूप धारण करके उसे उस 100 योजन चौड़े मुंह में घुसकर तुरंत बाहर निकल आये। उन्होंने आकाश में खड़े होकर सुरसा से कहा, माता! देवताओं ने तुम्हें जिस कार्य के लिए भेजा था, वह पूरा हो गया है। अब मैं भगवान श्रीरामचंद्रजी के कार्य के लिए अपनी यात्रा पुनः आगे बढ़ाता हूं। सुरसा ने तब उनके सामने अपने असली रूप में प्रकट होकर कहा, महावीर हनुमान! देवताओं ने मुझे तुम्हारे बल बुद्धि की परीक्षा लेने के लिए यहां भेजा था। तुम्हारे बल बुद्धि की समानता करने वाला तीनों लोकों में कोई नहीं है। तुम शीघ्र ही भगवान श्रीरामचंद्रजी के सारे कार्य पूर्ण करोगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। ऐसा मेरा आशीर्वाद है।

# वेद, विज्ञान और पुराणों से जानिए शंख की महिमा



ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लेख मिलता है कि 'शंख' चंद्रमा और सूर्य के समान ही देव हैं। शंख के मध्य में वरुण, पीछे के भाग में ब्रह्मा और आगे के भाग में गंगा और सरस्वती का निवास है।

शंख निधि (धन का खजाना) का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि इस मंगलचिह्न को घर के पूजास्थल में रखने से अनिष्टों का नाश होता है और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

शंख का महत्व जितना धार्मिक है उतना ही वैज्ञानिक, वैज्ञानिकों का मानना है कि शंख-ध्वनि के प्रभाव में सूर्य की किरणें बाधक होती हैं। इससे आसपास का वातावरण तता पर्यावरण शुद्ध रहता है।

आयुर्वेद के अनुसार शंखोदक भस्म से पेट की बीमारियों अमूमन पीलिया, यकृत के रोग, पथरी आदि रोग ठीक होते हैं।

पुराणों में उल्लेख मिलता है कि मूक एवं श्वास रोगी हमेशा शंख बजायें तो बोलने की शक्ति पा सकते हैं। ऋषि श्रृंग की मान्यता है कि छोटे-छोटे बच्चों के शरीर पर छोटे-छोटे शंख बांधने तथा शंख में जल भरकर अभिमंत्रित करके पिलाने से वाणी-दोष नहीं रहता है।

यजुर्वेद में कहा गया है कि 'यस्तु शंखध्वनि कुर्यात्पूजाकाले विशेषतः, वियुक्तः सर्वपापेन विष्णुनां सह मोदते' यानी पूजा के समय जो व्यक्ति शंख-ध्वनि करता है, उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और वह भगवान विष्णु का आशीर्वाद पाता है।

मुगल काल के मशहूर संगीतज्ञ तानसेन ने अपने आरंभिक दौर में शंख बजाकर ही गायन शक्ति प्राप्त की थी। अथर्ववेद के चतुर्थ अध्याय में शंखमणि सूक्त में शंख की महिमा का वर्णन मिलता है।

अथर्ववेद के अनुसार, शंख से राक्षसों का नाश होता है। भागवत पुराण में भी शंख का विस्तृत उल्लेख मिलता है। यजुर्वेद के अनुसार युद्ध में शत्रुओं का दिल दहलाने के लिए शंख फूकने का वर्णन मिलता है।

गोरक्षा संहिता, विश्वामित्र संहिता, पुलस्त्य संहिता आदि ग्रंथों में दक्षिणावर्ती शंख को आयुर्वद्धक और समृद्धि दायक कहा गया है।

ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार, पूजा के समय शंख में जल भरकर देवस्थान में रखने और उस जल से पूजन सामग्री धोने और घर के आस-पास छिड़कने से वातावरण शुद्ध रहता है।

विष्णु पुराण के अनुसार माता लक्ष्मी समुद्र राज की पुत्री हैं तथा शंख की उत्पत्ति भी समुद्र से हुई है, इसलिए शंख उनके भाई है। मान्यता है कि जहां शंख है, वहीं लक्ष्मी जी का वास होता है।

# गाय रखकर कर सकते हैं वास्तु दोषों का निवारण

गाय का भारतीय संस्कृति में विशिष्ट स्थान है। यह सदा से भारतीय जन-जीवन की धुरी रही है। प्राचीन काल में हमारे देश में सर्वाधिक सम्पन्नता के स्तर का मापक गाय ही हुआ करती थी। देशी-विदेशी चिकित्सा प्रणालियों में गाय की बड़ी महिमा है। पुराणों के अनुसार गाय में तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं का निवास है। गाय को भी देवता के समान माना गया है। गर्ग संहिता के अनुसार नौ लाख गाय रखने वाले को नंद, पांच लाख गायों के मालिक को उपनंद। दस लाख गाय वला 'वृषभानु' एंव एक करोड़ गायों को पालक को 'नंदराज' कहा जाता था। श्रीकृष्ण का नाम आते ही उनके चारों ओर गाय-बछड़ों एवं गोप-ग्वालों का चित्र हमारे मानस पटल पर आ जाता है।

**धार्मिक मान्यता के अनुसार गायों की निम्नलिखित विशेषताएं हैं-**

- गोदुग्ध पीने से हमें सतत शक्ति एवं स्फूर्ति मिलती है। गोमूत्र सेवन से शरीर रोगमुक्त होता है।
- जिस स्थान पर भवन या घर का निर्माण करना हो तो यदि वहां बछड़े वाली गाय को बांधा जाए तो वहां वास्तु दोषों का निवारण हो जाता है। कार्य निर्विघ्न पूरा होता है और समापन तक आर्थिक बाधाएं नहीं आती।
- ज्योतिष में गोधूली का समय विवाह के लिए सर्वोतम माना गया है। जब गायें जंगल से चरकर वापस घर आती है उस समय को गोधूली वेला कहते हैं।
- यात्रा के समय गाय सामने पड़ जाए तो यात्रा सफल होती है।
- किसी भी जन्मपत्री में सूर्य नीच राशि तुला पर हो या अशुभ स्थिति में हो अथवा केतु द्वारा परेशानियां आ रही हो तो गाय की पूजा करनी चाहिए, दोष समाप्त होंगे।
- विष्णु पुराण में कहा गया है जब श्रीकृष्ण पूतना के दुग्धपान से डर गये तो नन्द दम्पनी ने गाय की पूंछ घुमाकर उनकी नजर उतारी और भय का निवारण किया।
- संतान लाभ के लिए गाय की सेवा का अच्छा उपाय कहा गया है। शिवपुराण के अनुसार गाय की सेवा करने वालों को यम का भय नहीं रहता।
- आयुर्वेद में गाय के घी को आयु कहा गया है। गाय का घी सेवन करने वाला व्यक्ति दीर्घायु होता है।
- गोमूत्र में कार्बोलिक एसिड होता है जो कीटानाशक है और शुद्धता बढ़ाता है। इसमें स्वर्णक्षर मौजूद रहता है जो अति उपयोगी रसायन है।
- गाय भारतीय कृषि का आधार है। बिगड़ी भूमि को सुधारने एवं उर्वराशक्ति को बढ़ाने के लिए गोबर का उपयोग हजारों वर्षों से खेती के लिए किया जा रहा है।
- गोमूत्र में सोलह प्रकार के खनिज तत्व होते हैं जो शरीर के रक्षण, पोषण और विकास में सहायक है। इसके समुचित सेवन से रोग-रोधक शक्ति बढ़ती है। शरीर शक्तिशाली एवं चेतनायुक्त होता है।
- गाय के सींगों का बनावट पिरामिड जैसा होता है। वह एक शक्तिशाली एंटीना के रूप में कार्य करती ह। सींगों की मदद से गाय आकाशीय ऊर्जाओं को शरीर में संचित कर लेती है। वही ऊर्जा हमें गोमूत्र,



दूध और गोबर द्वारा मिलता है।

गाय के दूध में कैरोटीन नामक पदार्थ भैंस के दूध से दस गुना अधिक होता है। भैंस का दूध गर्म करने पर उसके सर्वाधिक पोषक तत्व मर जाते हैं। जबकि गाय का दूध गर्म करने का भी वैसे ही पोषक तत्व विद्यमान रहते हैं।

- देशी गाय पूर्णतय शाकाहारी पशु है जबकि जरसी गाय मांसाहारी जंगली पशु है। जरसी गाय के भोजन में मांस का टुकड़ा मिला दिया जाए तो बड़े चाव से खा जाती है।
- धार्मिक मान्यता के अनुसार भारतीय गोवंश का उद्गम जंगल से नहीं बल्कि समुद्र मंथन से प्राप्त गोमाताओं से है। वैज्ञानिकों का कहना है कि भारतीय गोवंश का मूल स्रोत 'औरक्स' नामक पशु है जिसने 18 लाख वर्ष पूर्व भारत में जन्म लिया था।
- क्रासबीडिंग करना अथवा विदेशी गायों की ओर देखना छोड़कर हमें अपनी भारतीय नस्ल की गायों को उचित महत्व देना चाहिए।
- गौमाता की कृपा से गोभक्तों का आगामी वंश भी संस्कारवान होता है। गोसेवा करने वाला निश्चिंत रहता है। किसी ने ठीक लिखा है-

*जा घर होय तुलसी अरू गाय।*
*ता धर वैद्य कबहुं नहीं जाए।।*

# संजू और ध्रुव के अर्धशतक बेकार, हैदराबाद ने राजस्थान को हराकर किया विजयी आगाज

**हैदराबाद (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2025 में अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इशान किशन (106) ने राजस्थान रॉयल्स के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 45 गेंदों पर शानदार शतक जड़ा जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को आईपीएल के अपने घरेलू मैच में छह विकेट पर 286 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

इसके जवाब में राजस्थान ने कुछ शुरूआती झटकों के बावजूद संजू सैमसन (67) और ध्रुव जुरेल (70) के अर्धशतकों की बदौलत कोशिश तो की लेकिन वह अंतिम ओवरों में हैदराबाद की सधी हुई गेंदबाजी के कारण 6 विकेट के नुकसान पर 242 रन बनाकर 44 रन से पीछे रह गए। सिमरजीत सिंह और हर्षल पटेल ने हैदराबाद की तरफ से 2-2 विकेट लिए जबकि मोहम्मद शमी, एडम जम्पा ने एक-एक विकेट झटका।

इससे पहले हैदराबाद की उमस भरी गर्मी में रॉयल्स के अनुभवहीन कप्तान रियान पराग ने आईपीएल की सबसे सपाट पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करके बड़ी गलती की। ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत में 31 गेंदों पर 67 रन बनाकर रॉयल्स के गेंदबाजों के खिलाफ मनमुताबिक रन बटोरे और फिर किशन ने 47 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाकर एसआरएच के लिए अपने पदार्पण को यादगार बनाया। हेड और किशन ने दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 85 रन की साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 20 चौके और नौ छक्के लगाए।

हैदराबाद ने पिछले सत्र की अपनी लय को जारी रखा लेकिन टीम अंतिम ओवर में दो विकेट गंवाने के कारण अपने और आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ स्कोर (तीन विकेट पर 287 रन) को पीछे छोड़ने से चूक गई। जोफ्रा आर्चर ने चार ओवर में 76 रन लुटाए। वह आईपीएल इतिहास में बिना विकेट लिए सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए।



# सुरक्षा घेरा तोड़कर विराट के पास पहुंचा प्रशंसक



**कोलकाता (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अपने प्रशंसकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। उनकी प्रति प्रशंसकों में कितनी दीवानगी है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आईपीएल के पहले मैच में विराट का एक प्रशंसक सुरक्षा घेरे को लांघकर उनके पास पहुंच गया। इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से विराट ने शानदार अर्धशतक लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) केकेआर के खिलाफ मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान कोहली को देखने भारी तादाद में प्रशंसक मैदान में पहुंचे थे। इसी बीच एक प्रशंसक मैदान पर आ गया और उसने कोहली के पैर छूये। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है। इसमें विराट जब बल्लेबाजी कर रहे थे तभी एक अति उत्साहित दर्शक उनके पास पहुंचा। इसके बाद उसने कोहली को गले लगाया। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने उसे मैदान से बाहर किया। ये पहली बार नहीं है जबकि विराट का कोई प्रशंसक मैदान में घुस आया हो। पहले भी समय-समय पर ये वाकये हुए हैं।

विराट के नाबाद 59 और फिल सॉल्ट के नाबा 56 के अलावा रॉयल चैलेंजर्स आरसीबी ने शुरूआती मुकाबले में केकेआर को सात विकेट से हराया। वहीं कप्तान अजिंक्य रहाणे की 31 गेंद में 56 रन की पारी के बावजूद केकेआर की टीम 8 विकेट पर 174 रन ही बना पायी।

# आईपीएल 2025: क्या इस बार 300 रन का आंकड़ा होगा पार

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 की रिकॉर्डतोड़ बैटिंग के बाद क्रिकेटप्रेमी यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या इस बार भी आइपीएल में 300 रन का आंकड़ा पार होगा। आरसीबी के पूर्व डायरेक्टर माइक हेसन मानते हैं कि आईपीएल 2025 में 300 का स्कोर जरूर बनेगा। आकाश चोपड़ा ने स्टार स्पोर्टस के एक शो में कहा कि इस बार 300 रन बनना तय मानिए। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि उन्हें लगता है कि आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद एक नहीं, बल्कि 2 बार पावरप्ले में 100 से ज्यादा रन बनाएगी। यह भी संभव है कि एसआरएच 300 से ज्यादा रन का स्कोर भी बना दे। उसके पास ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा के रूप में तूफानी ओपनर पहले से हैं। ईशान किशन का फायरपावर उसे और मजबूत बनाता है। इसके बाद हेनरिक क्लासेन तो हैं ही। एबी डिविलियर्स भी इस शो में आकाश चोपड़ा के साथ थे। उन्होंने भी माना कि इस बार 300 रन बन सकते हैं। हालांकि, उन्होंने इसके लिए किसी टीम पर दांव नहीं लगाया। केकेआर के स्ट्रेटजी कंसलटेंट नाथन लेमन 300 रन के सवाल पर कहते हैं, 'हां, जरूर। हमने पिछले दो साल में बड़े-बड़े स्कोर देखे हैं। हमने पिछले साल 260 से बड़े स्कोर कई बार देखे। कई बार देखा कि पावरप्ले में 100 रन बन गए। स्कोर में तेजी बढ़ती ही जाएगी। काफी कुछ बदल गया है। टीमें नए नियम का फायदा उठाने की तरकीब तलाश रही हैं। एक्स्ट्रा बैटर रखकर टीमें अपनी आक्रामकता बढ़ाती जा रही हैं। इसलिए बड़े स्कोर के लिए तैयार रहिए।'

बता दें कि नाथन लेमन इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लीड एनालिस्ट तब रह चुके हैं, जब उसने वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। क्रिकेटप्रेमी जानते हैं कि आईपीएल 2024 से पहले टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर 263/5 था, जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने 2013 में बनाया था। आरसीबी का यह रिकॉर्ड टूटने में 11 साल लग गए। लेकिन 2024 में कमाल ही हो गया। इस साल आईपीएल में 7 बार 260 रन का आंकड़ा पार किया। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने आरसीबी के खिलाफ एक बार 3 विकेट पर 287 रन ठोक दिए, जो अब आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर है। बता दें कि आईपीएल में 260 रन से बड़े स्कोर 8 बार बने हैं। इनमें से 7 बार यह आंकड़ा पिछले साल पार किया गया।

# आईपीएल 2025: एलएसजी ने चोटिल मोहसिन खान की जगह शार्दुल ठाकुर को टीम में शामिल किया

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** विशाखापत्तनम, 23 मार्च (वेब वार्ता)। लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने भारत के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान की जगह टीम में शामिल किया है। मोहसिन चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं।

शार्दुल पिछले साल हुई मेगा नीलामी में नहीं बिके थे। वह अब तक आईपीएल में पांच टीमों - चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी), किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स, पीबीकेएस), कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राइजिंग पुणे सुपरजायंट (अब नहीं है) के लिए 95 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने 67 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 8.89 है।

आईपीएल के बयान के अनुसार, 'अनुभवी ऑलराउंडर ठाकुर को रजिस्टर्ड उपलब्ध खिलाड़ी लिस्ट (आरएपीपी) से उनके आधार मूल्य 2 करोड़ रुपये में शामिल किया गया है। वह भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं और आईपीएल में भी उनका अनुभव बहुमूल्य रहेगा।'

मोहसिन को पिछले साल दिसंबर में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान घुटने की गंभीर चोट (एसीएल टीयर) लगी थी। वह एलएसजी के प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए थे, लेकिन नेट्स में गेंदबाजी करते समय उनकी पिंडली में चोट लग गई, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।






33 वर्षीय शार्दुल, जो नीलामी में नहीं बिके थे, ने 2025 सत्र की शुरुआत में इंग्लैंड की एसेक्स टीम के लिए सात मैचों का काउंटी चैंपियनशिप करार किया था। हालांकि, अब उन्हें आईपीएल में खेलने के लिए एलएसजी के साथ रहना होगा, जिससे यह करार रद्द हो सकता है। शार्दुल 2018 और 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ दो बार आईपीएल जीत चुके हैं। वह इस समय विशाखापट्टनम में एलएसजी टीम के साथ हैं, जहां एलएसजी टीम सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 में अपना पहला मैच खेलेगी।

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडन मार्करम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अश्विनी कुलकर्णी, आयुष बडोनी, आवेश खान, आकाशदीप, एम सिद्धार्थ, शमार जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई.

# आईपीएल उद्घाटन समारोह में अभिनेत्री दिशा पाटनी अपने ड्रेस को लेकर ट्रॉल हुई

मुम्बई। आईपीएल के उद्घाटन समारोह में अभिनेत्री दिशा पाटनी अपनी ड्रेस को लेकर ट्रॉल हो रही हैं। सोशल मीडिया पर लोग उनके पहनावे की आलोचना करते दिखे हैं। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में हुए इस समारोह में दिशा ने अपने कार्यक्रम से सभी का ध्यान खींचा पर उनकी ड्रेस पर लोगों ने सवाल उठाये हैं। दिशा की ड्रेस को लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने नाराजगी जतायी है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने कहा कि इस प्रकार के ड्रेस की ड्रेस देखकर परिवार के साथ आये लोगों को असहज लगा। दिशा ने कार्यक्रम के दौरान आइवरी ब्रालेट और मैचिंग स्कर्ट पहनी हुई थी। कई लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की पर कहा कि जिस प्रकार की ड्रेस पहनकर वह आयीं। इसकी अनुमति भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को नहीं देनी चाहिये थी। एक यूजर ने सोशल मीडिया में लिखा, 'बीसीसीआई ने ये जानते हुए कि ये सब परिवारों और बच्चे भी देखते हैं, फिर भी इस तरह की द्र ड्रेस के साथ कार्यक्रम की अनुमति कैसे दे दी जबकि दूसरे यूजर ने लिखा, 'ये हरकत खेल आयोजन के लिए सही नहीं कही जा सकती है। कई लोगों ने कहा कि आईपीएल बच्चे भी देखते हैं, ऐसे में बीसीसीआई को सभी बातों का ध्यान रखना चाहिये था।



# दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करना चाहते हैं रबाडा, दिया यह बयान

नई दिल्ली। तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा का कहना है कि अगर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका उन्हें राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की पेशकश करता है तो वह इस पर गंभीरता से विचार करेंगे क्योंकि वह कई भूमिकाएं निभाने के खिलाफ नहीं है। आधुनिक समय के महान तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस के साथ रबाडा तीसरे गेंदबाज हैं। इनमें से कमिंस नियमित ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हैं जबकि बुमराह भारत के लिए टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अस्थायी कप्तान रहे हैं। रबाडा को अगर मौका मिलता है तो वह भी इस भूमिका में उनके साथ जुड़ना चाहते हैं इसलिये 29 वर्षीय यह खिलाड़ी इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए जरूरी मानसिक बदलाव के बारे में सोच रहा है। रबाडा ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा, 'मुझसे यह सवाल कई बार पूछा गया है। इसने मुझे इस पर विचार करने के लिए मजबूर किया है। मुझे लगता है कि इसके लिए मेरी ओर से कुछ परिपक्वता की आवश्यकता होगी। लेकिन अगर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका या किसी कोच द्वारा मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।' उन्होंने कहा, 'और मैं पहले से ही सोच रहा था कि इसमें किस तरह का बदलाव होगा क्योंकि अब आप केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते क्योंकि तब आपको हर किसी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। और सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी।' रबाडा ने कहा, 'मुझे लगता है कि इसके लिए निश्चित रूप से परिपक्वता की आवश्यकता होगी और इसके लिए बहुत सारी योजना बनानी होगी। इसलिए, अगर मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।' रबाडा 70 टेस्ट में 327 विकेट ले चुके हैं। उनके नाम 168 वनडे और 71 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं।



# वसीम जाफर ने ऑरेंज और पर्पल कैप को लेकर कर दी भविष्यवाणी

### -इन दो खिलाड़ियों के नाम बताए

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 का आगाज होने को है, इसके पहले पूर्व क्रिकेटरों का टूर्नामेंट को लेकर भविष्यवाणी देने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मौजूदा जानकार वसीम जाफर ने सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को लेकर अपनी भविष्यवाणी की है। जाफर ने इस बार ऑरेंज कैप के लिए साई सुदर्शन को, पर्पल कैप के लिए अर्शदीप सिंह को दावेदार बता दिया है। साई गुजरात जाएंट्स का हिस्सा हैं, वहीं अर्शदीप पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे हैं। इस जोड़ी की भिड़ंत 25 मार्च को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगी।



गुजरात टाइटंस ने 2024 सीजन के बाद साई सुदर्शन को 8.50 करोड़ रुपये में रिटेन किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बीते सीजन शानदार प्रदर्शन कर 12 पारियों में 47.91 की औसत और 141.29 की स्ट्राइक रेट से 527 रन बनाए थे। वे जीटी के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और कुल मिलाकर छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

वहीं अर्शदीप ने भी 2024 सीजन के दौरान अपना बेहतर प्रदर्शन किया था। उन्होंने 14 पारियों में 26.58 की औसत और 10.03 की इकॉनमी रेट से 19 विकेट झटके थे। हालांकि उन्हें सीजन के बाद पीबीकेएस द्वारा रिटेन नहीं किया गया, लेकिन फ्रैंचाइजी ने उन्हें राइट-टू-मैच कार्ड के जरिए 18 करोड़ रुपये में आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में अपने स्क्वॉड में फिर शामिल किया। पिछले दो सीजन में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप भारतीय खिलाड़ियों ने जीती है। 2024 में विराट कोहली और हर्षल पटेल क्रमशः सबसे ज्यादा रन और विकेट लेने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि 2023 में शुभमन गिल और मोहम्मद शमी ने इसे पहना था। जोस बटलर (2022) और कैगिसो रबाडा (2020) क्रमशः ऑरेंज कैप और पर्पल कैप जीतने वाले अंतिम विदेशी खिलाड़ी थे।

# विराट कोहली ने पहनी 2.50 करोड़ रुपये कीमत की घडी

नई दिल्ली। हाल ही में भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को कोलकाता में आईपीएल 2025 के लिए देखा गया। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की जर्सी पहने हुए शहर में एंट्री करते ही प्रशंसकों ने तुरंत उनकी घड़ी पर ध्यान दिया। विराट कोहली ने जो घड़ी पहनी थी, वह रोलेक्स डेटोना ले मैन्स 100वीं वर्षगांठ वाली वॉच थी। इसकी कीमत लगभग 2.50 करोड़ रुपये है। इतनी कीमत में दिल्ली में आसानी से लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा जा सकता है। विराट कोहली का महंगी घड़ियों का शौक किसी से छुपा नहीं है। इस बार भी उन्होंने सबको अपनी घड़ी से आकर्षित किया। वह हाल ही में आईपीएल 2025 के लिए कोलकाता में थे। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की जर्सी पहनी थी। लोगों ने उनकी शानदार घड़ी को तुरंत नोटिस किया। विराट कोहली ने जो घड़ी पहनी थी, वह रोलेक्स डेटोना थी। यह ले मैन्स की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर बनाई गई विशेष घड़ी है। यह घड़ी अपनी सुंदरता और कारीगरी के लिए जानी जाती है। इसमें 18 कैरेट पीले सोने का केस है। इसके साथ ही, इसमें काले रंग का सिरेमिक बेजल भी है। इस घड़ी की कीमत भी इसकी सुंदरता के जैसी ही है। द इंडियन होरोलॉजी के अनुसार, इस घड़ी की खुदरा कीमत 47.59 लाख रुपये है। लेकिन, बाजार में इसकी कीमत 2.50 करोड़ रुपये तक जा सकती है। इस घड़ी में पॉल न्यूमैन स्टाइल के काउंटर हैं। यह डायल पर बने हुए हैं। यह घड़ी बहुत टिकाऊ है। इसमें खरोंच से बचाने वाला नीलम क्रिस्टल लगा है। इसमें ट्रिपल वाटरप्रूफ प्रोटेक्शन के साथ एक स्क्रू-डाउन क्राउन भी है। घड़ी का डायल काले और सफेद रंग का है। इसमें चमकदार मार्कर हैं। इससे यह हर तरह की रोशनी में आसानी से दिखती है। इसमें 18 कैरेट सोने का ऑयस्टर ब्रेसलेट है। यह घड़ी को सुरक्षित और आरामदायक बनाता है। बता दें कि विराट कोहली क्रिकेट की दुनिया के बड़े नाम हैं। वह मैदान पर जितने जोरदार हैं, उनकी महंगी घड़ियों का कलेक्शन भी उतना ही शानदार है।



# आरोन फिंच ने कहा, कोहली हैं ना, इसलिए आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं रोहित

**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पास किसी भी युवा टी20 स्टार की तरह बेहतर स्ट्राइक-रेट से रन बनाने की कला है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम का कॉम्बिनेशन ऐसा है कि उन्हें बिना जोखिम के बड़ा स्कोर खड़ा करने पर ध्यान देना होगा। फिंच ने कहा कि रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी लगातार अधिक जोखिम भरा क्रिकेट खेल रहे हैं। कोहली हालांकि 2023 में 140 और 2024 में 154.70 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाकर धीमी बल्लेबाजी करने का मिथक तोड़ने में सफल साबित हुए हैं। फिंच से पूछा गया कि क्या कोहली को आरसीबी को पूरा फायदा दिलाने के लिए अपने खेल में बदलाव करने की जरूरत है। इस पर पूर्व खिलाड़ी ने कहा, ''मेरा सवाल यह है कि आप कोहली से (आईपीएल) सत्र में 700 या 800 रन देखना चाहते हैं या आप उनसे 400 रन से खुश रहने वाले हैं, अगर आप कोहली से अधिक स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की उम्मीद करते हैं तब निरंतरता में कमी आयेगी। फिंच ने कहा, इसलिए मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई बहुत बड़ा बदलाव करने की जरूरत है। शायद यह गति को थोड़ा बदलने जैसा है। मुझे उससे बड़ी पारी की उम्मीद होगी। फिंच ने माना कि टीमों के पावरप्ले ओवरों को लेकर खेल में काफी बदलाव आया है, लेकिन हर बल्लेबाज की ताकत अलग है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ उन खिलाड़ियों के बारे में नहीं है जो मैदान पर उतरते ही पहली गेंद से 200 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करने की कोशिश करते है। मुझे लगता है कि एक ही टीम में सात बल्लेबाजों से ऐसा करने के लिए कहना अवास्तविक है। उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि पिछले दो सत्रों में खेल एक नए स्तर पर चला गया है। लेकिन आपको अभी भी मजबूत नींव तैयार करने की जरूरत होती है और आपको इसतरह के खिलाड़ी चाहिये जो पारी के अंत तक लगातार स्ट्राइक बदलने और बल्लेबाजी करने में सक्षम हो।''



भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा का आईपीएल स्ट्राइक रेट भी कोहली की तरह ही है, लेकिन उन्होंने पिछले कुछ सालों से अधिक आक्रामक रवैये के साथ बल्लेबाजी की है। फिंच ने रोहित के मामले को कोहली से अलग बताकर कहा कि जब आप रोहित के प्रदर्शन को देखते हैं, तब उसके आस-पास मौजूद खिलाड़ियों पर नजर डालें। उसके पास एक ऐसा खिलाड़ी है जिसके आस-पास टीम बल्लेबाजी कर सकती है। इसके बाद उनके लिए शुरुआती ओवरों में ढेर सारे छक्के लगाना ठीक है। मुंबई इंडियंस की टीम में शीर्ष और मध्य क्रम में हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी है। फिंच ने कहा कि रोहित भारत के लिए यह जोखिम उठा सकते है, क्योंकि टीम में उनके साथ कोहली भी है।

# बीसीसीआई ने दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के साथ सीरीज के लिए कार्यक्रम घोषित किया

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस साल वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। भारतीय टीम अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगी। इसका पहला टेस्ट पंजाब के मोहाली में जबकि दूसरा टेस्ट कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। वहीं इसके बाद नवंबर में अपनी ही धरती पर टीम दो टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 मैच खेलेगी। भारत और दक्षिया अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला दिल्ली में जबकि दूसरा टेस्ट गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होगा। गुवाहाटी मैदान पर पहली बार कोई टेस्ट मैच खेला जाएगा। भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच गुवाहाटी टेस्ट मैच 22-26 नवंबर में खेला जाएगा। वहीं भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एकदिवसीय सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची में जबकि दूसरा एकदिवसीय 3 दिसंबर को रायपुर और तीसरा एकदिवसीय 6 दिसंबर को विशाखापत्तम में होगा। टी20 मुकाबले 9, 11, 14, 17, 19 दिसंबर को कटक, नागपुर, धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 सितंबर में भारत में खेला जाएगा और इसका शुरुआती मैच विशाखापत्तनम में खेला जाएगा जबकि इसके बचे हुए मैच मुल्लांपुर, इंदौर, तिरुवनंतपुरम और गुवाहाटी में होंग।

# गावस्कर बोले- वह अभी भी गेंद को स्टैंड से बाहर मारते हैं, संन्यास की बात क्यों ?

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भारतीय दिग्गज एमएस धोनी के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास लेने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि हर बार जब लोग यह सवाल उठाते हैं, तो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान उन्हें गलत साबित करते हैं। धोनी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि उनके लिए उम्र सिर्फ एक संख्या है और उनमें अभी भी गेंद को स्टैंड में मारने की क्षमता है। हमें यह सवाल क्यों पूछना चाहिए? उन पर दबाव क्यों डाला जाए? हर बार जब लोग एमएस धोनी पर सवाल उठाते हैं तो गावस्कर ने कहा कि जब धोनी की बात आती है तो उम्र सिर्फ एक संख्या है।

पूर्व भारतीय कप्तान ने आईपीएल में बल्लेबाजों द्वारा प्रदर्शित आक्रामक मानसिकता के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि वे समझते हैं कि पावरप्ले को कैसे पकड़ना है, जब 30 गज के घेरे के बाहर केवल दो क्षेत्ररक्षकों को अनुमति दी जाती है। उन्होंने बल्लेबाजों की 10-12 रन प्रति ओवर बनाने की मानसिकता के बारे में भी बात की, जो उनकी टीम को 180-200 रन बनाने के लिए एक मजबूत मंच देता है।

उन्होंने कहा कि बल्लेबाज अधिक साहसी और आक्रामक होते जा रहे हैं। वे समझते हैं कि पावरप्ले जहां केवल 2 क्षेत्ररक्षक इनर सर्कल के बाहर होते हैं--का लाभ उठाया जाना चाहिए। आपको प्रति ओवर 10-12 रन बनाने का लक्ष्य रखना होगा और पहले 6 ओवरों में 60-75 रन तक पहुंचना होगा, भले ही आप केवल 1 विकेट खो दें। इससे 180-200 रन बनाने के लिए एक मजबूत मंच तैयार होता है।

चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी एमएस धोनी आईपीएल में फ्रैंचाइजी के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने से केवल 19 रन दूर हैं। पूर्व फ्रैंचाइजी आइकन सुरेश रैना 4687 रनों के साथ शीर्ष पर हैं। धोनी, 43 साल की उम्र में भी मजबूत हैं, 5 बार के चैंपियन के पदानुक्रम में एक अभिन्न स्थान रखते हैं। उन्होंने चेन्नई के लिए फिनिशर की भूमिका निभाना जारी रखा है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उनकी क्षमता काफी कम हो गई है।



## ठग सुकेश को घड़ी पहनने की सलाह देना पड़ा महंगा, रिटायरमेंट के दिन ही आरएमओ सस्पेंड

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की मंडोली जेल में बंद कुख्यात ठग सुकेश चंद्रशेखर को कथित तौर पर घड़ी पहनने की सलाह देना जेल के रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (आरएमओ) को काफी महंगा पड़ गया। इस मामले में आरएमओ को उनकी रिटायरमेंट वाले दिन ही सस्पेंड कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक मंडोली जेल के आरएमओ को सस्पेंड कर दिया है। जेल के एक अधिकारी ने बताया कि आरएमओ ने जेल में बंद कुख्यात ठग सुकेश चंद्रशेखर को कलाई की घड़ी पहनने की डॉक्टरी सलाह दी थी। आरएमओ की ओर से इस मामले में जेल के संबंधित उच्च अधिकारी को कोई सूचना नहीं दी गई। अधिकारी की अनुमति के बिना कलाई घड़ी की डॉक्टरी सलाह का मामला संज्ञान में आने के बाद जेल प्रशासन द्वारा आरएमओ आर राठी के खिलाफ जांच शुरू की गई और उसके बाद गत 28 फरवरी को उन्हें सस्पेंड कर दिया। उसी दिन आरएमओ की रिटायरमेंट का भी दिन था। जेल अधिकारी फिलहाल इस बात की जांच कर रहे हैं कि आरएमओ ने आखिर किस कारण से सुकेश को कलाई घड़ी पहनने की सलाह दी थी। बता दें इससे पहले दिल्ली की निचली अदालत के निर्देश पर सुरक्षा जांच के साथ जेल अधिकारियों ने सुकेश को कलाई घड़ी दी थी, लेकिन बाद में आदेश के खिलाफ जेल अधिकारियों की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी उक्त फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिका में सुरक्षा कारणों के चलते हाईकोर्ट से यह अपील की गई थी कि निचली अदालत के आदेश को खारिज कर दिया जाए।

## अयोध्या से नागपुर जा रही बस जबलपुर में पलटी, 3 की मौत, 25 घायल

जबलपुर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा रमनपुर घाटी में हुआ। बस यात्रियों को लेकर अयोध्या से नागपुर जा रही थी। सुबह करीब 4.45 बजे रमनपुर घाटी के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। बता दें कि इससे पहले 13 मार्च को मध्य प्रदेश के ही धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत हो गई थी और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने छह लोगों की मौत की पुष्टि की थी। रिपोर्ट के मुताबिक मृतक सीतामऊ थाना क्षेत्र के मंदसौर के निवासी थे। वे इंदौर से मंदसौर जा रहे थे। पुलिस ने बताया था कि पिकअप में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, कार में सवार चार में से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई थी और एक घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बदनावर पुलिस थाना प्रभारी ने बताया था कि टैंकर गलत दिशा में जा रहा था। उसने पहले एक पिकअप वाहन को टक्कर मारी और फिर उसके पीछे आ रही कार को टक्कर मारी।

## दुनिया में सबसे पहले दक्षिणी गोलार्ध के देशों में शुरू होती है गर्मी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पृथ्वी का मौसम हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो हमें अनगिनत रंग और विविधता की विभिन्नताओं में ले जाता है। गर्मी और सर्दी का मौसम इस समझ को और गहरा बनाता है, कि कैसे पृथ्वी के झुकाव ने हमारे जीवन का अनुसरण जानम, यह दो प्राकृतिक शक्तियों के साथ हमारी मित्रता की कहानी है। जब पृथ्वी का दक्षिणी गोलार्ध सूर्य की ओर झुका होता है, तो इसका प्रतिक्रियात्मक परिणाम होता है गर्मी का मौसम। दुनिया में सबसे पहले गर्मी का मौसम दक्षिणी गोलार्ध के देशों में शुरू होता है। ये देश हैं ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफीका, ब्राजील, चिली, अर्जेंटीना, और जाम्बिया। यहां पर गर्मी का मौसम 21 दिसंबर से शुरू होता है और 20 मार्च तक चलता है। जब दक्षिणी गोलार्ध में गर्मी होती है, तो उत्तरी गोलार्ध में सर्दी का मौसम रहता है। जैसे ही दक्षिणी गोलार्ध में सर्दी का मौसम शुरू होता है, उत्तरी गोलार्ध में गर्मी का मौसम शुरू हो जाता है, जो 21 जून से लेकर 21 सितंबर तक रहता है। भारत उत्तरी गोलार्ध में स्थित है, इसलिए यहां पर गर्मी का मौसम मार्च से लेकर जून तक होता है। इस समय के दौरान भारत में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है।

## सुशांत मामले में सीबीआई ने रिया और उनके परिवार को दी क्लीनचिट, क्लोजर रिपोर्ट फाइल की

नई दिल्ली (एजेंसी)। फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई ने रिया और उनके परिजनों को क्लीन चिट देते हुए मुंबई कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी है। सुशांत के पिता ने रिया चक्रवर्ती के ऊपर जो आरोप लगाए थे और रिया ने सुशांत के परिवार पर जो आरोप लगाए थे, दोनों केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई है। सीबीआई ने 2020 अगस्त में सुशांत केस टेकओवर करके जांच शुरू की थी। 4 साल की जांच के बाद सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट और सूत्रों के मुताबिक, रिया और उनके परिवार को क्लीन चिट दी गई है। सीबीआई को कोई ऐसा सबूत नहीं मिला, जिससे साबित हो सके कि किसी ने सुशांत को सुसाइड के लिए फोर्स किया था। सुशांत की मौत 2020 में हुई थी। करीब 4 साल 4 महीने के बाद सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट फाइल की गई। सीबीआई ने रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार को क्लीन चिट दे दी है। सीबीआई की जांच के मुताबिक, सुशांत सिंह राजपूत की मौत का कोई जिम्मेदार नहीं है। सुशांत सिंह राजपूत के परिवार के पास विकल्प है कि वे 'प्रोटेस्ट पेटिशन' मुंबई कोर्ट में दाखिल कर सकते हैं। सीबीआई ने एम्स के एक्सपर्ट से सुशांत के सुसाइड केस की जांच करवाई थी। सुशांत सुसाइड केस में एम्स फॉरेंसिक टीम ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया था। जांच से पता चला था चैट्स में कोई छेड़छाड़ नहीं की गई थी। रिया चक्रवर्ती सुशांत की पूर्व गर्लफ्रेंड रही है और खुद सुशांत सुसाइड केस में गृहमंत्री अमित शाह से जांच की मांग कर चुकी है।

# हमें बिखरा हुआ नहीं, बल्कि एकजुट दिखना चाहिए... कपिल सिब्बल ने इंडिया ब्लॉक को दी सलाह




नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को विपक्षी गठबंधन 'भारत' को एक खास सलाह दी। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को सार्वजनिक रूप से 'एकजुट' दिखने की कोशिश करनी चाहिए। इसके साथ ही सिब्बल ने विपक्षी गठबंधन के लिए एक औपचारिक ढांचे की वकालत की जिसमें प्रवक्ता होने चाहिए जो गठबंधन के विचारों को सामने रख सकें।

सिब्बल ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल दलों को भविष्य के लिए एक सुसंगत नीति, वैचारिक ढांचे और कार्यक्रम की आवश्यकता है। हाल में राज्य विधानसभा चुनावों में 'इंडिया' के सहयोगी दलों के बीच हुई तकरार के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा, 'मेरा मानना है कि इसे (इंडिया) एकजुट दिखना चाहिए, न कि बिखरा हुआ जैसा कि यह आम तौर पर दिखाई देता है।' उन्होंने कहा, 'इन्हें (इंडिया में शामिल दलों को) एक सुसंगत नीति, एक सुसंगत वैचारिक ढांचा और भविष्य के लिए एक सुसंगत कार्यक्रम की आवश्यकता है।'

राज्यसभा सदस्य ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'मैं राज्य स्तर या राष्ट्रीय स्तर की बात नहीं कर रहा हूं। राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सोचने के तरीके में एकरूपता होनी चाहिए और जब तक वह तंत्र स्थापित नहीं हो जाता और जब तक गठबंधन के प्रवक्ता नहीं होंगे जो इसके विचारों को सामने रख सकें, मुझे नहीं लगता कि यह बहुत प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकता है।'

यह पूछे जाने पर कि क्या 'इंडिया' गठबंधन के लिए एक औपचारिक राजनीतिक ढांचा होना चाहिए, सिब्बल ने कहा कि वह लंबे समय से यह बात कहते आ रहे हैं। सिब्बल ने हालांकि विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर भरोसा जताया। केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों ने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का गठन लोकसभा चुनाव से पूर्व किया था। मौजूदा बजट सत्र के दौरान पेश किए जा सकने वाले वक्फ (संशोधन) विधेयक और विपक्ष के पास मौजूद विकल्पों के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा कि यह देखना होगा कि राजग गठबंधन के सहयोगी इस मामले में क्या करते हैं क्योंकि भाजपा के पास बहुमत नहीं है। उन्होंने कहा, 'देखते हैं कि उनका रुख क्या है। बिहार में चुनाव होने वाले हैं। मुझे लगता है कि अगर वे विधेयक पेश करते हैं तो उन्हें इस बात की चिंता हो सकती है कि इसका बिहार में चुनाव पर क्या असर पड़ेगा।'

सिब्बल ने कहा, 'इसलिए मुझे नहीं पता कि इसका क्या नतीजा होगा। इसलिए हमें इंतजार करना चाहिए और देखना चाहिए। यदि विधेयक पारित हो जाता है तो निश्चित रूप से इसे चुनौती देने के इच्छुक लोगों के पास विकल्प मौजूद हैं।' विवादित परिसीमन मुद्दे पर सिब्बल ने कहा कि देश की राजनीति के लिए इसके बहुत गंभीर निहितार्थ हैं, इसीलिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बैठक बुलाई और कांग्रेस सहित कई दलों के नेताओं ने इसमें भाग लिया।

## ओडिशा में ओले गिरने से 2 की मौत, 17 राज्यों में बारिश की संभावना

नई दिल्ली। ओडिशा में पिछले 24 घंटों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 67 लोग घायल हो गए और 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में देश के 17 राज्यों में बारिश की संभावना जताई है, जिसमें बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल और नॉर्थ ईस्ट के राज्य शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा के जगतसिंहपुर, कटक, ढेंकनाल, अंगुल, देवगढ़ और सुंदरगढ़ जिलों में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने और ओले पड़ने की आशंका है। वहीं, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, मयूरभंज और क्योंझर जिलों में भारी बारिश (7 से 11 सेमी) और आंधी की चेतावनी जारी की गई है।

**राजस्थान में 25 मार्च से बदल जाएगा मौसम**

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और उत्तरी हवा चलने से तापमान सामान्य बना हुआ है। शुक्रवार को प्रदेशभर में गर्मी से राहत मिली और सभी शहरों में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 25 मार्च से पश्चिमी हवा का प्रभाव बढ़ेगा, जिससे तापमान में वृद्धि होगी और गर्मी तेज होने लगेगी।

**मध्यप्रदेश में अब बढ़ जाएगा तापमान**

मध्यप्रदेश में रविवार से बारिश और ओले गिरने का सिलसिला थमने की संभावना है। अगले तीन दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 25-26 मार्च से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जो प्रदेश के मौसम को प्रभावित करेगा।

## लद्दाख में चीन के अवैध निर्माण पर भारत सख्त, कूटनीतिक विरोध दर्ज

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने संसद में जानकारी दी कि चीन ने लद्दाख से सटे इलाके में दो नए कस्बे (काउंटी) बसाए हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित जवाब में कहा कि भारत चीन के अवैध कब्जे को स्वीकार नहीं करता और इस मुद्दे पर कड़ा कूटनीतिक विरोध जताया गया है।

गौरतलब है कि चीन ने पिछले साल दिसंबर में होटान प्रांत में दो नई काउंटी, हेआन और हेकांग, बनाने की घोषणा की थी। भारत ने इस पर तत्काल आपत्ति जताई थी, क्योंकि इन इलाकों का कुछ हिस्सा लद्दाख का अभिन्न अंग है।

भारत सरकार ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि चीन का यह दावा पूरी तरह अवैध है और इससे भारत की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत ने चीन की इस हरकत पर औपचारिक आपत्ति जताई है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसे उठाने की रणनीति बनाई जा रही है। इससे पहले भी चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर एक बड़ा बांध बनाने की योजना की घोषणा की थी, जिस पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।

**सीमा क्षेत्र में भारत का इन्फास्ट्रक्चर विकास जारी**

भारत सरकार सीमा से सटे इलाकों में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। सड़क, पुल और हवाई पट्टी का निर्माण तेज किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना और रणनीतिक मजबूती बढ़ाना है। भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि चीन की यह गतिविधियां न तो मान्य हैं और न ही इनका कोई असर भारत की स्थिति पर पड़ेगा।

**क्या है चीन की काउंटी प्रणाली?**

चीन में काउंटी एक प्रशासनिक इकाई होती है, जिसे श्येन कहा जाता है। यह भारत की नगरपालिका के समान होती है, जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्र दोनों शामिल हो सकते हैं।

# बिहार में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने खड़गे और राहुल 25 को करेंगे अहम बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने हिंदी बेल्ट के दो प्रमुख राज्यों, उत्तर प्रदेश और बिहार, में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए खास कदम उठाए हैं। हालांकि, इन दोनों राज्यों में पार्टी फिलहाल क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन में है, लेकिन वह अपनी जमीनी मौजूदगी और संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। खासकर बिहार में, जहां कांग्रेस लंबे समय से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के साथ गठबंधन में रही है, वहां पार्टी अपनी स्वतंत्र पहचान को भी मजबूत करना चाहती है।

लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को बिहार में तीन और उत्तर प्रदेश में छह सीटें मिली थीं। इन सीटों ने पार्टी में नई उम्मीद जगाई है। इसी कारण कांग्रेस नेतृत्व बिहार पर विशेष ध्यान दे रहा है। हाल ही में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दो बार बिहार का दौरा किया है और अब 25 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी बिहार कांग्रेस को लेकर एक अहम बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों और संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा होगी।



**बिहार कांग्रेस में नए चेहरे और नेतृत्व परिवर्तन**

बिहार में कांग्रेस संगठन को नया स्वरूप देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राहुल गांधी ने अपने करीबी और युवा नेता कृष्णा अलावरू को बिहार कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया है। इसके अलावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर भी बदलाव किया गया है। भूमिहार नेता अखिलेश प्रसाद सिंह की जगह दलित नेता राजेश कुमार को बिहार कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया गया है।

राहुल गांधी देशभर में जातिगत जनगणना को लेकर अभियान चला रहे हैं, और बिहार कांग्रेस की कमान दलित नेता को सौंपने को इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इससे कांग्रेस समाज के एक बड़े वर्ग को साधने का प्रयास कर रही है।

**युवा नेतृत्व और कन्हैया कुमार की भूमिका**

कांग्रेस ने बिहार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए युवा नेताओं को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है। खासतौर पर कन्हैया कुमार को अहम जिम्मेदारी दी गई है। कन्हैया बिहार में 'पलायन रोको, रोजगार दो' अभियान के तहत पदयात्रा कर रहे हैं, जिसे जनता से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। कन्हैया कुमार को प्रदेश कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई का प्रभारी भी बनाया गया है। हालांकि, उनके बढ़ते कद से पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता असहज महसूस कर रहे हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने शुरू में कन्हैया की भूमिका को लेकर असहमति जताई थी, लेकिन उन्हें अंततः पार्टी के फैसले को स्वीकार करना पड़ा।

**पप्पू यादव को अहम जिम्मेदारी मिलने के संकेत**

बिहार में कांग्रेस अपनी स्वतंत्र स्थिति को मजबूत करने के लिए पप्पू यादव को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप सकती है। पप्पू यादव की आरजेडी के साथ पुरानी राजनीतिक खींचतान रही है, और कांग्रेस इस समीकरण को अपने पक्ष में इस्तेमाल करने की योजना बना रही है।

**आरजेडी के साथ गठबंधन और भविष्य की रणनीति**

फिलहाल कांग्रेस बिहार में आरजेडी के साथ गठबंधन में बनी हुई है, लेकिन पार्टी अपनी मजबूत जमीनी पकड़ के आधार पर आगामी चुनावों में सम्मानजनक सीट बंटवारे की उम्मीद कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस के इस नए प्रयोग से बिहार में उसकी स्थिति मजबूत हो सकती है।

## मैं भी बनना चाहता हूं सीएम, तीन महीने में खत्म कर दूंगा भ्रष्टाचार

**-पूर्णिया सांसद ने नीतीश को खलनायक बताने पर आरजेडी पर हमला बोला**



पटना (एजेंसी)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार को राजद द्वारा खलनायक बताए जाने पर आरजेडी और कांग्रेस के बीच का मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव पर हमला बोला है। यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नीतीश कुमार के साथ दो-दो बार सरकार में थे और अभी गठबंधन टूटे हुए एक साल भी नहीं हुआ है। उस दौरान सदन में महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया गया था, तब इन लोगों ने चुप्पी साध ली थी। तब पीएम मोदी ने भी आपत्ति जताई थी।

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि आरजेडी का यह कृत शर्मनाक है। राजनीति में मर्यादा बरकरार रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने जिससे सदन में राजनीति सीखी उसके खिलाफ ऐसे पोस्टर नहीं लगाने चाहिए। पप्पू यादव ने लालू प्रसाद यादव की बीमारी का हवाला देते हुए कहा कि वह भी कई मुद्दों पर बहक जाते हैं इसका मतलब उन्हें लेकर भी राजनीति की जाए?

सांसद पप्पू यादव ने कहा कि मुद्दों की राजनीति होनी चाहिए न कि इस तरह की शर्मनाक राजनीति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला, विशेष पैकेज नहीं दिया गया, पलायन नहीं रुका इन सब मुद्दों को क्यों नहीं उठाया जा रहा है। बता दें शनिवार को पटना आरजेडी कार्यालय के बाहर सीएम नीतीश कुमार का पोस्टर लगाया गया था जिसमें लिखा था में हूं खलनायक जिसको लेकर पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने आरजेडी पर हमला बालो है।

वही जब पप्पू यादव से पूछा गया कि क्या तेजस्वी यादव को इंडी गठबंधन में सीएम उम्मीदवार के रूप आप पसंद करेंगे तो इस पर उन्होंने दो टूक जवाब दिया कि उन्हें (पप्पू) को भी सीएम बनने का शौक है, लेकिन कांग्रेस को दरकिनार करके कोई सीएम नहीं बन सकता है। उन्होंने आगे कहा कि अगर वह मुख्यमंत्री बनते हैं तो वे तीन महीने के अंदर भ्रष्टाचार को समाप्त करेंगे, किसी भी कीमत पर दंगा नहीं होने देंगे और प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक नहीं होने देंगे। उन्होंने लालू यादव पर भी निशाना साधा और कहा कि खुद को किंग मेकर कहने वाले लोग जब यह कहते है कि हमने देवगौड़ा और गुजराल को पीएम बनाया तो उस वक्त 65 फीसदी आरक्षण क्यों नहीं लिया, निजी क्षेत्र में आरक्षण क्यों नहीं लागू करवा पाए।

## दिल्ली पुलिस का खुलासा: बांगलादेशियों की भारत में गतिविधियों पर नजर

**- बांग्लादेशी नागरिक भारतीय दस्तावेज हासिल कर कई तरह के रोजगार में शामिल हैं**

नई दिल्ली (एजेंसी)। पुलिस ने हाल ही में 18 बांग्लादेशी रिमोट नेटवर्क के सदस्यों को दबोचा है, जिनका आरोप है कि वे भारत में खिलवाड़ कर रहे हैं। यह गिरफ्तारी कार्रवाई दिल्ली से लेकर बांग्लादेशी सीमा तक कई राज्यों में तहकीकात करा रही है। बांग्लादेशी नागरिकों की भारतीय पहचान के खिलाफ धारा 420, 467, और 468 के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने 18 बांग्लादेशियों की गिरफ्तारी के बाद दावा किया है कि बांग्लादेशियों की मदद करने वाले भारतीय नेटवर्क के लिए बड़ी समस्या बनने वाली है। पुलिस की टीमें बांग्लादेशी बॉर्डर से लेकर तमाम राज्यों में फैले बांग्लादेशी नेटवर्क का पता लगाने में जुट गई हैं। कई भारतीय विदेशी करेंसी एजेंट भी पुलिस के निशाने पर हैं। पुलिस की जांच में सामने आया कि बांग्लादेशी नागरिक भारतीय दस्तावेज हासिल कर अस्पताल, कैब ड्राइवर से लेकर अन्य कई तरह के रोजगार में शामिल है। एक बांग्लादेशी नागरिक तो भारतीय पासपोर्ट पर 22 बार विदेश यात्रा भी कर चुका था। साउथ डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉयड (एएटीएस) ने बांग्लादेशी नेटवर्क को पकड़ा तो खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर इन्हें न सिर्फ भारतीय संरक्षण हासिल है बल्कि उनके द्वारा कमाए गए रुपये को उनके परिजनों तक बांग्लादेश भेजने के लिए विदेशी करेंसी एजेंट से लेकर निजामुद्दीन दरगाह का एक कर्मचारी भी सक्रिय है। एनसीआर में हाल में पकड़े गए बांग्लादेशी नेटवर्क को भी पुलिस ध्यान में रखकर अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने सबसे पहले आरोपी ज्वेल इस्लाम नामक एक बांग्लादेशी को दबोचा जिसके पास भारतीय आधार कार्ड था। जांच में पता चला कि वह 2021 में भारत आया और कुछ दिन रहने के बाद फिर से वापस लौट गया। उसके बाद 2023 में वह दोबारा भारत आया। पूछताछ में ज्वेल इस्लाम ने खुलासा किया कि उसका भाई आलमगीर 2007 में भारत आया था। यहां उसने भारतीय महिला से शादी की और अपने बच्चों का सरकारी स्कूल में एडमिशन कराया। इस आधार पर उसके भाई को दबोचा गया। इसके बाद पुलिस ने क्लीनर का काम करने वाले मो. लतीफ खान और उसके भाई मो. नदीम को दबोचा। इसी क्रम में डिफेंस कॉलोनी स्थित एक अस्पताल में काम करने वाले रबीउल के साथ कोटला मुबारकपुर में कबाड़ी का काम करने वाले मो. मिजानुर रहमान को पकड़ा गया। कैब ड्राइवर का काम करने वाले मो. रेजाउल को भी पुलिस टीम ने दबोचा। वह भारतीय महिला से शादी कर भारतीय पासपोर्ट पर 22 बार बांग्लादेश जा चुका था। कमरुज्जमां नामक बांग्लादेशी जोमैटो में डिलिवरी बॉय का काम कर रहा था। डीसीपी के अनुसार, बांग्लादेशी नागरिकों को शरण देने, उनके पहचान संबंधी फर्जी दस्तावेज तैयार करने और हवाला के जरिए रुपये बांग्लादेश भेजने के आरोप में 8 भारतीय नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में भी बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान भी होने की उम्मीद है।

# चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर पानी और बर्फ की खोज की दिशा में बढ़ाया कदम

**-चंद्रमा पर इंसानों के जीवन की संभावना की उम्मीद जगी**

नई दिल्ली (एजेंसी)। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर पानी और बर्फ की खोज की दिशा में एक अहम उपलब्धि हासिल की है। चंद्रमा की सतह तापीय भौतिकी प्रयोग से पानी और बर्फ की खोज में एक कदम बढ़ा दिया है। विक्रम लैंडर द्वारा किए गए इस प्रयोग ने चांद की उच्च अक्षांश वाली मिट्टी से असाधारण इन-सीटू तापमान माप प्रदान किए हैं, जिससे चांद के तापीय वातावरण के साथ पानी और बर्फ के जमा होने की संभावना जागी है।

इसरो के भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के दुर्गा प्रसाद ने मीडिया को बताया कि पानी और बर्फ का पता लगाना चंद्रमा पर इंसानों के जीवन की संभावना और आगे बढ़ने का एक अहम कदम है। चांद के तापमान न केवल पानी और बर्फ को निर्धारित करते हैं, बल्कि यह अन्य वैज्ञानिक और अन्वेषण पहलुओं को भी प्रभावित करते हैं।।

चंद्रयान-3 मिशन से नई जानकारी को एक पत्रिका में प्रकाशित भी किया गया है। चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में तापमान मापे हैं जो कि अपेक्षित 330के से 25के ज्यादा था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह वृद्धि लैंडर के सूरज की ओर झुके 6 डिग्री के स्थानीय ढलान पर स्थित होने के कारण बनी है। अवलोकनों के आधार पर टीम का कहना है कि 14 डिग्री से ज्यादा ढलान वाले बड़े पोलर क्षेत्रों में पानी और बर्फ के स्थिर जमा होने की संभावना है। ये क्षेत्र कम सौर विकिरण प्राप्त करते हैं और इसलिए तापमान कम बनाए रखते हैं, जिससे वे भविष्य के चांदी अन्वेषण और संभावित मानव जीवन के लिए ज्यादा उपयुक्त हैं।

चांद पर पानी की खोज और इसके संभावित उपयोग के लिए कई देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां नजरें गड़ाए हुए हैं। चंद्रयान-3 से प्राप्त परिणाम भविष्य के चांद मिशनों और स्थायी मानव जीवन की संभावनाओं को आकार देने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**